CMYK

अधिकतम :31° C
न्यूनतम: 18° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 75 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 | 14 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सैनिकों को मिले सम्मान जिसके हैं वे हकदार: राहुल गांधी पेज 2



पंजाब किंग्स का हरफनमौला संतुलन रंग लाएगा खेल टाइम्स



सुधार या बोझ? आम आदमी की जेब पर लगातार पड़ता भार सम्पादकीय



अमेरिका ने जमीनी हमला किया, तो कोई जिंदा नहीं बचेगा: ईरान पेज 12

## मालदा मामले पर CJI सख्त

### एसआईआर प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया

### पूछा: मालदा के डीएम-एसपी क्यों नहीं गए, ये अदालत को चुनौती देने जैसा, बंगाल सरकार को भी लगाई फटकार, वरिष्ठ अफसरों को नोटिस जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाओं पर गंभीर रुख अपनाया है। इसे ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के मनोबल को प्रभावित कर' और न्यायालय के अधिकार को चुनौती करार दिया।

इस मामले पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने स्वत: संज्ञान लेते हुए सख्त टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के डीएम और पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रवैये पर भी सख्त टिप्पणी की। न्यायालय ने राज्य में बुधवार को हुई घटनाओं के संबंध में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मिले खत के आधार पर इस मामले को बेहद जरूरी बताते हुए संज्ञान में लिया।सीजेआई सूर्यकांत ने पूछा कि दोनों अधिकारी मौके पर क्यों नहीं पहुंचे। सात न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाकर रखे जाने का ये मामला बेहद गंभीर है।



सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती कराए। कोर्ट ने सभी स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू करने, आम लोगों की आवाजाही सीमित करने और अधिकारियों और उनके परिवारों को किसी भी खतरे का तत्काल आकलन करने का आदेश दिया है।

### कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा अपील किए जाने के बाद अफसरों को मुक्त कराया जा सका

**नई दिल्ली।** तीन महिला अधिकारियों सहित 7 न्यायिक अधिकारी मालदा जिले के एक गांव में एसआईआर न्यायिक- निर्णय संबंधी कार्यों को पूरा कर रहे थे, तभी ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। इन अधिकारियों को दोपहर 3:30 बजे से आधी रात तक बंधक बनाकर रखा गया और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा राज्य प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील किए जाने के बाद ही उन्हें मुक्त कराया जा सका। पीठ ने इस घटना पर गहरी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का सभी पक्षों द्वारा स्वागत किया जाना चाहिए, क्योंकि वे तटस्थ एजेंट के रूप में कार्य करते हैं, लेकिन अब उन्हें भी हमलों से नहीं बख्शा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ये मामला अदालत को चुनौती देने जैसा है। कोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को भी फटकार लगाई। सीजेआई ने कहा कि मालदा में हुई हिंसा की घटना न्यायपालिका पर दबाव बनाने के साथ-साथ कानून-व्यवस्था को भी चुनौती देने की तरह है। कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने के मामले में सरकार के रवैये को लचर बताया और कहा कि इस मामले में तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस घटना को न्याय प्रशासन में बाधा डालने की सुनियोजित और दुस्साहसी कोशिश करार दिया। कोर्ट ने कहा कि सात न्यायिक अधिकारियों, जिनमें तीन महिला अधिकारी भी शामिल हैं, को घंटों तक बिना सुरक्षा, भोजन और पानी के छोड़ दिया गया, जबकि राज्य प्रशासन को पहले से सूचना दी गई थी। अदालत ने इस मामले में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों- मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उनके रवैये को बेहद निंदनीय बताते हुए पूछा है कि समय रहते प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाए गए।

## बंगाल में मतदाता सूची पर बवाल मालदा में विरोध प्रदर्शन जारी

### ईसी अफसरों पर आरोप, वैध कागज पर भी काट रहे नाम



कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** के मालदा में गुरुवार सुबह से एक नया विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। इस बार पुराने मालदा ब्लॉक के मंगलबाड़ी इलाके में। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वैध दस्तावेज होने के बावजूद उनके कई नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

गुरुवार को रात में कुछ घंटों के लिए खोले जाने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 को फिर से अवरुद्ध कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने टायरों में आग लगा दी और सड़क को बांस से अवरुद्ध कर दिया। स्थिति पर नजर रखने के लिए मालदा पुलिस स्टेशन की पुलिस टीमों और सीएपीएफ के जवानों को नाकाबंदी स्थल पर तैनात किया गया है। बुधवार को कालियाचक प्रदर्शन में उठाई गई मांगों को

- राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 को जाम कर प्रदर्शनकारियों ने टायरों में लगाई आग
- प्रदर्शन के मद्देनजर राज्य राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर पुलिस की चौकियां स्थापित की गई

लेकर गुरुवार को पुराने मालदा ब्लॉक में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सभी वैध दस्तावेज होने के बावजूद मतदाता सूची से उनके नाम हटाए जाने के विरोध में वे प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार सुबह से ही मालदा के विभिन्न इलाकों में लोग अपने नाम हटाए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग काफी देर तक अवरुद्ध रहा और न्यायिक अधिकारियों को भी घेर लिया गया। बाद में देर रात उन्हें रिहा कर दिया गया। बुधवार रात को मालदा के कालियाचल में जमा हुई भीड़ सुबह से वहां नजर नहीं आई। लोग सुबह से सड़कों पर निकलने भी लगे हैं। हालांकि, दबा हुआ तनाव अभी भी बरकरार है। गुरुवार सुबह से ही उन इलाकों में पुलिस ने चौकियां लगा रखी हैं, जहां रात में विरोध प्रदर्शन हुए थे। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 और मालदा-मोथाबारी राज्य राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर पुलिस की चौकियां स्थापित की गई हैं। इलाके में सुबह से ही पुलिस की मौजूदगी साफ तौर पर देखी जा सकती है। पुलिस के मुताबिक, खुफिया शाखा को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी समेत पांच राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों में अगले तीन दिन मौसम में बदलाव रहेगा। मध्य प्रदेश के 30 और उत्तर प्रदेश के 40 जिलों में बारिश का अलर्ट है। बुधवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ और अमेठी समेत 20 शहरों में बारिश हुई। दिल्ली में गुरुवार सुबह बादल छाए रहे। इधर, राजस्थान में 2 अप्रैल से फिर एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। इससे एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होने का अलर्ट है। राज्य में पिछले 24 घंटे में 10 जिलों के मौसम में दोपहर बाद बदलाव देखने को मिला। हरियाणा में बारिश और ओले गिरने से 7 जिलों में फसलों को नुकसान पहुंचा। वहीं 100 गांवों में गेहूं, सरसों और चने की खड़ी फसलें खराब हो गईं। उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग की सोनप्रयाग घाटी में ओले गिरे और केदारघाटी में बारिश हुई।

### जग्गी हत्याकांड: अजीत जोगी का बेटा अमित दोषी करार

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को दोषी करार दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने उन्हें तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। सीबीआई के साक्ष्य को स्वीकार करते हुए फैसला सुनाया गया है। वहीं फैसले पर अमित जोगी ने कहा कि हाईकोर्ट ने पूरी सुनवाई का मौका दिए बिना उन्हें दोषी ठहरा दिया, जो उनके लिए अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि उनके साथ अन्याय हुआ है। सुनवाई के दौरान सतीश जग्गी ने कोर्ट को बताया कि उनके पिता की हत्या एक राजनीतिक साजिश के तहत कराई गई थी। सीबीआई ने 11 हजार पन्नों की चार्जशीट पेश की थी, जिसमें हत्या से जुड़े पर्याप्त साक्ष्य शामिल हैं। इन तथ्यों के आधार पर हाईकोर्ट ने सीबीआई की अपील स्वीकार करते हुए अमित जोगी को सरेंडर करने का आदेश दिया।

### दिल्ली हाईकोर्ट में एएनआई- ओपन एआई केस का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एएनआई और ओपन एआई से जुड़े मामले में सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एएनआई ने ओपन एआई पर चैटजीपीटी को ट्रेन करने के लिए उसकी खबरों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। एएनआई का आरोप है कि ओपन एआई ने वेब टूल्स के माध्यम से उसका कंटेंट इकट्ठा किया और बिना परमिशन- भुगतान उसकी खबरों का इस्तेमाल कर चैटजीपीटी को ट्रेन किया। एएनआई के मुताबिक यह फेयर डीलिंग के नियमों में नहीं आता, क्योंकि इसका उपयोग कमाई और व्यवसाय के लिए किया जा रहा है। ओपन एआई ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि सिस्टम सिर्फ इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी से पैटर्न सीखता है। मॉडल पूरा आर्टिकल कॉपी नहीं करता। ओपन एआई ने कहा कि आगे की ट्रेनिंग के लिए एएनआई की वेबसाइट ब्लॉक कर दी गई है। इस मामले का सबसे बड़ा मुद्दा भारतीय कानून में फेयर डीलिंग की सही व्याख्या है।

## आई-पीएसी के दिल्ली बेंगलुरु व हैदराबाद के ठिकानों पर ईडी की रेड

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को पॉलिटिकल कंसल्टेंट कंपनी आई-पीएसी के तीन ठिकानों पर छापेमारी की। टीम दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद में कंपनी के दफ्तरों पर कार्रवाई कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, छापेमारी कोयला चोरी और घोटाले से जुड़े मामले में हो रही है।

कंपनी के को-फाउंडर और डायरेक्टर ऋषि राज सिंह के ठिकाने भी इस कार्रवाई के दायरे में हैं। आई-पीएसी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के लिए चुनाव मैनेजमेंट का काम देखती है। आई-पीएसी और उसके डायरेक्टर पर करोड़ों रुपये के

- कोयला घोटाले से जुड़ा मामला, कंपनी ममता की पार्टी टीएमसी का चुनाव मैनेजमेंट देख रही

कोयला चोरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस मामले में सीबीआई ने 27 नवम्बर 2020 को एफआईआर दर्ज की थी। पूरा मामला करीब 2,742 करोड़ रुपये से जुड़ा है। इससे पहले जनवरी में ईडी ने कोलकाता में आई-पीएसी के दफ्तर और डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की थी। हाल ही में ईडी ने सिंह और जैन को बयान दर्ज कराने के लिए समन भेजा था।

### पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट का निर्णय

**नई दिल्ली।** सरकार ने ईरान की लड़ाई और उसके परिणामस्वरूप वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधानों को देखते हुए 30 जून, 2026 तक महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है। वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि घरेलू उद्योग के लिए महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल सामग्री की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और उनको कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल करने वाले क्षेत्रों पर लागत के दबाव को कम करने और देश में आपूर्ति स्थिरता को सुरक्षित रखने के लिए यह उपाय एक अस्थाई और लक्षित राहत के रूप में लागू किया जा रहा है। सरकार के अनुसार इस छूट से पेट्रो रासायनिक कच्चे माल और मध्यवर्ती पदार्थों पर निर्भर विभिन्न क्षेत्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

## रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 38424 करोड़ के सर्वोच्च स्तर पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक के सर्वोच्च स्तर 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार एक वक्तव्य में कहा कि यह राशि पिछले वित्त वर्ष के 23,622 करोड़ रुपये के आंकड़े से 14,802 करोड़ रुपये (62.66 प्रतिशत) अधिक है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों और निजी क्षेत्र का योगदान क्रमश: 54.84 प्रतिशत और 45.16 प्रतिशत रहा है।

मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय रक्षा उद्योग की यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विश्व के शीर्ष रक्षा निर्यातकों में



- 62.66 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी

स्थान दिलाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन विभाग, भारतीय रक्षा निर्यातकों और अन्य सभी हितधारकों के इस अनुकरणीय प्रदर्शन की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि भारत रक्षा उपकरणों का वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व में भारत रक्षा निर्यात में प्रभावशाली सफलता की कहानी लिख रहा है।

### बीओआई के पूर्व प्रबंधक व सहयोगी को 7 साल की सजा

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के भोपाल में केंद्रीय जांच ब्यूरो की एक विशेष अदालत ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) के पूर्व वरिष्ठ शाखा प्रबंधक और उसके सहयोगी को सात साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने जेल की सजा सुनाते हुए दोनों आरोपियों-पीयूष चतुर्वेदी (जो उस समय बीओआई की मिसरोद शाखा, भोपाल के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक थे) और मोहन सिंह सोलंकी (एक निजी व्यक्ति) पर 60,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सीबीआई ने 2016 में बीओआई के क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के तत्कालीन उप क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा दायर एक लिखित शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था।

## युद्ध के चलते तेजस के इंजन की सप्लाई रुकी

### अमेरिकी कंपनी को डिलीवरी देनी है, अब साल के अंत में आएंगे इंजन

शा ह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मिडिल-ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण भारत के बहुप्रतीक्षित लड़ाकू विमान तेजस के इंजन की सप्लाई रुक गई है। इन विमानों के इंजन सप्लाई करने वाली अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को कह दिया है कि अभी सप्लाई नहीं दे पाएंगे। भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि अब साल के अंत तक ही इंजन मिलने की उम्मीद है।

एचएएल ने मार्च 2026 तक 24 तेजस विमान वायुसेना को देने का वादा किया था, लेकिन, एचएएल में खड़े 9 तेजस एमके 1ए विमान इंजन के अभाव में वायुसेना को नहीं मिल पा रहे हैं। जबकि 5 विमान पूरी तरह तैयार हैं। 19 विमानों के एयर फ्रेम भी तैयार हैं। यदि आपूर्ति बहाल होती है तो इस साल 24 और अगले साल तक 30 इंजन मिल जाएंगे।

9000 करोड़ की 113 इंजनों की डील पर कंपनी आगे बढ़ पाएगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने करीब 5 महीने पहले अमेरिकी



कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ 1 अरब डॉलर (करीब 8,870 करोड़) की डील की थी। इससे पहले फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1। खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया है। उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। इसके लिए एचएएल को जीई की ओर से अभी तक 4 इंजन भी मिल चुके हैं।

एलसीए तेजस मार्क-1। लड़ाकू विमान को पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे। तेजस मार्क-1। के 65 फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। मार्क 1।, सिंगल इंजन वाले तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। यह चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जो कम वजन के बावजूद बेहद फुर्तीला है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। तेजस के पुराने वर्जन को भी एचएएल ने

- एचएएल ने मार्च 2026 तक 24 तेजस विमान वायुसेना को देने का किया था वादा
- 9 तेजस एमके 1ए विमान इंजन के अभाव में वायुसेना को नहीं मिल पा रहे

डेवलप किया है। इसे एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) और डीआरडीओ की मदद से बनाया गया है। इसे हवा, पानी और जमीन पर हमलों के लिए डिजाइन किया गया है। यह मुश्किल हालात में भी अपने टारगेट को निशाना बना सकता है। मार्क-1। एयरक्राफ्ट वायुसेना के मिग-21 के बेड़े का रिप्लेसमेंट है। मिग-21 26 सितम्बर को रिटायर हो चुका है। इसने 62 साल की सर्विस के दौरान 1971 युद्ध, कारगिल और कई बड़े मिशन में अहम भूमिका निभाई थी।

## शासन प्रणाली को निरंतर अद्यतन किए जाने की जरूरत: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य के साथ सार्वजनिक सेवाओं के तालमेल की आवश्यकता पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि भारत तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच तेजी से प्रगति कर रहा है और उसे अपनी शासन प्रणाली को निरंतर अद्यतन करते रहना होगा।

श्री मोदी ने गुरुवार को क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर कर्मयोगी साधना सप्ताह को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कर्मयोगी साधना सप्ताह, यह सुनिश्चित करने के प्रयास में एक महत्वपूर्ण कड़ी है कि हमारी सार्वजनिक सेवा 21वीं

- कहा: भारत तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच तेजी से प्रगति कर रहा

सदी में प्रासंगिक और उत्तरदाई बनी रहे। श्री मोदी ने मौजूदा शासन के मार्गदर्शक सिद्धांत पर विस्तार से बात करते हुए कहा कि प्रशासन का मूल मंत्र नागरिक देवो भव: है, जिसका अर्थ है नागरिक को सर्वोपरि मानना। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोक सेवा को अधिक सक्षम और नागरिकों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने के लिए पुनर्परिभाषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन को सही मायने में नागरिक-केंद्रित बनाकर उसे एक नई पहचान दी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### दादरी रैली के बाद बदली सरकार की भाषा : अखिलेश

**लखनऊ (ब्यूरो)।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि दादरी की रैली के बाद भाजपा सरकार की भाषा ही बदल गई है और भाजपा अब अपने कामों को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। यादव ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में आरोप लगाया कि भाजपा अब मेट्रो और रिवर फ्रंट जैसी परियोजनाओं का श्रेय लेने की कोशिश कर रही है, जबकि ये काम सपा सरकार के दौरान शुरू हुए थे। उन्होंने कहा कि जनता पूछ रही है कि भाजपा सच बोल रही है या 'असर' का 'असर' दिखाने की कोशिश कर रही है। भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था बढ़ी है।

### कफ सिरप तस्करी मामले में छह पकड़े

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के चर्चित कफ सिरप तस्करी मामले में बुधवार को वाराणसी की कोतवाली पुलिस और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हवाला के 42 लाख रुपये, नोट गिनने की तीन मशीनें और दस मोबाइल फोन बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों में नई दिल्ली के मूल निवासी अशोक, राजस्थान के बीकानेर निवासी मोहित, राम अवतार, गिरधारी, गाजीपुर निवासी संतोष गिरी और बलिया निवासी ओम प्रकाश शामिल हैं। इन सभी के नाम सरगना शुभम जायसवाल के करीबी हवाला कारोबारी वैभव जायसवाल की गिरफ्तारी के बाद सामने आए। पूछताछ में पता चला कि ये सभी हवाला कारोबार और कफ सिरप तस्करी से अर्जित अवैध धन के हेर-फेर के नेटवर्क को संचा. लित करते थे। जैतपुरा थाना क्षेत्र के संजय गांधी नगर कॉलोनी में इन्होंने अपने काले कारोबार का पूरा अड्डा बना रखा था।

## सैनिकों को मिले सम्मान, जिसके हैं वे हकदार: राहुल गांधी

# पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ 72 लाख से भी अधिक पूर्व सैनिक और उनके परिवार स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस योजना पर निर्भर हैं

■ यदि कोई सैनिक सेवा में है, तो उसकी विकलांगता पेंशन पर टैक्स लगाया जाएगा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार पूर्व सैनिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है जिसके कारण उनका संकट लगातार गहराता जा रहा है।

गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सरकार उन पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही है जिन्होंने देश की सेवा की है। सरकार को पूर्व सैनिकों को वह सारी सुविधाएं देनी चाहिएए जिसके वे हकदार हैं। कांग्रेस नेता ने पूर्व सैनिकों से हुई एक मुलाक. ात का हवाला देते हुए कहा कि जनसंसद में कुछ दिन पहले देश की रक्षा में घायल होने वाले पूर्व सैनिकों से मुलाकात हुई। उन्होंने एक्स सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम में प्रतिपूर्ति में देरी, दवाइयों की कमी, अस्पतालों का इलाज से इनकार या बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण योजना से बाहर हो जाने जैसी गंभीर कमियों के बारे में बताया। मैंने जब यह मुद्दा संसद में उठाया, तो मोदी सरकार ने मेरे सवालों को टालने की कोशिश की। कैग ने कहा है कि ईसीएचएस को पर्याप्त धनराशि नहीं मिल रही है, लेकिन सरकार ने यह जवाब देने से मना कर दिया। विकलांग पूर्व सैनिकों के लिए टैक्स छूट से जुड़े मेरे सवाल को भी नजरअंदाज कर दिया।

इसी बीच वित्त विधेयक में यह प्रस्ताव रखा गया है कि यदि कोई सैनिक सेवा में बना रहता है, तो उसकी विकलांगता पेंशन पर टैक्स लगाया जाएगा। यह कदम उन सैनिकों को सजा देने जैसा है जो देश की सेवा जारी रखते हैं।

### असम के सीएम हिमंता भ्रष्टाचारी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने असम विधानसभा चुनाव में अपने प्रचार अभियान में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार देते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने यह भी कि राज्य में नफरत और डर का माहौल बनाया जा रहा है, जबकि असम की पहचान आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता से रही है। उन्होंने महान हस्तियों की विरासत का उल्लेख करते हुए लोगों को जोड़ने और प्रेम का संदेश आगे बढ़ाने की बात कही।

### विपक्ष की सशस्त्र पुलिस बल विधेयक जेपीसी को भेजने की मांग

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष ने कहा है कि सशस्त्र पुलिस बल विधेयक सरकार जल्दबाजी में लाई है और इसमें गहनता से विचार करने की आवश्यकता है इसलिए विधेयक को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेजा जाना चाहिए। लोकसभा में कांग्रेस के हरीश चंद्र मीणा ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक 2026 पर चर्चा की शुरुआत करते हुए गुरुवार को कहा कि विधेयक को जिस तरह से पेश किया गया है वह जल्दबाजी में लाया गया प्रतीत होता है।

# जरूरतमंद को आवास, बीमार को इलाज प्राथमिकता: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**



■ साथ आए बच्चों को चॉकलेट देकर पढ़ने को प्रेरित किया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने जरूरतमंदों को आवास और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए हर संभव आर्थिक सहायता देने का भरोसा दिलाया।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने बैठे लोगों के बीच पहुंचकर एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक तरीके से किया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई, जिस पर मुख्यमंत्री ने उसे सरकारी आवास योजना के तहत घर दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद मांगने आए लोगों से उन्होंने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जरूरतमंद मरीजों के इलाज का इस्टीमेट जल्द तैयार कर उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें शीघ्र मदद मिल सके। उन्होंने आए बच्चों को चॉकलेट देकर उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# ऐलान की तारीख से ही तलाक मान्य: इलाहाबाद हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



■ बड़ा फैसला सुनाया, मुस्लिम महिलाओं को राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत तलाक को लेकर बड़ा और महत्वपूर्ण फैसला दिया है, जिसमें कोर्ट ने कहा कि जिस दिन पति तलाक का ऐलान करता है, उसी तारीख से तलाक प्रभावी माना जाएगा। बाद में अदालत द्वारा दिया गया कोई भी आदेश केवल घोषणात्मक होता है, जोकि तलाक की पुष्टि करता है।

यह आदेश तलाक की मूल तारीख से ही जुड़ा माना जाएगा और इससे कोई नया तलाक नहीं बनता। कोर्ट का यह फैसला उन मुस्लिम महिलाओं के लिए बड़ी राहत है, जिनकी दूसरी शादी तलाक की घोषणा के बाद हुई हैं। यानि अब उन्हें पति से हर्जाना मिल सकता है। कोर्ट में जस्टिस मदन पाल सिंह की सिंगल बेंच ने यह मामला सुना और फैसला दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मोहम्मदिया कानून के मुताबिक पति द्वारा तलाक का ऐलान करने की तारीख से ही माना जाता है। कोर्ट का बाद का आदेश केवल उसकी पुष्टि करता है न कि नई तलाक की तारीख, इसलिए डिक्री की तारिख को तकनीकी आधार बनाकर महिला को उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता है। बता दें कि हुमायरा रियाज ने प्रयागराज के परिवार न्यायालय के उस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें सीआरपीसी की धारा 125 के तहत उनके दूसरे पति से खुद के भरण-पोषण की अर्जी खारिज कर दी गई थी। हालांकि परिवार न्यायालय ने उनके दो नाबालिग बेटों के भरण-पोषण का आदेश दिया था।

# यूपी में 11 परियोजनाओं को दी मंजूरी

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने प्रदेश के रियल एस्टेट सेक्टर को गति देते हुए 3,212.63 करोड़ की लागत वाली 11 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। यह परियोजनाएं प्रदेश के 9 जनपदों में विकसित होंगी, जिनके तहत लगभग 2,914 आवासीय, वाणिज्यिक और मिश्रित इकाइयों का निर्माण किया जाएगा।

चेयरमैन संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में एक दिन पूर्व बुधवार को सम्पन्न हुई यूपी रेरा की 199वीं प्राधिकरण बैठक में निवेश के लिहाज से गाजियाबाद सबसे आगे रहा, जहां 1,108.69 करोड़ की लागत से 568 आवासीय इकाइयों की परियोजना को स्वीकृति मिली वहीं, इकाइयों की संख्या के मामले में गौतमबुद्ध नगर शीर्ष पर रहा, जहां 843.14 करोड़ की लागत से 1,077 आईटी कार्यालय विकसित किए जाएंगे। लखनऊ में 947.04 करोड़ की दो परियोजनाओं को मंजूरी मिली, जिनमें कुल 815 इकाइयां विकसित होंगी। इसके अलावा झांसी, आगरा, मथुरा, मेरठ, बरेली और फिरोजाबाद में भी विभिन्न आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिससे छोटे और मध्यम शहरों में भी नियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। यूपी रेरा के अनुसार, इन परियोजनाओं से निर्माण कार्य के दौरान बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारतीय कंपनियों की बैलेंसशीट मजबूत: रिपोर्ट

**मुंबई।** पहले अमेरिकी आयात शुल्क और अब पश्चिम एशिया संकट के बीच भारतीय कंपनियों की बैलेंसशीट मजबूत बनी हुई है और उनका कर्ज का अनुपात घट रहा है। साख निर्धारक एजेंसी केयरएज रेटिंग्स की साख गुणवत्ता रिपोर्ट 'क्रेडिट रेशियो' के अनुसार, साख बढ़ने और घटने का अनुपात यानी क्रेडिट रेशियो वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही की तुलना में दूसरी छमाही में कम होने के बावजूद 10 साल के औसत से ऊपर बना हुआ है। दूसरी छमाही में क्रेडिट रेशियो 1.93 रहा जबकि पहली छमाही में यह 2.56 था। इस दौरान 363 कंपनियों की रेटिंग बढ़ाई गई जबकि 188 कंपनियों की रेटिंग घटाई गई। इस मामले में 10 साल का औसत 1.55 है। साख घटने की दर सात प्रतिशत रही जो दस साल के औसत 10 प्रतिशत से कम है।

# दिल्ली-एनसीआर में बंद हो सकती हैं 462 फैक्ट्रियां!

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने की कोशिशों के बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में स्थित 462 फैक्ट्रियों को चिन्हित किया है, जो प्रदूषण की निगरानी के लिए जरूरी उपकरण लगाने में नाकाम रही हैं। इन सभी कंपनियों पर अब तालाबंदी या भारी जुर्माने जैसी सख्त कार्रवाई की तलवार लटक रही है। प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने खास श्रेणी के उद्योगों के लिए ऑनलाइन कांटीन्यूअस इमीशन मॉनीटरिंग सिस्टम (ओसीईएमएस) लगाना अनिवार्य किया है। इस सिस्टम में आधुनिक कैमरे और सेंसर लगाए जाते हैं, जो फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं और कचरे की रियल टाइम (सीधी) निगरानी करते हैं। इन उपकरणों को सीधे सीपीसीबी के सर्वर और पोर्टल से जोड़ा जाता है। इससे अधिकारियों को दफ्तर में बैठे ही पता चल जाता है कि कौन सी फैक्ट्री तय मानकों से ज्यादा प्रदूषण फैला रही है। सीपीसीबी की जांच में पाया गया कि चिन्हित की गई 462 फैक्ट्रियों ने या तो यह सिस्टम लगाया ही नहीं है, या फिर इनके उपकरण तय मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इसके चलते इन औद्योगिक इकाइयों से होने वाले उत्सर्जन की सटीक निगरानी संभव नहीं हो पा रही थी। सीपीसीबी ने संबंधित राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को इन इकाइयों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 71608.05
**निफ्टी** 22383.40



**सोना** 146000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 225000
प्रति किलो



# ट्रम्प के बयान के बाद शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स-निफ्टी लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनोल्ड ट्रम्प के ईरान युद्ध को लेकर जारी बयान के बाद गुरुवार को दुनिया भर में शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई और घरेलू स्तर पर बीएसई का सेंसेक्स 1,500 अंक से ज्यादा लुढ़क गया।

सेंसेक्स 872.27 अंक की गिरावट में 72,262.05 अंक पर खुला और कुछ ही मिनट में लगभग 1,525 अंक टूटकर 71,608.05 अंक तक उतर गया। खबर लिखे जाते समय यह 1,473.37 अंक (2.01 प्रतिशत) की गिरावट में 71,660.95 अंक पर रहा। श्री ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा है कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ मिशन में अपने मुख्य लक्ष्य हासिल कर लिए हैं, लेकिन अगले दो.तीन सप्ताह में हमले और तेज किए जाएंगे। उनके इस बयान के बाद जल्द युद्ध समाप्ति की उम्मीद लगाए बैठे निवेशकों को निराशा हुई और शेयर बाजारों में बिकवाली देखी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 296 अंक गिरकर 22,383.40 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह 460.70 अंक यानी 2.03 प्रतिशत नीचे 22,218.70 अंक पर था। शेयर बाजार में फिलहाल चौतरफा बिकवाली देखी जा रही है। बैंकिंग, फार्मा, स्वास्थ्य, रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, वित्त, धातु, मीडिया, तेल एवं गैस और रसायन समूहों पर ज्यादा दबाव है।

**तीस कंपनियां गिरावट में**

सेंसेक्स की सभी 30 कंपनियां अभी गिरावट में हैं। विमान सेवा कंपनी इंडिगो और दवा बनाने वाली सनफार्मा के शेयर चार फीसदी से ज्यादा नीचे चल रहे हैं। अडानी पोर्ट्स, एलएंडटी, इटरनल और टाट स्टील के शेयर तीन से चार प्रतिशत फिसल चुके हैं।

### सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका इजरायल की ईरान से चल रही जंग के बीच सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक गुरुवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 5,346 रुपए घटकर 1.46 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले बुधवार को यह 1.51 लाख पर था। एक किलो चांदी भी 15,176 रुपए घटकर 2.25 लाख रुपए रह गई, जो 25 मार्च को 2. 40 लाख रुपए पर थी। अमे. रिका-ईरान जंग के कारण सोना 34 दिन में 13,590 और चांदी 42,040 सस्ती हुई है। रायपुर में आज सोना सबसे सस्ता मिल रहा है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 1,48,380 रुपये चल रही है। कानपुर और लखनऊ सोने की कीमत सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोना 1,49,650 रुपये में मिल रहा है।

# चावल, गेहूं, चीनी व दालों के भाव में रही गिरावट, खाद्य तेलों के भाव में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी नरमी देखी गई जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 47 रुपये घटकर 3,819 रुपये प्रति क्विंटल रह गया।

गेहूं दो रुपये सस्ता हुआ और 2,789 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत पिछले कारोबारी दिवस पर ही रही। दाल-दलहनों में नरमी रही। उड़द दाल औसतन 67 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल की कीमत 51 रुपये और मूंग दाल की 40 रुपये गिर गई। तुअर दाल 36 रुपये और मसूर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 25 रिंगिट चढ़कर 4,794 रिंगिट प्रति टन पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 68.21 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 84 रुपये और सोया तेल की 47 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई।

मूंगफली तेल 125 रुपये और वनस्पति 93 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल की कीमत 59 रुपये और सूरजमुखी तेल की 53 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7668.78 रुपये, मसूर काली 8073.16 रुपये, मूंग दाल 10121.92 रुपये, उड़द दाल 10747.45 रुपये, तुअर दाल 11219.48 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2788.53 रुपये और चावल 3818.68 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3275.84 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4300.91 रुपये और गुड़ 4964. 60 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17789.85 रुपये, मूंगफली तेल 18695.62 रुपये, सूरजमुखी तेल 17266.75 रुपये, सोया तेल 14604.85 रुपये, पाम ऑयल 13231.22 रुपये और वनस्पति 14639.70 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# मंत्री की गैरमौजूदगी पर सख्त हुए लोस अध्यक्ष ओम बिरला

## लोकसभा स्पीकर ने कहा-दोबारा ऐसा नहीं होना चाहिए

**नई दिल्ली, वार्ता**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को सदन में कुछ सदस्यों के देर तक बातचीत करने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा उन्होंने एक मंत्री के विभाग से संबंधित प्रश्न पूछे जाने के दौरान सदन में मौजूद नहीं होने पर गुस्सा जाहिर किया।

प्रश्नकाल के दौरान एक सप्लीमेंट्री क्वेश्चन पूछा जाना था। यह सवाल सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय (एमएसएमई) से जुड़ा था, लेकिन उस समय केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी सदन में मौजूद नहीं थे। उनके राज्य मंत्री भी अनुपस्थित थे। जिसपर सदन अध्यक्ष ने उन्हें फटकार लगाई।

इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने नाराजगी जताई। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से कहा कि वे इस मामले को ध्यान में लें और आगे से ऐसा न हो, यह सुनिश्चित करें। अध्यक्ष ने पूछा कि एमएसएमई के राज्य मंत्री कौन हैं? राज्य मंत्री के भी अनुपस्थित रहने का संज्ञान लेने के बाद बिरला ने संसदीय कार्य मंत्री से इस मामले को ध्यान में रखने को कहा।

उन्होंने कहा कि दोबारा ऐसा नहीं होना चाहिए। शून्यकाल शुरू होने पर अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने कई सदस्यों और मंत्रियों को खड़े होकर लंबी बातचीत करते देखा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ जरूरत होने पर ही एक-दो मिनट बात कर सकते हैं। लंबी बातचीत नहीं करनी चाहिए। बिरला ने चेतावनी दी कि आगे से वह ऐसा करने वालों के नाम लिए जाएंगे। इससे पहले प्रश्नकाल में अध्यक्ष ने निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को टोका।

उन्होंने कहा कि पप्पू यादव आसन (स्पीकर की तरफ) की तरफ पीठ करके कई मिनट से दूसरे सदस्य से बात कर रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि आप तो वरिष्ठ सदस्य हैं, ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि सदन की मर्यादा बनाकर रखना सबकी जिम्मेदारी है। सभी सदस्यों और मंत्रियों को इसका पालन करना चाहिए।

# आप ने राघव चड्ढा को राज्यसभा उपनेता पद से हटाया

**नई दिल्ली।** राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा उपनेता के पद से हटा दिया। उनकी जगह पार्टी ने अशोक मित्तल को इस पद की जिम्मेदारी दी है। पार्टी के इस फैसले पर संजय सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। जब मीडिया ने संजय सिंह से इसको लेकर सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि जो भी बताना था वो राज्यसभा सचिवालय बता दिया है। राज्यसभा सचिवालय को पार्टी का जो फैसला था उससे अवगत करा दिया गया है।

आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को लिखे पत्र में इस बात का जिक्र किया है कि राघव चड्ढा को संसद में बोलने के लिए समय आवंटित न किया जाए। इसके साथ ही आप ने राज्यसभा सचिवालय से आग्रह किया है कि सांसद राघव चड्ढा की जगह सांसद अशोक कुमार मित्तल को राज्यसभा में पार्टी का डिप्टी लीडर नियुक्त किया जाए। अशोक कुमार मित्तल ने इस बदलाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी में बदलाव एक निरंतर प्रक्रिया है। पहले एनडी गुप्ता उपनेता थे, फिर राघव जी ने पदभार संभाला और अब मुझे यह जिम्मेदारी दी गई है। कल किसी और को यह मौका मिल सकता है। पार्टी चाहती है कि हर सांसद और नेता अलग-अलग भूमिकाओं से सीखे और अनुभव प्राप्त करे। राघव चड्ढा के पार्टी छोड़ने की अटकलें को मित्तल ने अफवाह करार दिया है। राघव चड्ढा को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि वो आम आदमी पार्टी का साथ छोड़कर बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। पंजाब में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। कथित शराब घोटाले में आप के कई बड़े नेताओं के रिहा होने के बाद राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई थी। इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि चड्ढा आम आदमी पार्टी से नाराज हैं।

# सरकारी मदरसों में मिड-डे मील योजना की जांच की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ यूपी में 558 सरकारी अनुदान प्राप्त मदरसे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के सहायता प्राप्त मदरसों में संचालित मिड-डे मील योजना में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच के आदेश के बाद इसकी कवायद तेज हो गई है। यह जांच प्रदेश के सभी 558 सरकारी अनुदान प्राप्त मदरसों में कराई जाएगी।

मिड-डे मील प्राधिकरण की निदेशक मोनिका रानी द्वारा 23 मार्च को जारी पत्र के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी शिकायतों की जांच कर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस पत्र के साथ 30 जनवरी को यूपी ऑल इंडिया पसमान्दा मंच की ओर से दी गई शिकायत भी संलग्न की गई है, जिसमें विभिन्न जिलों के मदरसों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने आदेश की पुष्टि करते हुए कहा कि सरकार को शिकायतें मिली हैं कि मदरसों में छात्रों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि मदरसों के बच्चों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो और उन्हें बेहतर शिक्षा के साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन भी मिले। मंत्री ने कहा कि यदि मिड-डे मील योजना में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार पाया जाता है, तो यह सरकार की मंशा के विपरीत है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बलरामपुर के तीन सहायता प्राप्त मदरसों-मदरसा आयशा सिद्दीका, मदरसा दारुल उलूम फारूकिया और मदरसा फजले रहमानिया-में लगभग 8 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला सामने आया है। इस संबंध में 26 नवम्बर 2025 को कोतवाली नगर थाने में 44 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिनमें से 12 की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। मामले के सामने आने के बाद तीनों मदरसों के प्राचार्यों को निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा, बाराबंकी में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा जुलाई 2025 में कुछ मदरसों में मिड-डे मील योजना के क्रियान्वयन न होने पर नोटिस भी जारी किया गया था। प्रदेश में कुल लगभग 25,000 मदरसे हैं, जिनमें से 558 को सरकार से अनुदान प्राप्त होता है।

# पति और बच्चों की मौत के बाद महिला ने भी दम तोड़ा

## आक्रोशित ग्रामीणों ने पानीपत खटीमा मार्ग पर शव रखकर किया धरना प्रदर्शन



मुजफ्फरनगर: शव रखकर पानीपत खटीमा मार्ग पर धरना प्रदर्शन करते ग्रामीण।



मुजफ्फरनगर: आक्रोशित ग्रामीणों को समझाते बुझाते पुलिस अधिकारी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**तितावी/मुजफ्फरनगर।** स्कूली बस की चपेट में आकर डॉक्टर उसके दो मासूम बच्चों की मौत के बाद गुरूवार को मृतक डॉक्टर की पत्नी ने भी इलाज के दौरान दम तौड दिया है। अब तक इस परिवार की चार लोगों की मौत हो चुकी है। मात्र इस परिवार में एक मासूम बेटा ही बचा है। यूं भी कहा जा सकता है कि मासूम बेटों को छोडकर परिवार का मुखिया सहित पूरा ही परिवार खत्म हो चुका है, जैसे ही महिला की मौत की खबर गांव पहुंची तो यहां एक बार फिर मातम सा छा गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने खटीमा राज्य मार्ग पर रखकर यातायात पूरी तरह बाधित कर दिया। कई घंटो तक रहे जाम को लेकर दूर-दूर तक वाहनों की कतारे लग गई। गुस्साई भीड़ ने किसी की एक ना सुनी और शाम ढलने तक ग्रामीण तीन शवों को सड़क पर रखकर धरने पर बैठे रहे। ग्रामीणों की मांग पर स्कूल प्रशासन की ओर से सहायता का आश्वासन देने के साथ मुख्यमंत्री कोष से भी मुआयना देने का आश्वासन दिया गया।

इसके बाद तीनों शवों का गांव में नम आंखो से अंतिम संस्कार कर दिया गया। एक साथ जली पिता और दो मासूम बच्चो की चिता को देखकर कोई भी ग्रामीण अपने आंसु रोक नहीं पाया। अब ग्रामीण तीन लोगों के अंतिम संस्कार के बाद चिकित्सक की पत्नी के क्रियाकरम की तैयारी में लग गए। बता दे कि बुधवार को ढ़िंढावली शाहपुर व बघरा मार्ग सिंगल सड़क पर एक दर्दनाक हादसा हुआ था। जिसमें चिकित्सक पापन और उसकी मासूम बेटी राधिका, बेटे अभि की दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि मृतक पापन की पत्नी पूजा का मेरठ के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था।

कुल मिलाकर एक बेटे को छोडकर चिकित्सक का पूरा परिवार काल का ग्रास बन गया था जिसको लेकर पूरे गांव में शोक छाया हुआ था अभी ग्रामीण डॉक्टर और उसके दो मासूम बच्चों के अंतिम संस्कार की तैयारी कर ही रहे थे कि इसी बीच पापन की पत्नी पूजा की मौत की खबर ने पूरे गांव में हलचल सी मचा दी। पूरा गांव इस समय चार लोगों की मौत के सदमे में था। इसी बीच गुस्साएं ग्रामीणों ने पानीपत खटीमा मार्ग पर पापन और उसके बेटे अभी, पुत्री राधिका का शव रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। इस समय पोस्टमार्टम के बाद पापन व उसके दो मासूम बच्चों की अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी, लेकिन महिला की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने लाश को सडक पर रखकर स्कूली बस चालक के खिलाफ कडी कार्यवाही और मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग करने लगे। इस समय ग्रामीण 50 लाख रूपये की मांग कर रहे थे। सूचना के बाद एडीएम वित्त गजेन्द्र सिंह, एसडीएम प्रवीन द्विवेदी, एसपी देहात आदित्य बंसल व नए एसपी देहात तथा दो सीओ तथा अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस प्रशासन ने भीड को हर संभव समझाने काप्रयास किया, लेकिन चार मौते से गमजादा ग्रामीणों की एक ही मांग थी कि डॉक्टर का पूरा परिवार खत्म हो चुका है। और उनके इकलौते बेटे को मुआवना दिया जाए। बताया जाता है कि स्कूल प्रशासन ने मृतक परिवार को चार लाख की सहायता सीएम राहत कोष से पांच-पांच लाख रूपये देने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रीति, पूर्व प्रधान इशकलाल, भाकियू जिलाध्यक्ष धीरज लाटियान, अमरजीत व विपिन उर्फ मानसिंह, रजफ अली आदि मौजूद रहे।



## पिता और बहन-भाई के शव को देख कर बिलखता रहा शिवम



**मुजफ्फरनगर।** मृतक चिकित्सक के परिवार में पांच सदस्य थे जहां पति-पत्नी और दो मासूम बच्चों की मौत के बाद अब इस घर का इकलौता चिराग ग्यारह वर्षीय शिवम ही बचा है। जिस समय पिता और मासूम बहन-भाई का शव सड़क पर रखा था उस समय शिवम बस अपने पिता और भाई-बहन के शव को देखता रहा। काफी-काफी देर तक शिवम ने अपनी आंख भी नहीं झपकी। शिवम की आंखों में अपने परिवार को खोने का गम साफ झलक रहा था। वह एक मूर्ति की तरह बना बैठा रहा।

कभी-कभी वह ग्रामीणों को देखता तो फिर अपने पिता और बहन-भाई के शव को काफी-काफी देर तक देखता रहा। उसके दिल और दीमाग में परिवार को खोने का गम साफ दिखाई दे रहा था, हालांकि कई घंटे धरना प्रदर्शन चला, लेकिन मासूम शिवम अपने मुंह से कुछ नहीं बोला बस वह अपने पिता व बहन-भाई के शव को टकटकी लगाकर देखता रहा। किसी का यह कहना गलत नहीं होगा कि शिवम को अपने परिवार के खोने के गम में उसको खामोश कर दिया था।

# श्री बालाजी जन्मोत्सव पर शहर में भक्तों की उमड़ी भीड़

## स्वर्ण रथ पर सवार होकर निकले बालाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** स्वर्ण रथ पर सवार होकर बालाजी महाराज भक्तों का कल्याण करने लिए नगर भ्रमण के लिए निकले तो हर मार्ग पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा शहर की सड़के और गालियां भक्ति और आस्था के रंग में रंगी नजर आई मौका था बालाजी जन्मोत्सव शोभायात्रा के भव्य शुभारंभ का। भरतिया कॉलोनी स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर परिसर से गुरुवार सुबह विधिवत पूजन-अर्चन के बाद उत्तर भारत की प्रमुख और कांवड़ यात्रा के बाद दूसरी सबसे बड़ी धार्मिक यात्रा मानी जाने वाली बालाजी शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। नई मंडी क्षेत्र से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी और लगभग 24 घंटे में मंदिर परिसर में ही पहुंचकर पूर्ण होगी। शुभारंभ के पश्चात बालाजी महाराज स्वर्ण रथ पर सवार होकर निकले, तो उनका स्वर्ण रथ को खीं. चने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु नंगे पैर रस्सा थामने के लिए पूरी तरह से भक्तिमय होकर आतुर नजर आये। पूरा वातावरण भजनों, जयकारों और उत्साह से गूंज उठा। श्री बालाजी धाम मंदिर परिसर में आयोजित बालाजी जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा सहित वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल सभी का मंदिर कमेटी के मुख्य सेवादार भीम सैन कंसल ने तिलक करते हुए पटका पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

भरतिया कालोनी से यह यात्रा नवीन मंडी पहुंची और इसके बाद पूरे नगर का भ्रमण शुरू हो गया। शहर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। जगह-जगह भंडारे आयोजित किए गए, जहां हलवा-पूरी, पूरी-सब्जी, शरबत, ठंडा जल, टॉफी, बिस्कुट और अन्य प्रसाद वितरित किया गया। डीजे और भजन मंडलियों की धुनों पर भक्त झूमते नजर आए। व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से कड़े सुरक्षा प्रबंध किए थे।

एसपी देहात के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा, वहीं नगर पालिका परिषद के अधिकारी सफाई व्यवस्था की निगरानी करते दिखे। इस दौरान व्यापारी नेता संजय मित्तल, भीम सैन कंसल, शंकर बंसल, जेपी गोयल, रजत गोयल, सत्यप्रकाश रेशू सपा के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा और व्यापारी नेता संजय मित्तल के अलावा कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### मंत्री कपिल देव ने किया स्वच्छता को लेकर श्रमदान, भक्तों को बांटा प्रसाद

**मुजफ्फरनगर।** श्री बालाजी जन्मोत्सव पर भरतिया कॉलोनी में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें कपिल देव अग्रवाल ने विशेष रूप से भाग लिया। यात्रा के शुभारंभ पर उन्होंने श्री बालाजी के स्वर्ण रथ के आगे चलकर हाथ में झाडू लेकर मार्ग की सफाई की और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद वे नवीन मंडी स्थल भी पहुंचे, जहां व्यापारियों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने इस पहल को स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रतीक बताते हुए सभी लोगों से श्रमदान कर स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी खासतौर पर स्वच्छता को बढ़ावा देने का एक अच्छा उदाहरण है।

# पालिका की बड़ी व्यवस्था:शोभायात्रा बनी 'जीरो वेस्ट इवेंट' की मिसाल


**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** बालाजी जयंती के अवसर पर निकली भव्य शोभायात्रा केवल आस्था का प्रतीक ही नहीं रही, बल्कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता का भी सशक्त संदेश रही। गुरुवार को बालाजी की भव्य शोभायात्रा के दौरान नगरपालिका परिषद की ओर से अभूतपूर्व सफाई व्यवस्था देखने को मिली। अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के मार्गदर्शन में अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह ने विशेष टीमों का गठन कर शोभायात्रा मार्ग पर स्वच्छता बनाए रखने की जिम्मेदारी सुनिश्चित की। सड़कों, नालों और नालियों में प्रसाद, भंडारों और खाद्य स्टॉल से उत्पन्न कचरे को तत्काल उठाने के लिए विशेष टीमों को तैनात किया गया। सफाई कर्मचारी शोभायात्रा के साथ-साथ चलते हुए मार्ग को साफ करते रहे, जिससे पूरे आयोजन के दौरान स्वच्छता बनी रही। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने इस सम्बंध में कहा कि शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ स्वच्छता को जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी नगर के सभी बड़े आयोजनों को 'जीरो वेस्ट इवेंट' बनाने की दिशा में इसी प्रकार की व्यवस्थाएं लागू की जाएंगी। अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि शोभायात्रा को 'जीरो वेस्ट इवेंट' बनाने के लिए पूर्व में ही दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए थे। इनका पालन सुनिश्चित करने के लिए बैठक आयोजित कर कार्ययोजना तैयार की गई और विभिन्न टीमों को जिम्मेदारी दी गई।सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही के नेतृत्व में मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश कुमार के साथ ही पालिका के सफाई निरीक्षक प्लाक्षा मैनवाल और वैशाली सोती को जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया पर नजर बनाए रखी।



आकर्षण का केन्द्र रही झांकी।



मुजफ्फरनगर: बालाजी जन्मोत्सव पर शोभायात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब।



मुजफ्फरनगर: शोभायात्रा में अतिथियों का स्वागत करते भीम सेन कंसल व अन्य।

### डीएम-एसएसपी ने की पूजा अर्चना

**मुजफ्फरनगर।** बालाजी जयंती शोभायात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोभायात्रा में शामिल रहे और उन्होने पूजा अर्चना कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया।

बालाजी जयंती के अवसर पर शोभायात्रा को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय कुमार वर्मा मंदिर परिसर पहुंचे और विधि विधान से पूजा अर्चना कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान एसएसपी ने शोभायात्रा को लेकर की गई तैयारियों की जानक. ारी दी। और शोभायात्रा के मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतेजाम किए गए थे। इस दौरान यातायात पुलिस और अन्य संसाधनों की तैनाती भी की गई थी।

# बड़ी डीजे जब्त करने पर संचालकों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** श्री बाला जन्मोत्सव समारोह के बीच गुरूवार को पुरे शहर में शोभायात्रा निकाली गई। श्रीबाला जी शोभायात्रा के दौरान जैसे ही रावण डीजे की आवाज गूंजी तो पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया और बिना अनुमति और मानक से अधिक तेज ध्वनि के चलते रावण डीजे को जब्त कर लिया गया।

पुलिस ने इस डीजे को यात्रा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी थी। इससे पहले भी कई जनपद का पुलिस प्रशासन रावण डीजे की अनुमति नहीं दे सका, लेकिन बिना अनुमति के बजाए गए डीजे में लोगों ने हंगामा शुरू किया जिसके बाद पुलिस को अपनी सख्ती दिखानी पड़ी। पुलिस प्रशासन की कड़ी सख्ताई के बाद विरोध कर रहे लोगों में हलचल सी मच गइ।

कुछ लोग शांत भी हुए पुलिस प्रशासन का कहना था कि तय नियमों और मानकों का उल्लघंन करने और अनुमति न होने के कारण पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर रावण डीजे को जब्त किया है। पुलिस प्रशासन का यह भी कहना है कि यात्रा मे शामिल यह डीजे पर शासन की निर्धारित ध्वनि और संचालन संबंधित गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहा था जिसके चलते पुलिस प्रशासन को सख्त कदम उठाने पडे।

पुलिस प्रशासन का कहना था कि मानकों से अधिक ध्वनि होने के कारण क्षेत्र में असुविधा और ध्वनि प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। बता दे कि पुलिस प्रशासन ऐसे डीजे के खिलाफ पहले भी कार्यवाही कर चुका है। पुलिस प्रशासन द्वारा जब्त किए गए डीजे के बाद लोगों ने गुस्से का इजहार भी किया। बताया जाता है कि इस डीजे की ऊचाई चौदह फीट चौडी और बारह फीट ऊंची तय की गई थी, लेकिन तेज आवाज के साथ 60-80 स्पीकर लगे होने के कारण भी प्रशासन को कार्यवाही करनी पड़ी। बता दे कि अगस्त 2024 में भी जनपद मेरठ पुलिस ने कांवड यात्रा के दौरान नियमों का उल्लंघन और ध्वनि प्रदूषण के चलते नोएडा के प्रसिद्ध रावण डीजे को जब्त कर लिया था। और तभी से इस डीजे का हाईवे पर प्रतिबंद है।

### मंत्री कपिल के दरबार में पहुंचा डीजे जब्त का मामला

**मुजफ्फरनगर।** बाला जी शोभायात्रा के दौरान जब्त किए गए रावण डीजे से शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओ में आक्रोश बन गया था भारी संख्या में श्रद्धालु मंत्री कपिल देव अग्रवाल के घर पहुंचे और उन्होन जब्त किए गए रावण डीजे का विरोध जताया। मंत्री कपिल देव ने श्रद्धालुओं ने सुनी और सीओ मंडी राजु साव को मौके पर बुला लिया। इस दौरान रावण डीजे को लेकर दोनो ओर से वार्ता शुरू हुई। पुलिस प्रशासन का कहने था कि डीजे का साइज कम किया जाए और मानक के अनुशासन ध्वनि का प्रयोग करे। पुलिस प्रशासन ने पिछले मामले को दोहराते हुए भी कहा कि डीजे की अधिक ऊचांई होने के कारण ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन तार के करंट से कई घटनाएं हो चुकी है। और तेज ध्वनि से बीमार लोगों को कठिनाई का सामना करना पडता है। कुल मिलाकर पुलिस प्रशासन ने डीजे के स्पीकर कम करने की बात कही।

आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, वरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal)
तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता:
स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश नि:शुल्क (Free Admission)
स्थान: वरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करे।
M. : 9368215210

### आत्महत्या को निकली महिला को पुलिस ने बचाया

**मुजफ्फरनगर।** पति से खफा महिला आत्महत्या करने के लिए रेलवे फाटक के निकट पहुंच गई। सूचना के कुछ देर बाद ही रोहाना चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होने महिला को समझाकर उसको आत्महत्या करने से बचाया।

गुरूवार को रोहाना पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला आत्महत्या करने के लिए रेलवे फाटक की ओर जा रही है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि उक्त महिला काफी समय से अपने पति से परेशान है। पति पर शराब पीने और अन्य उत्पीडन का आरोप लगाया गया। सूचना के कुछ देर बाद ही दरोगा मोहित कुमार पुलिस कर्मियों के साथ मौके परपहुंचे और उन्होने महिला को समझाकर उसको आत्महत्या करने से रोका। पुलिस ने आश्वासन दिया कि वह उसके पति को भी समझाएगी।

# शादी में नानबाई बनकर आए चोर ने दिया चोरी की घटना को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी में आयोजित शादी समारोह में रोटी बनाने आये नानबाई ने आधी रात दो घरों में घुसकर चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दे डाला।घटना को लेकर हड़कम्प मच गया।

पुलिस घटना की जांच में जुट गयी है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी स्थित मोहल्ला लोकपुरा दक्षिणी की तेलियान गली निवासी शहजाद मलिक की बेटी तमन्ना की शादी गुरुवार को सम्पन्न हो गयी।बुधवार को शादी में नॉन वेज अथवा मुगलई खाना बनाने के लिये पांच व्यक्ति मुजफ्फरनगर से आये हुए थे। खाना बनाने वाले खान सामा की टीम मोहल्ले के ही असलम के मकान में सोई हुई थी।कि गुरुवार की सुबह सवेरे असलम व उमरदीन के मकान में चोरी होने से हड़कम्प मच गया।

जहां घटना के सम्बंध में अकरम मलिक ने जानकारी देकर बताया कि उसके भतीजे शहजाद की बेटी की शादी में तन्दूरी रोटी बनाने आया एक व्यक्ति आधी रात मकान की छत से असलम के मकान में घुस गया जहां उसने संदूक से अलमारी से आभूषण व असलम के पुत्र नदीम का मोबाइल को चोरी कर लिया।वही चोर ने बराबर में ही उमरदीन के मकान की छत से घर में घुसकर एक मोबाइल तथा घर में रखे गत्ते के धार्मिक दान पात्र को चोरी कर लिया जिसके बाद चोर सेफ अलमारी खोलने का प्रयास कर रहा था कि उमरदीन की पत्नी कमरुन्निसा आहट सुनकर जाग गयी।जिसके बाद चोर वहां से भाग कर अपने बिस्तर पर आकर लेट गया।वही पीड़ित परिवार चोरी हुए समान की तलाशी में जुट गया।कि नान बाई के बैग की तलाशी ली गयी तो जिसमें दोनों मोबाइल बरामद हो गये।आभूषण को चोर के कपडो से बरामद किया गया।जिसके बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर इकठ्ठा हो गयी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने कथित संदिग्ध चोर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।वहीं शातिर चोर द्वारा अपनी पहचान छिपाने को लेकर भृमित करने की भी चर्चा है।घटना कस्बे में चर्चा का केंद्र बनी हुई है।इस सम्बंध में थाना पुलिस ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

# खूब हंसा मुजफ्फरनगर, पहले सबसे बड़े कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर राउंड टेबल 346 द्वारा विश्व प्रसिद्ध स्टैंड-अप कॉमेडियन अनुभव सिंह बस्सी का भव्य कॉमेडी शो आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एक फंड रेजिंग पहल के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य स्कूलों में बच्चों के लिए नए क्लासरूम का निर्माण करना है।

पलासा होटल का हॉल कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही खचाखच भर गया। बस्सी की हंसी से भरपूर प्रस्तुति ने दर्शकों को देर तक गुदगुदाया और पूरे माहौल को आनंदमय बना दिया।

मुजफ्फरनगर राउंड टेबल का उद्देश्य इस आयोजन के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस नेक कार्य के लिए स्पॉन्सर्स ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें मंत्री कपिल देव अग्रवाल, एसएसपी संजय वर्मा, जिला जज खली ऊजमा, चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप सहित व शहर के गणमान्य लोग आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।जैसे ही इस कार्यक्रम की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से साझा की गई, सभी एंट्री पास अग्रिम रूप से ही बुक हो गए। मेरठ के रहने वाले अनुभव सिंह बस्सी का यह मुजफ्फरनगर में पहला कार्यक्रम था, जिसे दर्शकों ने बेहद सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शासन-प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिला।

कार्यक्रम में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के प्रवेश पर प्रतिबंध रखा गया था, जिससे कुछ असंतोष भी देखने को मिला, लेकिन व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह आवश्यक था। इस फंडरेजिंग कार्यक्रम के सभी पास पहले ही बुक हो गए थे। बस्सी की प्रस्तुति सुनने के लिए शामली, मेरठ, देहरादून, बिजनौर, सहारनपुर, हरिद्वार और नोएडा सहित कई शहरों से लोग पहुंचे।अनुभव सिंह बस्सी की प्रस्तुति ने खासकर युवा वर्ग को खूब हँसाया। उन्होंने अपने हास्य में माँ-बाप, पति-पत्नी और दैनिक जीवन के मज़ेदार किस्सों को शामिल किया, जो दर्शकों को खूब पसंद आए। साथ ही उन्होंने मंच से मुजफ्फरनगर राउंड टेबल टीम पर हल्के-फुल्के अंदाज़ में मज़ाक भी किया और टीम की काली ड्रेस की कई बार सराहना की। कार्यक्रम की सफलता का श्रेय मुजफ्फरनगर राउंड टेबल 346 के टेबलर, अंकित गुप्ता (चेयरमैन), सुलभ गोयल (वाईस चेयरमैन), शोभित गर्ग (सचिव), दीपांशु प्रकाश (कोषाध्यक्ष), अभिषेक सोबती (पूर्व चेयरमैन), अभिनव स्वरूप, प्रसून अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, शिवाँग कुच्छल, अनंत बंसल, श्रेय गोयल, अंकुर गोयल, अभिषेक पालीवाल, अर्चित गर्ग, वैभव अग्रवाल, व्योम अग्रवाल, मोहित गर्ग, मोहित मित्तल, अंशुल बंसल, अंशुल अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, अर्पित गर्ग, गौतम भाटिया, अनिकेत गोयल और टेबल की महिलाओं को जाता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम से एकत्रित धनराशि का उपयोग स्कूलों में नए क्लासरूम के निर्माण हेतु किया जाएगा।




# किराए को लेकर विवाद, युवक से मारपीट कर बीच रास्ते उतारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रोडवेज बसों में यात्रियों से अभद्रता और मनमाने किराए वसूलने की शिकायतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को खतौली में सामने आया, जहां एक बस कंडक्टर पर यात्री के साथ मारपीट करने और उसे बीच रास्ते उतारने का आरोप लगा है।

जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरनगर निवासी सुनील वर्मा का बेटा समर्थ वर्मा राणा चौक से मोदीपुरम जाने के लिए भैंसाली डिपो की रोडवेज बस में सवार हुआ था। आरोप है कि खतौली पहुंचने पर कंडक्टर ने 60 रुपये का टिकट दिया। समर्थ द्वारा 100 रुपये देने पर कंडक्टर ने केवल 30 रुपये ही वापस किए। जब समर्थ ने बकाया 10 रुपये मांगे और ज्यादा किराया वसूली का विरोध किया, तो कंडक्टर कथित तौर पर आगबबूला हो गया।

आरोप है कि उसने युवक के साथ गाली-गलौज की और मारपीट करते हुए उसे जबरन बस से नीचे उतार दिया। पीड़ित पक्ष का यह भी कहना है कि बस में अन्य यात्रियों से भी तय दर से अधिक किराया लिया जा रहा था। घटना के बाद समर्थ के पिता ने खतौली कोतवाली में तहरीर देकर कंडक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कार्रवाई की बात कही है।

# 144 करोड़ लोगों के सेवा संकल्प के साथ हनुमत् भंडारा

**मुजफ्फरनगर।** हनुमत् जन्मोत्सव पर रेशू विहार के भंडारे का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निरवाल ने आम जनों के साथ मिलकर किया। इस अवसर पर रेशू स्टाफ ने सत्यप्रकाश रेशू की साथ मिलकर सभी का गर्मजोशी से स्वागत अभिनंदन करते हुए सभी से भारत को विश्व महाशक्ति बनाने का आवाहन किया। जिसके लिए विद्वान पंडित राजेश ने मंत्रोचारण की साथ पूजा पाठ कराया। साथ ही 144 करोड़ भारतीय के सेवा संकल्प को मजबूत करने के लिए पूजन किया गया। ताकि 144 करोड़ के शोध को धरातल पर उतार कर सभी का चाहमुखी विकास किया जा सके।

कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने वार्ता करके भंडारे प्रसाद को रामभक्त हनुमान का आशीर्वाद बताया। डॉ0 वीरपाल निरवाल ने भंडारे के प्रसाद को भगवान राम का प्रसाद बताया। रेशू परिवार के सत्यप्रकाश रेशू ने भंडारे को सनातन के प्रति जनजागरण बताया। सभी भक्तों ने भंडारे में साफ-सफाई, पानी व्यवस्था व यातयात को सुचारू रखने के लिए सहयोग दिया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, भारत विकास के अध्यक्ष जयप्रकाश गर्ग, ज्ञान कुमार एडवोकेट, शोभित गर्ग, साधना गर्ग, शैला गर्ग, बालरोग विशेषज्ञ डॉव गिरीश कुमार आदि उपस्थित रहे।




## शिक्षा के साथ संस्कारों से ही होगा बेहतर भविष्य निर्माण: विश्वपाल जयंत जी



**मुजफ्फरनगर।** खतौली क्षेत्र के कैलाशनगर गाँव में धूम धाम के साथ द गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विश्वपाल जयंत ने करते हुए बताया की आज के समय मे आधुनिक शिक्षा के साथ साथ बच्चो को संस्कार और नैतिकता का ज्ञान भी देना चाहिए ताकि बेहतर भविष्य का निर्माण किया जा सके विशिष्ट अथिति रहे स्वामी तेजस मुनि ने कहा कि स्कूल प्रबंधन के साथ साथ अभिभावकों की भी ज़िम्मेदारी बनती है की वह भी बच्चों को पौराणिक ज्ञान,हवन यज्ञ , संस्कार आदि को बढ़ावा दे ताकि बच्चे का भविष्य बेहतर और सुगम बनाया जा सके। कार्यक्रम के अंत में चौधरी गौरव टिकैत व ओमपाल दांगी द्वारा क्षेत्र से आए अभिभावकों को सम्मानित कर उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट किया गया शुभारंभ कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे जसबीर राणा,वीरेंद्र सिंह,प्रवेंद्र दहिया ,डा.राजीव आदि ने प्रबंध कमेटी को आशीर्वाद स्वरूप उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी कार्यक्रम का संचालन आचार्य प्रमोद कुमार वैदिक कन्या गुरकुल दबथला द्वारा किया गया व अंत मे बच्चों को नि:शुल्क पुस्तकें वितरित की गई।

# माता दुर्गा मेले में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**बुढ़ाना।** कस्बे में आयोजित प्रसिद्ध दुर्गा मेले में चौदस के पावन अवसर पर आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी जो देर रात तक बनी रही।

महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने माता रानी के दरबार में पहुंचकर प्रसाद चढ़ाया और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मन्नतें मांगी। धार्मिक दृष्टि से चौदस का दिन विशेष महत्व रखता है। इसी कारण बुढ़ाना ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों और दूर दराज के क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु मेले में पहुंचे। मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं को माता के दर्शन के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ा। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। कई

श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर माता के दरबार में हाजिरी लगाई। पुरुषों ने भी श्रद्धा भाव से माथा टेककर मन्नतें मांगी। मेले में प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे भीड़ को नियंत्रित करने में सहायता मिली। जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाकर श्रद्धालुओं को व्यवस्थित तरीके से दर्शन कराए गए। धार्मिक आस्था के साथ-साथ मेले में मनोरंजन का भी खास आकर्षण देखने को मिला। झूले, सर्कस, खिलौनों की दुकानों और खान-पान के स्टॉलों पर दिनभर भीड़ रही। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने मेले का भरपूर आनंद लिया। देर शाम होते-होते मेले की रौनक और बढ़ गई। रंग-बिरंगी रोशनी से सजा मेला क्षेत्र किसी उत्सव से कम नहीं लग रहा था। श्रद्धालुओं की लगातार आवाजाही के कारण पूरा कस्बा देर रात तक गुलजार रहा। कुल मिलाकर चौदस के अवसर पर दुर्गा मेले ने आस्था, उल्लास और सामाजिक एकता का अनूठा संगम प्रस्तुत किया जहां हर कोई माता रानी की भक्ति में लीन दिखाई दिया।



# मनस्वी सिंह का सुपर क्रिकेट लीग में चयन

**छपार।** हिंदुस्तान के पत्रकार के पुत्र का चयन उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के द्वारा आयोजित सुपर क्रिकेट लीग में हुआ है। वह रामपुर टाइटन्स टीम की ओर से खेलते नजर आएंगे। उनके चयन से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।गांव छपार निवासी हिंदुस्तान अखबार के पत्रकार जसवीर सिंह के पुत्र युवा क्रिकेटर मनस्वी सिंह का चयन रामपुर में चल रही सुपर क्रिकेट लीग में हुआ है। लीग को उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के द्वारा किया जा रहा है। जो 30 मार्च से शुरू होकर 11 अप्रैल तक चलेगी। यह लीग मंडल स्तरीय उभरते खिलाड़ियों के लिए एक प्रतिष्ठित मंच है। मनस्वी रामपुर टाइटंस टीम का हिस्सा होगे। वह एमएस क्रिकेट क्लब के सक्रिय सदस्य है। वह ग्रीन चौम्बर पब्लिक स्कूल के छात्र रह चुके है और वर्तमान में स्कूल की टीम हिस्सा भी है। स्कूल के निदेशक डा. एमके गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर व कोर्डिनेटर आशीष त्यागी व क्रिकेट टीम के निदेशक मयंक शर्मा ने मनस्वी के चयन पर खुशी जताई है। कहा कि वह भविष्य का सितारा है। छपार में भी उसके चयन पर खुशी का माहौल है।



## पुरानी रंजिश में मां बेटे ने की पड़ोसन की पिटाई

**बुढ़ाना।** किसी पुरानी रंजिश के चलते मां बेटे ने अपनी पड़ोसन की पिटाई कर दी। इस मामले में बुढ़ाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गाली गलौज, हत्या की धमकी व मारपीट किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार बीना पत्नी मोनू निवासी मौहल्ला खाकरोबान बुढ़ाना ने बुढाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि शशि पत्नी जितेंद्र उसकी पड़ोसी है। उसकी पड़ोसी शशि उससे रंजिश रखती है। शशि ने गत दिवस मुझे देखते ही गाली गलौज करनी शुरु कर दी। मैंने इसका विरोध किया तो शशि और उसके लड़का वीशू ने मेरे साथ गाली गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट की। तभी मोहल्ले वालों को आता देख दोनों उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए और मुझे गम्भीर चोटें आई। पीड़िता बीना ने बुढ़ाना पुलिस से दोनों मां बेटे के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढाना पुलिस ने पीड़िता बीना की तहरीर के आधार पर आरोपी मां बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## बालाजी जन्मोत्सव पर शाहपुर में निकाली गई प्रभात फेरी

**शाहपुर।** श्री बालाजी जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति के तत्वधान में प्रात: काल नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर उत्सव मनाया। इस अवसर पर प्रभात फेरी का नगर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्री बालाजी धाम सेवा समिति के तत्वाधान में आज बालाजी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर में प्रातकाल प्रभात फेरी निकाली गई। नगर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। रात्रि में बालाजी धाम मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया। उसके पश्चात बालाजी महाराज को लड्डू का भोग लगाया गया। प्रभात फेरी में पंकज गोयल, अतुल सिंघल, विनीत मित्तल, भाग्य शर्मा, ऋषभ सिंघल, वर्णित गोयल, नितिन मित्तल, अमन मित्तल, राजकुमार बंसल, देशराज बंसल, अक्षय गोयल, मनीष गर्ग, अर्पित गोयल, हरवीर सैनी, पंकज गोयल, मनी गर्ग, ऋषि पाल सैनी, रोहित नामदेव, वैभव गोयल, विजय नामदेव, परवीन शर्मा, मुकेश गर्ग, लालता नामदेव, मोहन नामदेव, जिनेंद्र नामदेव, भोला नामदेव, मोंटू नामदेव आदि का विशेष योगदान रहा। आपको बता दें शाहपुर क्षेत्र में अपना विशेष महत्व रखने वाली श्री बालाजी शोभायात्रा आगामी 27 अप्रैल को निकाली जाएगी। 26 अप्रैल को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

## आमिर को तीसरे दिन किया गया सुपुर्दे खाक

**बुढ़ाना।** बीती मंगलवार के दिन अन्य राज्य में रहस्यमय परिस्थितियों में मरे बुढाना कस्बे के मौहल्ला ऊंचा छोटा बाजार निवासी आमिर फारुखी पुत्र मन्सूर अहमद का शव बृहस्पतिवार को तीसरे दिन उसके पैतृक आवास पर आया। जहां देर शाम उसको बुढ़ाना के कब्रिस्तान में नम आंखों से सुपुर्दे खाक कर दिया गया। इस मामले में उसकी बड़ी बहन ने पुलिस में जो रिपोर्ट दर्ज कराई है उसमें एक वाहन चालक पर हत्या करने का इल्ज़ाम लगाया गया है। उक्त राज्य की पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उल्लेखनीय है कि बीती मंगलवार के दिन बुढ़ाना के आमिर का रक्तरंजित शव अन्य राज्य के एक जिले में किसी चौकी क्षेत्र में लावारिस पड़ा हुआ मिला था।

## डाक्टर सोनू कश्यप को मिला प्रशस्ति पत्र.......

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एक समारोह में जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील तेवतिया और मुजफ्फरनगर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर लोकेश गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से मुजफ्फरनगर शहर में एक स्थान पर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सोनू कश्यप के द्वारा विगत दिवस उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर जनपद के बुढ़ाना क्षेत्र में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए डाक्टर सोनू कश्यप को सम्मान मिला। उनको प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर सोनू कश्यप ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व की बात है और यह उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना है।

# बघरा में स्कूल चलो अभियान का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा एवं मंशा के अनुरूप विकास क्षेत्र बघरा में 'स्कूल चलो अभियान-2026 का आज उच्च प्राथमिक विद्यालय तितावी में अत्यंत उत्साह, व जनसहभागिता एवं व्यापक जागरूकता के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, छात्र-छात्राओं की जागरूकता रैली को हरी दिखा कर खंड शिक्षा अधिकारी संजय भारती ने रवाना किया । ग्राम प्रधान तितावी अरविंद कुमार ने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने व मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित किया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षको व छात्रो को सम्मानित किया गया , छात्र-छात्राओं को पुस्तकें, वितरित कर उनका भी उत्साहवर्धन का कार्य किया गया।

रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने हाथों में प्रेरणादायी स्लोगन युक्त तख्तियां लेकर शिक्षा के महत्व का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। हमम्मी-पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल चलकर नाम लिखाओह जैसे नारों से क्षेत्र गूंज उठा और आमजन में अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के प्रति सकारात्मक ऊर्जा एवं प्रेरणा का संचार हुआ। ए आर पी सुधीर कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज को सशक्त एवं राष्ट्र को समृद्ध बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और उन्हें विद्यालय से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं। खंड शिक्षा अधिकारी बघरा श्री भारती ने अभियान की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गाँव गाँव में घर-घर सर्वे अभियान चलाकर ऐसे बच्चों की पहचान की जाएगी, जो विद्यालय नहीं जा रहे हैं अथवा बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं। ऐसे बच्चों का पुन: नामांकन सुनिश्चित करने हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि ईंट-भटों, मलिन बस्तियों एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन पर विशेष फोकस किया जा रहा है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह सके। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि विद्यार्थियों को नि:शुल्क यूनिफॉर्म, पाठ्य पुस्तकें, स्कूल बैग, जूते-मोजे एवं मध्यान्ह भोजन जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे घर-घर जाकर शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाएंगे और प्रत्येक पात्र बच्चे का नामांकन सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर बघरा विकास क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयो के प्रधानाध्यापक सहित सेवानिवृत्त मंजू व राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत सेवानिवृत्त सईदूदीन, मूलराज शर्मा प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय तितावी, कविता चौधरी व निकेता, लोकेंद्र कुमार शर्मा पूजा शर्मा महामंत्री बीकेयू शिक्षक प्रकोष्ठ, देवराज मलिक, वरिष्ठ लेखाकार दीपक कुमार वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार, अजय कुमार वसीम अहमद कंप्यूटर ऑपरेटर, अंकित कुमार सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से संचालित यह अभियान निश्चित रूप से जनपद मुज़फ्फरनगर के विकास खण्ड बुरा को शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करेगा और शत-प्रतिशत नामांकन एवं साक्षरता के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## शादी समारोह में युवक व पिता पर जानलेवा हमला

**मीरापुर।** कस्बे में एक शादी समारोह के दौरान युवक और उसके पिता पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला बेरीबाग निवासी आजम पुत्र नूर मोहम्मद 30 मार्च 2026 की रात करीब 9 बजे अपने पिता के साथ कस्बा मीरापुर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे। बताया गया कि जब दोनों पिता-पुत्र एक साथ भोजन कर रहे थे, तभी पहले से मौजूद आसिफ पुत्र निजाम ने बिना किसी कारण उन्हें धक्का दे दिया, जिससे दोनों नीचे गिर गए। पीड़ित के अनुसार, जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी आसिफ ने धमकी भरे लहजे में अपने भाइयों दानिस और आदिल को बुला लिया। आरोप है कि दानिस के हाथ में छुरी और आदिल के हाथ में लोहे की रॉड थी। तीनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए आजम और उसके पिता के साथ जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने मिलकर जानलेवा हमला करते हुए उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित और उसके पिता को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित आजम ने थाना मीरापुर में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## गंग नहर व कॉलेज में लगाए गए स्टार एलुमनी सम्मान बोर्ड

**भोपा।** भोपा गंग नहर पुल व विद्यालय परिसर में स्टार एलुमनी सम्मान बोर्डष लगाएं गए है। स्टार एलुमनी सम्मान बोर्ड में उन पूर्व छात्रों के फोटो अंकित हैं जो भारतीय सेना,अर्धसैनिक बलों, पुलिस बलों और अन्य सुरक्षा सेवाओं में भर्ती होकर देश व समाज का नाम राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय फलक पर रोशन कर रहें हैं। स्टार एलुमनी सम्मान बोर्ड भोपा क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं

स्टार एलुमनी सम्मान बोर्ड कार्यक्रम के प्रेरक/संयोजक व आयोजक जनता इंटर कॉलेज के जूनियर एनसीसी प्रभारी चीफ ऑफिसर रमन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ष्स्टार एलुमनी सम्मान बोर्ड कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने वाले भारतीय सेना, अर्धसैनिक बलों, पुलिस बलों व अन्य सुरक्षा बलों में शामिल होकर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय फलक पर रोशन करने वाले पुरातन छात्रों को सम्मान देने के लिए लगाए गए हैं। चीफ ऑफिसर रमन सिंह ने कहा कि स्टार एलुमनी सम्मान बोर्ड जनता इंटर कॉलेज भोपा के लिए गौरव और सम्मान का प्रतीक बन गया है।

# बजरंग बली के चरणाभिषेक को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित हनुमद्धाम में आयोजित श्री हनुमत जन्मोत्सव के समापन पर देश के विभिन्न प्रांतों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने बजरंग बली के जयघोष के बीच हनुमान जी की विशाल मूर्ति का चरणाभिषेक किया। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें साधु-संतो व ब्राह्मणों को भोजन कराकर दान दक्षिणा दी गई।

महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद महाराज के सानिध्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष आरके टंडन, भीम सैन गोयल, कंवर सैन गोयल, सत्यप्रकाश रेशु, ओम प्रकाश सिंह, जिया लाल गोयल ने बजरंग बली के जयघोष के साथ विधि-विधान से मंत्रोचारण के बीच हनुमान जी की विशाल मूर्ति का चरणाभिषेक पूजन शुरू किया तत्पश्चात विभिन्न प्रांतों से आए हजारों पुरुष श्रद्धालुओं कुर्ता धोती पहनकर पूजन किया। इसके बाद हनुमान जी आरती की गई। कथा व्यास आचार्य सीताराम शास्त्री व शेखर शास्त्री ने पूजन संपन्न कराया। रामभक्त राज. कुमार अग्रवाल व एनके गुरंग ने श्री हनुमान चालीसा व आरती का गुणगान किया। इस दौरान स्वामी गीतानंद, गोपालदास महाराज, प्रबंधक स्वामी आनन्द स्वरूपानन्द सरस्वती, स्वामी विज्ञानांनद महाराज, कथा वाचक आचार्य मनोज अवस्थी आदि मौजूद रहे। इसके बाद विशाल भंड़ारे का आयोजन किया गया, जिसमें साधु-संतो व ब्राह्मणों को भोजन कराकर बधाई बांटी गई। समापन पर महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद महाराज का राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल व दिल्ली से आए कृष्ण कुमार बंसल ने भावपूजन किया। इसके बाद अन्य श्रद्धालुओ ने महाराज श्री का पूजन किया।



# भोपा में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** कस्बा भोपा में श्री हनुमान जयंती के अवसर पर गुरुवार की सुबह हवन यज्ञ के उपरांत शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया तथा दोपहर के समय एक विशाल शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्ग से निकाली गयी। जिसमें धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक ,देशभक्ति झांकियों का भव्य प्रदर्शन किया गया

शोभायात्रा में डेढ़ दर्जन से अधिक भव्य झांकियों के संग बैंड बाजे,डीजे, ढोल नगाड़े वालों ने धार्मिक गीतों को प्रस्तुति दी।शोभा यात्रा में शामिल अजय कुमार जैन ने जानकारी देकर बताया कि प्रतिवर्ष की भांति श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भव्य विशाल शोभायात्रा का आयोजन कस्बे में किया गया।अनेक स्थानों पर शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया व जलपान कराया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जय श्री राम,जय हनुमान के भक्ति नारे लगा रहे थे।शोभायात्रा की सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ व्यवस्था में जुटे हुए हैं तथा यातायात को भी नियंत्रित करते रहे।



## नये-पुराने एसपी देहात ने किया बुढ़ाना थाने का निरीक्षण

**बुढ़ाना।** नये एसपी देहात महादिक अक्षय संजय और निवर्तमान एसपी देहात आदित्य बंसल ने संयुक्त रूप से बुढ़ाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान एक ही पोस्ट के 2 आईपीएस अधिकारियों को बुढ़ाना कोतवाली परिसर में देखकर अधीनस्थ पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों में जबरदस्त हड़कंप मच गया। नये एसपी देहात का चार्ज संभालने के बाद पहली बार बुढ़ाना कोतवाली में पहुंचे नये एसपी देहात एमए संजय ने पहले कोतवाली बुढ़ाना के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री, एसएसआई ललित कुमार शर्मा और कस्बा इंचार्ज ललित कुमार कसाना सहित सभी पुलिसकर्मियों से परिचय प्राप्त किया और फिर बुढ़ाना कोतवाल को गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराधियों की संपत्ति जब्ती की कार्रवाई में तेजी लाने के भी निर्देशे दिए। उन्होंने बुढ़ाना कोतवाली की बिल्डिंग बना रहे ठेकेदार और बुढ़ाना कोतवाल सुभाष बाबू अत्री के कार्यों की भी प्रशंसा की।


## सार्वजनिक सूचना

मेरा एक पुश्तैनी मकान नम्बर 178 चरथावल रोड निकट शनिधाम मन्दिर खांजापुर थाना कोतवाली नगर तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर में स्थित है इसकी सीमाये पूरब मे - रास्ता 10 फीट चौडा मय मुआयना, पश्चिम में नीलम गार्डन फार्म, उत्तर में खाली प्लाट नामालूम, दक्षिण में मकान रामबीर व इसकी पैमाईश पूरब 18 फीट पश्चिम, 18 फीट उत्तर 20 फीट दक्षिण 20 फीट साथ ही पूरब व उत्तर में 6 x 6 का एक कोना जिसमे छोटी सी बैठक बनी है इसका कुल क्षेत्रफल 36.78 वर्गमीटर यानि 44 वर्ग गज हैं इस मकान में मेरा विद्युत कनैक्शन सं.-7643679095 जो विगत वर्षो से चला आ रहा है, साथ ही मेरे पिता जी सुरेन्द्र दत्त पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद ने मुझ से बतौर गवाहान की उपस्थिति मे नगद 18,00,000/- (अटठारह लाख रूपये में ले रखे है जिसको बाद में यह मकान की उपरोक्त बतौर रकम वो बदले में मेरे हक व कब्जे में देना तय पाया है जो भविष्य मे बदस्तूर रहेगा तथा मेरे मकान पर मेरा व मेरे वारिसान का हक वअधिकार रहेगा।

**विनय दत्ता पुत्र सुरेन्द्र दत्ता**
**निवासी- मकान नम्बर 178**
**चरथावल रोड निकट शनिधाम**
**मन्दिर खांजापुर थाना कोतवाली नगर**
**तहसील सदर, मुजफ्फरनगर**

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति में बाधक बने अधिकारियों को डीएम की फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आज पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सम्बन्ध में जिलाधिकारी आवास के न्यू मीटिंग हॉल में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में विद्युत विभाग से सम्बन्धित समस्याएँ जैसे सत्यापन रिपोर्ट, नेटमीटरिंग स्थापना, कॉन्फिगरेशन, लाभार्थियों के बिल में आ रही त्रुटियों के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आज ही जेई, एसडीओ, अधिशासी अभियन्ताओं के साथ जूम मीटिंग कर पीएम सूर्य घर बिजली योजना के समस्त प्रकरण प्राथमिकता के तौर पर ससमय पूर्ण करने करें। किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। बैंक अधिका. रियों को निर्देश दिये गये कि पीएम सूर्य घर के लिए लोन अतिशीघ्र करना सुनिश्चित करें।

अग्रणी जिला प्रबन्धक को प्रति सप्ताह बैंक अधिकारियों व वैण्डरों के साथ बैठक करने के निर्देश दिये गये है। सभी वैण्डरों को प्रतिदिन 02 संयंत्र स्थापित करने के निर्देश दिये गये तथा जो वैण्डर कार्य नहीं कर रहे है उनको तुरन्त ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने निर्देशित किया कि सभी बैंक अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी व वैण्डर्स, परियोजना अधिकारी संयुक्त रूप से टीम भावना से कार्य करें। वर्तमान में जनपद में 17,352 आवेदन, 14985 वैण्डर सलेक्ट, 8810 लाभार्थियों के यहां सोलर संयंत्र स्थापित कराये गये है। 7643 लाभार्थियों को अनुदान प्राप्त हो चुका है। वैण्डर्स द्वारा प्रचार-प्रसार कर पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति बढाई जा रही है।

## हनुमान जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा

**मोरना।** कस्बे में श्री हनुमान जयंती के अवसर पर गुरुवार दोपहर बाद शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया तथा शाम के समय एक विशाल शोभा यात्रा कस्बे के मुख्य मार्ग से निकाली गयी कि जिसमें अनेक प्रकार की सुंदर धार्मिक झांकियों का प्रदर्शन किया गया इस दौरान बैंड बाजे, डीजे, ढोल नगाड़े वाले भी धार्मिक गीतों को प्रस्तुत किया।

कस्बा मोरना में शोभा यात्रा कस्बे के बाजार, करहेड़ा मार्ग, मेला ग्राउंड, जानसठ मार्ग, मुजफ्फरनगर मार्ग, शुक्रताल मार्ग, बस स्टैंड सहित अनेक स्थानों पर निकाली गई जहां मुजफ्फरनगर मार्ग पर यात्रा का स्वागत प्रसाद वितरित कर किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे वहीं शोभा यात्र को देखने के लिए भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मार्गो के किनारे उमड़ आई दर शाम यात्र का समापन हुआशोभायात्र की सुरक्षा को लेकर मोरना चौकी प्रभारी पिंटू कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।शोभायात्र प्रधान सर्वेन्द्र राठी, हरि गोपाल माहेश्वरी, आशीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# बीआईटी में 17-18 अप्रैल को राष्ट्रीय एआई समिट का आयोजन

**मीरापुर।** भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा 17 व 18 अप्रैल 2026 को हनेशनल एआई समिट 2026ह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित समिट का आयोजन भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में किया जाएगा, जिसमें शिक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े नवीनतम नवाचारों और तकनीकों पर व्यापक चर्चा होगी।

समिट के प्रचार-प्रसार हेतु संस्थान परिसर में लीफलेट का भव्य विमोचन किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, डायरेक्टर डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. पुष्पनील वर्मा, फाइनेंस ऑफिसर सी.ए. दुष्यंत कुमार और डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि यह समिट देश-विदेश के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर एआई, मशीन लर्निंग, एजेंट्स, हेल्थकेयर और उद्यमिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श का अवसर प्रदान करेगा। समिट में प्रो. नीलेंद्र बादल, प्रो. अरविंद डागर, प्रो. अनिल कुमार दुबे, प्रो. तरुण कुमार रेन्नी बाल्लू और प्रो. क्षितिज सिंघल जैसे प्रतिष्ठित विशेषज्ञ अपने व्याख्यान देंगे। इस दौरान एआई लीडरशिप 'अंतक भी प्रदान किए जाएंगे, जिसके लिए इच्छुक प्रतिभागी स्वयं नामांकन कर सकते हैं। कार्यक्रम में डीन डॉ. अजय सिंह, फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. सचिन सिंहल, नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. विजया डी., एचओडी निकुल कुमार, डॉ. कार्वेंद्र यादव, गौरव राजपूत और उदित कुमार चौहान सहित अन्य फैकल्टी सदस्य भी मौजूद रहे।

# गोकुला देवी मंदिर में 6 दिवसीय मेले का समापन



**शाहपुर।** प्राचीन सिद्धपीठ मां गोकुला देवी मंदिर समिति के तत्वाधान मे आयोजित छह दिवसीय पारंपरिक मेले का बुधवार रात्रि को भव्य समापन मुख्य अतिथियों द्वारा मां गोकुला देवी की महाआरती के साथ श्रद्धा और विधि-विधानपूर्वक किया गया। समापन अवसर पर मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति व उत्साह से सराबोर रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री एवं वरिष्ठ व्यापारी नेता प्रमोद मित्तल, नगर के प्रमुख चिकित्सक डॉ. गौरव सैनी, प्रमुख शिक्षाविद रणवीर आर्य और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह एडवोकेट संदीप बंसल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मां गो. कुला देवी के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की और श्रद्धालुओं के साथ महाआरती में सहभागिता की। इस दौरान मंदिर कमेटी द्वारा प्रकाशित पर्व पत्रिका के 18 वे संस्मरण का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर मंदिर एवं मेला कमेटी प्रबंधक अजय बंसल भगतजी, मंदिर कोषाध्यक्ष सुरेंद्र जिंदल, विजय बंसल, मनोज सिंघल, संदीप जैन, मनीष सिंघल, सोनू नामदेव, प्रदीप प्रजापति, हरिओम पुंडीर, अजय गोयल, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, पत्रकार रविंद्र कुमार, मास्टर चतुर्वेदी, नवीन राना,मास्टर राकेश सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# खतौली में चुनावी माहौल गर्म, सैनी चेहरे फिर केंद्र में दावेदारों ने तेज किया जनसंपर्क

**खतौली।** वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव भले अभी दूर हों, लेकिन खतौली क्षेत्र में सियासी हलचल तेज होती नजर आ रही है। चुनाव की तारीखों और प्रत्याशियों की आधिका. रिक घोषणा से पहले ही संभावित उम्मीदवारों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है और जनता के बीच लगातार पहुंच बना रहे हैं।

सैनी बाहुल्य मानी जाने वाली खतौली विधानसभा सीट पर इस बार भी सियासी समीकरण उसी दिशा में बनते दिख रहे हैं। अब तक के रुझान बताते हैं कि भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी दोनों ही दल एक बार फिर सैनी समाज से उम्मीदवार उतारने की रणनीति पर काम कर सकते हैं। हालांकि दोनों दलों की ओर से अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। भाजपा खेमे में निषाद पार्टी से जुड़े एडवोकेट राकेश सैनी इन दिनों काफी सक्रिय हैं। वह लगातार गांव-गांव जाकर लोगों से मुलाकात कर रहे हैं, उनके सुख-दुख में शामिल हो रहे हैं और विकास के मुद्दों पर समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने अंतवाड़ा, खंजापुर और निठारी समेत कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उधर समाजवादी पार्टी में भी राजनीतिक गतिविधियां तेज हैं। संभावित प्रत्याशी श्यामलाल बच्ची सैनी क्षेत्र में लगातार दौरे कर रहे हैं और जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने में लगे हैं। पार्टी सूत्रें की मानें तो उनका टिकट लगभग तय माना जा रहा है, हालांकि अंतिम मुहर लगना अभी बाकी है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यदि दोनों प्रमुख दल सैनी समाज से ही उम्मीदवार उतारते हैं, तो मुकाबला कड़ा और दिलचस्प होने की पूरी संभावना है। आने वाले दिनों में प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही चुनावी तस्वीर और साफ हो जाएगी।



# खेल के मैदान में युवाओं ने दिखाया दम खम

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र मे स्थित श्री प्यारे जी महाराज स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रांगण में 10 दिवसीय आयोजित जूनियर नेशनल मिक्स्ड नेटबॉल चौंपियनशिप का भव्य समापन कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर पूर्व विधायक उमेश मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मैदान पर युवाओं का जोश और जज्बा वाकई काबिले तारीफ था। फाइनल के रोमांचक नतीजे हरियाणा कर्नाटक को कड़े मुकाबले में हराकर खिताबी जीत दर्ज की। हिमाचल राजस्थान के खिलाफ शानदार जीत हासिल की।

विजेता और उपविजेता दोनों ही टीमों को उनकी खेल भावना के लिए बहुत बहुत बधाई। खेल केवल जीतना नही बल्कि खुद को पहले से बेहतर बनाना है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यही उभरते खिलाड़ी भविष्य में अंतरराष्ट्रीय पटल पर देश का तिरंगा लहराएंगे।

कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, जितेंद्र मलिक प्रधान, विकास मलिक प्रधान, मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर, पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, कुलदीप बागड़ी, अशोक कुमार, पवन वर्मा और सोनू बालियान आदि मौजूद रहे।



# गंदे मैसेज भेज महिला को कर रहे हैं ब्लैकमेल

**बुढ़ाना।** 2 रोमियों एक घरेलू महिला के फोटो को एडिट करने के बाद उस पर अश्लील फोटो व वीडियो लगाकर उसके पिता के मोबाइल फोन पर भेज महिला को ब्लैकमेल कर रहे हैं। उधर पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दोनों रोमियों की तलाश शुरु कर दी है।

बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सफीपुर पटी निवासी एक महिला ने बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देते हुए बतलाया कि तौफीक पुत्र नफीस और आशू पुत्र इदरीश लगातार उसको ब्लैकमेल कर एक मामले में फैसले का दबाव बना रहे हैं। जिसके चलते तौफीक उसके पिता के मोबाइल पर अश्लील आपत्तिजनक फोटो एडिट करके गाली गलोज और गंदे मैसेज भेज रहा है और कह रहा है कि यदि उन्होंने फैसला नही किया तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। जिसकी रिकार्डिंग उसके पिता के फोन में भी मौजूद है।उसकी शादी हो चुकी है। एडिट फोटो वायरल होने पर उसकी शादी टूटने के कगार पर आ गयी है। इससे उसकी और उससे परिजनों की मान प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है। वे खुलेआम कहते घूम रहे हैं कि यदि फैसला नही किया तो हम उसे बेइज्जत जरूर करेंगे। जिससे वह और उसका परिवार डर के साये मे जी रहे हैं क्योंकि दोनों दबंग व्यक्ति हैं। तौफीक का अपराधिक इतिहास भी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करके दोनों रोमियों की तलाश शुरू कर दी है।

# दीवान सिंह स्कूल में संपन्न हुआ वार्षिक परीक्षाफल




**मुजफ्फरनगर।** श्री दीवान सिंह पब्लिक स्कूल तितावी, मुजफ्फरनगर के प्रांगण में विद्यालय का वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं आशीर्वाद समारोह धूमधाम से मनाया गया स जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 9 वी कक्षा 11 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया सकार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक डॉ विपिन कुमार सिंह अधिशासी समन्वयक प्रवीण कुमार पुंडीर विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास शर्मा दीवान सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य तरसपाल पुंडीर पीटी उषा इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य उषा सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया स

विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा जिसमें लगभग 400 छात्र छात्राओं का परीक्षा फल 70 से लेकर 98: के मध्य रहा 300 विद्यार्थियों का प्रतिशत 60 से 70 प्रतिशत के बीच में और रहा और 50 से 60 प्रतिशत के बीच में लगभग डेढ़ सौ विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रहा सकक्षा में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया सविद्यालय में अधिकतम उपस्थिति के लिए भी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया सकार्यक्रम में बोलते हुए प्रबंधक ने बतलाया की विद्यालय लगभग 25 वर्ष से क्षेत्र के अग्रणी विद्यालयों में से एक है विद्यालय में सभी आधुनिक सुविधा उपलब्ध हैं विद्यालय में विषय का ज्ञान रखने वाले अध्यापक प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं कम खर्च में सीबीएसई पैटर्न की शिक्षा देने वाला विद्यालय श्री दीवान सिंह पब्लिक स्कूल ही है स विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास शर्मा ने सत्र 2025 -26 की वार्षिक रिपोर्ट पेश की जिसमें उन्होंने बतलाया की विद्यालय के कई छात्र-छात्राएं अच्छी नौकरियों में सेवारत है आईपीएस जैसी पद पर भी विद्यालय के छात्र हैं विद्यालय क्षेत्र का एकमात्र अनुशासित एवं शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी विद्यालय है ।

# अग्नि सुरक्षा जागरुकता को लेकर मेपल्स एकेडमी में हुआ कार्यक्रम

**बुढाना।** मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना में बृहस्पतिवार के दिन अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजीव गर्ग, अन्नया गर्ग, प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा और उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव की उपस्थिति में पुलिस अधिकारियों तथा अग्निशमन अधिकारी राम किशोर यादव ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में बच्चों को अचानक लगने वाली आग के विभिन्न कारणों जैसे शॉर्ट सर्किट, गैस सिलेंडर तथा पेट्रोल के बारे में विस्तार से बताया गया तथा उनसे बचाव के उपाय समझाए गए। साथ ही आग बुझाने वाले सिलेंडर के प्रयोग की विधि भी प्रदर्शित की गई। बच्चों को पास विधि, पुल, एम, स्क्वीज और स्वीप के माध्यम से आग बुझाने का सही तरीका सिखाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा ही सबसे बड़ी सावधानी है तथा सभी विद्यार्थियों को इन नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों से विभिन्न प्रश्न पूछे गए। जिनका विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक उत्तर देकर अपनी समझ का परिचय दिया। यह जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा। जिससे विद्यार्थियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी और आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित हुई।



## संक्षिप्त समाचार

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान ने पकड़ी रफ्तार

**खतौली।** नगर में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान अब तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। गुरुवार को अभियान के दूसरे दिन नगर पालिका प्रशासन पूरी सक्रियता के साथ मैदान में नजर आया। अधिशासी अधिक. री (ईओ) राजीव कुमार ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और लोगों को स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।इस मौके पर ईओ ने अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने तथा बीमारियों से बचाव के प्रति सजग रहने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान महज औपचारिक नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण प्रयास है। अभियान की शुरुआत वार्ड नंबर-1 देवीदास क्षेत्र से की गई, जहां टीमों ने घर-घर जाकर सर्वे किया और लोगों को जागरूक किया। ईओ के अनुसार 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चलने वाले इस अभियान के तहत नगर के सभी वार्डों को कवर किया जाएगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय, पंचायती राज और शिक्षा विभाग मिलकर संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। दूसरे दिन भी सफाई कर्मियों ने विभिन्न वार्डों में व्यापक सफाई अभियान चलाया। साथ ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, फॉगिंग और एंटी-लार्वा गतिविधियां तेज़ की गईं। जलभराव की समस्या को खत्म करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि मच्छरों के पनपने पर रोक लगाई जा सके। स्वास्थ्य अधिकारी नेपाल सिंह ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास साफ-सफाई रखें, कहीं भी पानी जमा न होने दें और मच्छरों से बचाव के सभी जरूरी उपाय अपनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी व्यक्ति में संचारी रोग के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।अभियान के दौरान नगर पालिका और स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार लोगों को जागरूक करने में जुटी रहीं।

### अगला चुनाव मजबूती से लड़ेगी सामाजिक न्याय पार्टी : कश्यप

**बुढ़ाना।** विधानसभा के शाहपुर कस्बे में वृन्दावन गार्डन फार्म हाउस में सामाजिक न्याय पार्टी का विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन बड़े उत्साह और जनसैलाब के साथ सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. देवेंद्र कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। कार्यक्रम में पार्टी के कई जिम्मेदार पदाधिकारी भी मौजूद थे, जिनमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश तुरहा, सत्येंद्र मास्टर, बृजमोहन, राष्ट्रीय महासचिव धन कुमार सैनी, प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कश्यप, प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष शेखर कश्यप, राष्ट्रीय प्रचारक सौराम कश्यप, प्रदेश सचिव सोदीप सैनी, जिला अध्यक्ष सुशील पांचाल, ब्लॉक अध्यक्ष शाहपुर पप्पू कश्यप, जिला उपाध्यक्ष धूम सिंह सैनी, जिला मंत्री श्रीपाल सैनी, प्रदेश सचिव अनिल कश्यप और भावी प्रत्याशी वार्ड 20 के संजीव पाल शामिल थे। हजारों कार्यकर्ता और समर्थक में उपस्थित रहे, जिससे पार्टी की मजबूत पकड़ और व्यापक जनसमर्थन की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान ई. देवेंद्र कश्यप ने कहा कि पार्टी आगामी चुनावों में मजबूती से लड़ेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मेहनत और ईमानदारी के साथ कार्य करने का आग्रह किया, ताकि सामाजिक न्याय पार्टी के सिद्धांतों को आगे बढ़ाया जा सके और पार्टी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जा सके। इस सम्मेलन ने पार्टी की एकजुटता और संकल्प को अभिव्यक्त किया,जो आगामी राजनीतिक संघर्ष में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

### खतौली पालिका में नामित सभासदों ने ली शपथ

**खतौली।** नगर पालिका परिषद खतौली में गुरुवार को मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह उत्साह और जोश के बीच संपन्न हुआ। सरकार द्वारा नामित रजत जैन, सोनिका रहेजा, मनोज सैनी, अजय कुमार और दिमाग सिंह को उपजिलाधिकारी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी मौजूद रहे। उनके साथ नगर अध्यक्ष प्रवीण ठकराल सहित पार्टी के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।समारोह से पहले कार्यकर्ता घंटाघर पर एकत्रित हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए काफिले के रूप में कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। रास्ते भर नव-नामित सभासदों का स्वागत किया गया, जिससे माहौल पूरी तरह राजनीतिक रंग में रंगा नजर आया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार और पालिका टीम ने कार्यक्रम की व्यवस्थाएं संभालीं, जबकि प्रशासन ने भी आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित बनाने के लिए जरूरी इंतजाम किए। शपथ लेने के बाद सभासदों ने नगर विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। मनोज सैनी ने विशेष रूप से वार्ड नंबर एक की जर्जर सड़कों के सुधार का मुद्दा उठाया और इसे जल्द दुरुस्त कराने का भरोसा दिया। अन्य सभासदों ने भी साफ-सफाई, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता में शामिल करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने नव-नियुक्त सभासदों को बधाई दी और उनसे नगर के विकास की उम्मीद जताई। यह समारोह नगर में नई जिम्मेदारियों के साथ विकास की उम्मीदों को भी मजबूत करता नजर आया।

### हास्पिटल में स्वास्थ्य विभाग की छापामारी

**( महक कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन स्थानीय स्वास्थ्य विभाग ने बुढाना की सफीपुर पटी पुल पार किसी एक हस्पताल में अचानक से छापा मारा लेकिन इस छापामार कार्यवाही के पीछे कई सवाल जरुर छोड़ गया। इस हस्पताल में क्या अनियमितता पाई गयी यह तो कोई बताने को तैयार ही नहीं दिखा लेकिन अन्य अवैध रुप से काफी दिनों से स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के कुछ अधिकारी और कर्मचारियों की शह पर चल रहे हस्पतालों को छेडा तक नहीं गया। दरअसल आज जिस हस्पताल पर छापामार कार्यवाही हुई है उस हस्पताल के संचालक को कुछ यूटड्बरों ने पिछले साल से घेरा हुआ था। संचालक को सीएमओ की बड़ी कार्यवाही का डर दिखाकर ब्लैकमेल भी किया गया और रकम भी डकारी गयी। इन यूटड्बरों ने ऐसे संचालकों की नाक में दम किया हुआ है। वे यहां के कुछ भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारियों से सेटिंग कर इघ्नध बेचारे संचालकों से प्रतिमाह अच्छी खासी रकम वसूलने का काम करते हैं और शायद ये ही काम आज भी हुआ। अगर समय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से इस संबंध में बात भी करें तो उनका रटा रटाया ये ही जवाब मिलता है कि किसी की शिकायत थी इसलिए छापा मारा गया। इसका मतलब साफ है कि अगर किसी भी व्यक्ति को किसी भी ऐसे हास्पिटल के संच. ालक से दुश्मनी निकालनी है बस वो स्थानीय स्वास्थ्य विभाग को लिखकर दे कि इस पर छापा मरो और बस इतनी सी शिकायत पर छापा लगता है और फिर अच्छी खासी वसूली की जाती है। यह खेल यहां पर खूब चल रहा है लेकिन कोई भी संबंधित अधिकारी इस और ध्यान देने को तैयार नहीं है। क्या जिसकी शिकायत हो रही है वो ही हस्पताल संचालक डिफाल्टर है बाकियों को तो शायद क्लीन चिट मिल गयी जो उन पर छापा नहीं मारा जाता। कुल मिलाकर जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील तेवतिया इस मामले में निष्पक्ष जांच बिठाएंगे या फिर जो भी व्यक्ति अपनी दुश्मनी निकालने के लिए किसी भी हस्पताल संचालक की झूठी सच्ची शिकायत करेगा वो डिफाल्टर हो जाएगा। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में जब हमने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी डाक्टर प्रणव तेवतिया से मोबाइल फोन पर बात करनी चाही तो उनसे कोई भी संपर्क नहीं हो सका।

### बिजली लाइन के तार चोरी

**भोपा।** जौली विद्युत उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र में विद्युत लाइन के तार चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है।पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीबीआईपी इंफटेक लिमिटेड में साइट इंजीनियर के पद पर कार्यरत नीरज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी कंपनी द्वारा आरडीएसएस योजना के अंतर्गत बिजली लाइन का निर्माण कार्य कराया जा रहा था।बताया गया कि बीते 26 मार्च को गांव जौली में स्थित विद्युत उपकेंद्र के लाइनमैन द्वारा फेज तैयार कर कंपनी को सौंपा गया था, जिसके बाद अलीपुरा-तिस्सा खोकनी मार्ग पर नई विद्युत लाइन का निर्माण कराया गया। लेकिन बीते 26 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने करीब 20 खंभों की लाइन के बिजली तार चोरी कर लिए। घटना की जानकारी मिलने के बाद शिकायतकर्ता द्वारा थाने में तहरीर दी गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# एसएसपी ने मालखाने भवन का किया उद्घाटन

**बुढ़ाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बीती बुधवार की देर रात फुगाना थाना परिसर में पहुंचकर नवनिर्मित मालखाना भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने सराय चौकी पर बनी नई बैरक का भी फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर एसएसपी वर्मा ने थाना परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क और मालखाने समेत अन्य शाखाओं की कार्य प्रणाली का गहन अवलोकन किया। यहां पर निरीक्षण के दौरान, एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने मालखाने में अभिलेखों के व्यवस्थित रखरखाव, जब्त माल की सुरक्षा और समयबद्ध निस्तारण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली पीड़ित महिलाओं के साथ संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर व्यवहार सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। थाना कार्यालय के निरीक्षण में, अभिलेखों के रखरखाव, लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण और जनसुनवाई की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और आमजन के प्रति मित्रवत व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया।एसएसपी वर्मा ने कहा कि नवनिर्मित माल खाना भवन से थाना स्तर पर कार्यों में पारदर्शिता, सुव्यवस्था और दक्षता बढ़ेगी, जिससे न्यायिक प्रक्रिया को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निष्ठा व ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों और ग्राम प्रहरियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी फुगाना यतेन्द्र नागर और थाना प्रभारी फुगाना विजय कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की भी मौजूदगी देखने को मिली।



# भोजाहेडी में धूमधाम से निकाली बालाजी शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** ब्लॉक के गांव भोजाहेडी में बालाजी जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम की शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा का मंडल अध्यक्ष अजय पवार ने फीता काटकर शुभारंभ किया

मिली जानकारी के अनुसार गांव भोजाहेडी शिव मंदिर में भगवान बालाजी महाराज की शोभा यात्रा बड़े धूमधाम से निकल गई शोभा यात्रा का पुरकाजी मंडल अध्यक्ष अजय पवार में फीता काटकर शुभारंभ किया शोभायात्रा के दौरान मंदिर में हमनपूजन कर गांव के रास्ते से निकालकर मंदिर में समापन हुआ यात्रा में बैंड बाजे के साथ व डीजेके साथ बालाजी के भजनों पर जमकर भक्ति का आनंद लिया गांव में रास्तों पर बालाजी शोभायात्रा में केले के प्रसाद व शर्बत बनाकर जगह-जगह भक्तों को पिलाया गया शोभा यात्रा पर जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई इस मौके पर शिव मंदिर के पुजारी संदीप शर्मा तेजपाल सिंह पालअशोक गिरी मुकेशराजकुमार पाल प्रधान सचिन कुमार कंवरपाल धीमान अजमेर प्रजापत गुरद. ास प्रजापत रालोद नेता अमित गोयल मो. हनलाल प्रजापत उत्तम राणा दयाल गुप्ता विनीत गुप्ता परीक्षित पाल मोहनलाल धीमान टीटू पाल हित हरिवंश युवराज पाल गौरव गुप्ता नीतू पाल संजय प्रजापत मोहनलाल प्रजापत ऋतिक पाल आदि शोभायात्रा में मौजूदरहे।



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शामली में गेहूं खरीद कार्यशाला का हुआ आयोजन

## बैठक में किसानों को दी गई विस्तृत जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को अपर जिलाधिकारी द्धन्यायिकत्रः एवं जिला खरीद अधिकारी सोहनलाल की अध्यक्षता में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी योजना के अंतर्गत गेहूं खरीद को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले के संबंधित अधिकारियों एवं क्रय एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 30 मार्च 2026 से गेहूं खरीद प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में कुल 28 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के 4, पीसीएफ के 16, पीसीयू के 5 तथा भारतीय खाद्य निगम के 3 केंद्र शामिल हैं। इनमें से 4 केंद्रों को मोबा. इल क्रय केंद्र के रूप में भी विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये अधिक है। गेहूं खरीद की अवधि 30 मार्च से 15 जून 2026 तक निर्धारित की गई है। क्रय केंद्र रविवार और राजपत्रित अवकाश को छोड़कर अन्य कार्यदिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। कार्यशाला में किसानों को यह भी बताया गया कि



यदि उनका गेहूं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है, तो वे स्वयं उसकी सफाई और छनाई कर सकते हैं। यदि यह कार्य केंद्र पर श्रमिकों द्वारा कराया जाता है, तो अधिकतम 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से भुगतान करना होगा, जिसकी प्रतिपूर्ति किसानों को पीएफएमएस के माध्यम से उनके बैंक खाते में की जाएगी। किसानों को गेहूं बेचने के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण या नवीनीकरण कराना अनिवार्य होगा। किसान 'किसान मित्र' ऐप के जरिए भी क्यूआर कोड स्कैन कर पंजीकरण कर सकते हैं। बटाईदार किसान भी पंजीकरण कर अपनी उपज बेच सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि खरीदे गए गेहूं का भुगतान ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से किसानों के सत्यापित बैंक खातों में 48 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। क्रय केंद्रों पर खरीद पहले आओ, पहले पाओ के सिद्धांत पर होगी। अधिक भीड़ होने की स्थिति में अ ॉफलाइन टोकन व्यवस्था लागू की जाएगी। महिला, वृद्ध और दिव्यांग किसानों को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही ई-पॉप मशीन के माध्यम से बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण के बाद ही गेहूं की खरीद को मान्यता दी जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने सभी क्रय एजेंसियों को निर्देश दिए कि केंद्रों पर सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं तथा गेहूं को बारिश और अन्य आपदाओं से बचाने के लिए उचित प्रबंध किए जाएं। उन्होंने छोटे और सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया। कार्यशाला में सभी संबंधित अधिक. ारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भट्टा मजदूर यूनियन ने डीएम कार्यालय पर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भट्टा मजदूर यूनियन के मंडल अध्यक्ष कुलदीप कुड़ाना के नेतृत्व में मजदूरों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मजदूरों ने अपनी मूलभूत सुविधाओं और अधिक. ारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञापन में मजदूरों ने वर्ष 2025-26 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी संबंधी शासनादेश को तत्काल लागू कराने की मांग की। उनका कहना है कि कई स्थानों पर अभी तक निर्धारित मजदूरी का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों ने भट्टों पर मूलभूत सुविधाओं की कमी को भी गंभीर समस्या बताया। उन्होंने मांग की कि सभी भट्टों पर शौचालय, बिजली और स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा मजदूरों के लिए प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, ईंधन के लिए लकड़ी की व्यवस्था करने तथा उनके बच्चों के लिए शिक्षा की उचित व्यवस्था किए जाने की भी मांग उठाई गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि भट्टा मजदूरों के साथ-साथ कुम्हार और अन्य श्रमिक वर्गों के लिए भी न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित की जाए तथा मजदूरी में किसी भी प्रकार की कटौती न की जाए। मजदूरों ने प्रशासन से मांग की कि इस संबंध में सख्त निगरानी रखी जाए, ताकि श्रमिकों का शोषण न हो। इसके अतिरिक्त मजदूरों ने जिले में अपात्र राशन कार्डों को निरस्त कर पात्र भट्टा मजदूरों के नए राशन कार्ड बनाए जाने की मांग भी उठाई। इस दौरान अनिल भाजू, अरविंद और विनयपाल सहित अन्य मजदूर उपस्थित रहे।

# थानाभवन क्षेत्र की बेटी ने योग में गोल्ड जीतकर, प्रदेश का नाम किया रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव मंटी हसनपुर निवासी बालेश सैनी की 14 वर्षीय पुत्री होनहार छात्रा जस्सी सैनी ने योग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने गांव और क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर गांव पहुंचने पर ग्राम वासियों ने भव्य स्वागत कर गर्व जताया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ स्थित रयात बहरा यूनिवर्सिटी में एक राष्ट्रीय स्तर का टैलेंट शो आयोजित किया गया जिसका नाम हकितना है दमह्न था। इस प्रतियोगिता में देशभर से 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें डांस, योग, और गायन जैसी विभिन्न विधाएं शामिल थीं। योग कैटेगरी में 50 से अधिक प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई।इस कड़े मुकाबले में जस्सी सैनी ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक के आधार पर प्रथम स्थान हासिल किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। साथ ही उन्हें संस्था की ओर से 5000 रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।

सबसे खास बात यह रही कि जस्सी सैनी ने योग की शुरुआत किसी कोचिंग सेंटर से नहीं बल्कि मोबाइल के जरिए ऑनलाइन वीडियो देखकर की। तीन साल पहले तक वह मोबाइल से योग सीखती थीं और पिछले दो वर्षों से स्वयं अभ्यास कर अपने कौशल को निखारा। आज उसी मेहनत का परिणाम है कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई।जहां आजकल अधिकांश बच्चे मोबाइल को केवल मनोरंजन का साधन बना रहे हैं वहीं जस्सी सैनी ने उसी मोबा. इल का सकारात्मक उपयोग कर अपनी प्रतिभा को निखारा और सफलता की नई मिसाल पेश की। जस्सी सैनी की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और वह अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा बनकर उभरी हैं।

# शत्रु संपत्ति पर पालिका कर रही नाला निर्माण

## नियमों को ताक पर रख नगर पालिका उड़ा रही सरकारी धन

**□ जहां न आबादी, न जलभराव फिर किसके लिए बन रहा नाला, सबमर्सिबल तोड़ा, ट्रांसफार्मर की जाली हटाने का भी प्रयास।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर में शत्रु संपत्ति पर कराए जा रहे नाला निर्माण को लेकर नगर पालिका परिषद सवालों के घेरे में आ गई है। आरोप है कि सरकार द्वारा घोषित शत्रु संपत्ति पर बिना स्पष्ट आवश्यकता और नियमों की अनदेखी करते हुए नाले का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार जिस दिशा में नाला बनाया जा रहा है, वहां न तो कोई आबादी है और न ही जल निकासी की कोई वास्तविक समस्या दिखाई देती है। ऐसे में लोगों के मन में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर किस आधार पर इस स्थान को नाला निर्माण के लिए चुना गया।

जानकारों का कहना है कि शत्रु संपत्ति केंद्र सरकार के अधीन होती है और उस पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य कराने से पहले संबंधित





विभागों से अनुमति लेना आवश्यक होता है। इसके बावजूद नगर पालिका परिषद द्वारा इस भूमि पर नाला निर्माण कराए जाने से नियमों की अनदेखी की आशंका गहराती जा रही है।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बिना जरूरत के ऐसे निर्माण कार्य कराकर सरकारी धन की बर्बादी की जा रही है, जबकि जिम्मेदार अधिक. ारी पूरे मामले से बेखबर बने हुए हैं। लोगों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और नाला निर्माण से संबंधित स्वीकृति व दस्तावेज सार्वजनिक करने की मांग की है।बताया जाता है कि नाला निर्माण कराने की जल्दबाजी में ठेकेदार ने वहां पहले से लगा नगर पालिका का सबमर्सिबल भी तुड़वा दिया, जिससे सड़क पर पानी फैलने लगा। इतना ही नहीं, पास में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर की सुरक्षा जाली को भी हटाने के लिए विद्युत टीम को बुलाने का प्रयास किया गया। मुख्य मार्ग होने के कारण वहां से स्कूली बच्चे और राहगीर भी गुजरते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना हुआ था। बाद में वार्ड सभासद मोहसिन के प्रयासों से वहां बैरिकेडिंग कराई गई, जिससे संभावित दुर्घटना टल सकी।उधर, इस पूरे मामले में नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका पक्ष नहीं मिल सका। नगर में यह मामला अब चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर नियमों को दरकिनार कर यह निर्माण कार्य किसके इशारे पर कराया जा रहा है। वही जब इस सम्बंध में कैराना नगर पालिका अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप से जानकारी करने के लिए फोन किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं कि। इस संबन्ध में तहस. ीलदार कैराना अर्जुन चौहान का कहना है कि शत्रु संपत्ति पर नाला निर्माण की शिकायत मिली थी, जिसके बाद ईओ कैराना को बुलवाकर निर्माण को रोक दिया गया है।

# भाकियू महात्मा टिकैत का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाकियू महात्मा टिकैत के पदाधिकारियों ने युवा जिलाध्यक्ष राहुल चौधरी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने अपनी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को उठाते हुए राष्ट्रपति के नाम अपर जिला. धिकारी सत्येंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कहा कि वर्तमान समय में किसान कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन उनकी समस्याओं पर केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रबी सीजन की फसलों, विशेष रूप



से गेहूं और सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य द्धएमएसपीत्रः पर खरीद सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। किसानों ने हरियाणा सरकार की नई प्रक्रियाओं पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि गेट पास बनवाने के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन और ट्रैक्टर-ट्रॉली पर नंबर प्लेट अनिवार्य कर उसका फोटो अपलोड करने जैसी व्यवस्थाएं बेहद जटिल और अव्यवहारिक हैं। इन नियमों के कारण मंडियों में अनावश्यक देरी हो रही है और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो रही है। किसानों ने इन नियमों को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की। इसके अलावा किसानों ने गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्रों को न्याय पंचायत स्तर पर स्थापित करने की मांग उठाई। उनका कहना है कि शहरों में स्थित क्रय केंद्रों पर अक्सर कर्मचारियों और व्यापारियों की मिलीभगत के चलते किसानों की उपज की खरीद प्रभावित होती है। आरोप लगाया कि कई स्थानों पर किसानों की बजाय व्यापारियों के गेहूं को प्राथमिकता दी जाती है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान सतपाल, इमरान, सुनील, देवेंद्र, आजाद, शुभम शर्मा, विकास बालियान और अमित चौधरी सहित कई किसान मौजूद रहे।

# सिटी बिजलीघर पर उपभोक्ताओं का हंगामा

## स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सिटी बिजलीघर पर गुरुवार को विद्युत उपभोक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग पर बिना पूर्व सूचना के बिजली कनेक्शन काटने का आरोप लगाया और स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर नारा. जगी जताई। इस दौरान बिजली बिल जमा करने को लेकर भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि पिछले एक महीने से स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को अचानक बिजली गुल होने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्मार्ट मीटर की एडवांस तकनीक के तहत बकाया बिल या बैलेंस खत्म होते ही कनेक्शन स्वतः बंद हो जाता है। इसी कारण कई उपभोक्ताओं के घरों की बिजली बिना किसी पूर्व सूचना के कट गई, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया।

गुरुवार को बड़ी संख्या में उपभोक्ता सिटी बिजलीघर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि रात के समय अचानक बिजली चली गई, जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। उपभोक्ताओं का कहना था कि यदि पहले से सूचना दी जाती तो वे समय पर बिल जमा कर देते। उन्होंने स्मार्ट मीटर को आम जनता के हित में न बताते हुए इसे हटाकर पुराने मीटर दोबारा लगाने की मांग की। इसके साथ ही उपभोक्ताओं ने एडवांस पेमेंट प्रणाली का भी विरोध किया। उनका कहना था कि पहले की तरह बिल आने के बाद भुगतान की व्यवस्था अधिक सुविधाजनक थी, जबकि एडवांस सिस्टम से उन्हें अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। हंगामे के दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर उपभोक्ताओं को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि बिल जमा होने के दो घंटे के भीतर बिजली कनेक्शन पुनः चालू कर दिया जाएगा। भीड़ को देखते हुए बिजली विभाग ने अतिरिक्त काउंटर भी लगाए, ताकि उपभोक्ताओं को बिल जमा करने में सुविधा मिल सके। इसके बावजूद लंबी कतारें लगी रहीं और कई जगह धक्का-मुक्की की स्थिति भी देखने को मिली। इस मौके पर राकेश कुमार, वाहिद, दीपक कुमार, सागर, जितेंद्र, शमशाद, सुरेश कुमार और रमेश वर्मा सहित कई उपभोक्ता मौजूद रहे।

# शामली में नीट परीक्षा केंद्र की मांग

## सांसद इकरा हसन ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना लोकसभा क्षेत्र की सांसद इकरा हसन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को ज्ञापन सौंपकर जनपद शामली में नीट परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाने की मांग की है। उन्होंने इस मुद्दे को छात्रों के हित से जुड़ा बताते हुए इसे गंभीरता से लेने की अपील की।

सांसद ने अपने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा द्धनीटत्रः के लिए शामली जिले में कोई भी परीक्षा केंद्र उपलब्ध नहीं है। इसके कारण यहां के छात्रों को परीक्षा देने के लिए अन्य जिलों में जाना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए कठिन साबित होती है, जो ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं या आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इकरा हसन ने कहा कि दूर-दराज के परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में छात्रों को परिवहन, समय और अतिरिक्त खर्च जैसी कई समस्याओं



का सामना करना पड़ता है। कई बार छात्रों को परीक्षा से एक दिन पहले ही दूसरे शहर में ठहरना पड़ता है, जिससे उनके ऊपर मानसिक दबाव भी बढ़ता है। ऐसे में यह व्यवस्था उनकी तैयारी और प्रदर्शन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। उन्होंने अपने ज्ञापन में इस बात पर जोर दिया कि शामली जनपद और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। बावजूद इसके, परीक्षा केंद्र का अभाव उनके लिए एक बड़ी बाधा बना हुआ है। सांसद ने कहा कि यदि जिले में ही परीक्षा केंद्र स्थापित किया जाता है तो इससे छात्रों को न केवल सुविधा मिलेगी, बल्कि उन्हें समान अवसर भी प्राप्त होंगे। सांसद ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि आगामी नीट परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए शामली में एक या एक से अधिक परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाएं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। इकरा हसन ने कहा कि यदि यह मांग पूरी होती है, तो इससे हजारों छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा और वे बिना किसी अनावश्यक परेशानी के अपनी परीक्षा दे सकेंगे। उन्होंने इसे क्षेत्र के शैक्षिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# डिजिटल जनगणना 2027 को लेकर बैठक

## 3500 प्रगणक और 450 सुपरवाइजर किए जाएंगे नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को डिजिटल जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं जिला जनगणना अधिकारी श्री सत्येंद्र सिंह ने की। इस दौरान जनगणना से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में अधिकारियों को जानकारी दी गई कि जनगणना किसी भी देश के निवासियों की भौगोलिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति का एक निश्चित समय पर किया जाने वाला व्यापक आकलन है। यह प्रक्रिया देश के विकास, योजनाओं के निर्माण और नीति निर्धारण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। वर्ष



2027 में होने वाली जनगणना स्वतंत्रता के बाद देश की आठवीं जनगणना होगी, जिसके लिए भारत सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना 2027 को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 22 मई से 20 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक भवन और उसमें उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। दूसरे चरण में 09 फरवरी से 28 फरवरी 2027 के बीच नागरिकों की गणना की जाएगी, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित जानकारी संकलित की जाएगी। इस बार जनगणना की सबसे खास बात यह है कि इसे पहली बार पूरी तरह डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन का उपयोग किया जाएगा। प्रगणक द्धएन्यूमरेटरत्रः द्वारा प्रत्येक परिवार से कुल 34 प्रश्न पूछे जाएंगे, जो मकान की स्थिति और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित होंगे। इन प्रश्नों को पहले ही विभिन्न माध्यमों से सार्वजनिक किया जा चुका है, ताकि आम नागरिकों को इसकी जानकारी हो सके। बैठक में यह भी बताया गया कि इस बार (स्व-जनगणना) की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके तहत नागरिक 07 मई से 21 मई 2026 के बीच ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। प्रक्रिया पूर्ण होने पर एक 12 अंकों की सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी प्राप्त होगी, जिसे संबंधित प्रगणक को दिखाकर सत्यापन कराया जा सकेगा। जनपद शामली में इस व्यापक कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए लगभग 3500 प्रगणक और 450 सुपरवाइजर नियुक्त किए जाएंगे। ये सभी निर्धारित समयसीमा के भीतर जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करेंगे। अपर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को गंभीरता से लेते हुए समय पर सभी तैयारियां पूर्ण करें तथा डिजिटल प्रक्रिया को सुचारू रूप से लागू किया जाए, ताकि यह महत्वपूर्ण कार्य बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके।

# भैसानी इस्लामपुर में दबंगई दिखाते हुए की गई मारपीट

## पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव भैसानी इस्लामपुर में दबंगई का मामला सामने आया है। गांव के ही मुस्तकीम पुत्र आशक अली ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके घर के सामने वकील पुत्र फैयाज़ का मकान है जो दबंग रूप दिखाते हुए उनके घर के सामने नाली में कूड़ा कचरा डाल देते हैं जिससे उनकी नाली बंद हो जाती है और पानी बाहर आ जाता है स जिससे उन्हें घर के बाहर आने-जाने में दिक्कत होती है। 30 मार्च की शाम को जब मुस्तकीम की भाभी ने वकील को कूड़ा डालने से रोका तो उन्होंने अपने पुत्रों और पत्नी के साथ मिलकर मुस्तकीम के घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए उनकी पुत्री और भाभी को डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगों ने आकर बड़ी मुश्किल से उन्हे छुड़ाया। प्रार्थी ने 112 डायल नंबर पुलिस को सूचना दी और पुलिस मौके पर पहुंची। प्रार्थी घायल अपनी पुत्री और भाभी को प्राथमिक उपचार के लिए थाना भवन स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंचा सजहां प्राथमिक उपचार के बाद अल्ट्रासाउंड के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। प्राथी ने डॉक्टरी रिपोर्ट के साथ थाने में तहरीर देकर वकील उसके पुत्रों व पत्नी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कार्रवाई की।

# नम आंखों में किया कैफ को सुपुर्द-ए-खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** लुधियाना की पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में जान गंवाने वाले झिंझाना निवासी युवक कैफ का शव बृहस्पतिवार को उसके आवास पहुंचा तो पूरे मुहल्ले में को. हराम मच गया। कस्बे के ऊन रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय कैफ पुत्र जमील अपने परिवार के साथ मजदूरी करने के लिए कुछ दिन पूर्व ही लुधियाना गया था। मंगलवार देर शाम फैक्ट्री में हुए तेज धमाके में उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि साथ काम कर रही युवती अलीशा गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसका उपचार जारी है। घटना के तीन दिन बाद कैफ का शव झिंझाना लाया गया। शव के घर पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। गमगीन माहौल में मृतक को रात्रि में ही सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान हर कोई हादसे को लेकर स्तब्ध नजर आया। परिजनों ने बताया कि जमील अपने परिवार के साथ बेहतर रोज़गार की तलाश में लुधियाना गया था, लेकिन यह हादसा पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ बनकर टूट पड़ा। वहीं, क्षेत्र में भी शोक की लहर व्याप्त है।

# गोहरपुर में अभि हत्याकांड का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के ग्राम गोहरपुर में हुए युवक हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये का इनामी आरोपी रजत पुत्र सतपाल निवासी कंजरहेड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गई है, जो घटना के सुराग जुटाने में अहम साबित हुई है।



घटना गत 25 मार्च की है, जब ग्राम खानपुर तलवा माजरा निवासी सुनील कुमार का पुत्र अभि अपने भतीजे प्रियांशु उर्फ मोंटू के साथ गो. हरपुर मेले में मंदिर पर प्रसाद अर्पित करने गया था। वहां बाइक साइड को लेकर कुछ युवकों से अभि की कहा. सुनी हुई। इस मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, और वापसी के दौरान ग्राम कुरमाली निवासी शिवा और उसके साथियों ने अभि को घेर लिया। उन्होंने अवैध तमंचे से गोली मार दी, जो सीधे उसके पेट में लगी। संबंधित मामले में गंभीर रूप से घायल अभि को जिला अस्पताल शामली ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेरठ के एक अस्पताल में रेफर किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद थाना आदर्श मंडी में हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने पहले ही मुख्य आरोपी शिवा और उसके साथी गौरव उर्फ र फ्तार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गुरुवार को इसी क्रम में वांछित 10 हजार रुपये का इनामी आरोपी रजत को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह पुरानी रंजिश के चलते अभि की हत्या की योजना लेकर मेले में आया था। मौके का फायदा उठाकर वह और उसके साथी मिलकर अभि को घेरकर गोली मारकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है, जिससे मामले के सभी पहलुओं की पुष्टि हुई।

अब पुलिस आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है और न्यायिक प्रक्रिया के तहत उन्हें जल्द ही अदालत में पेश किया जाएगा। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने कहा कि इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण और सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। घटना ने इलाके में सनसनी मचा दी थी और ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी थी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी आपराधिक गति. विधि की सूचना तुरंत दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके और ऐसे घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। इस कार्रवाई से मृतक परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ गई है, जबकि पुलिस अब मामले के अन्य पक्षों की जांच भी कर रही है।

# नपा कर्मचारियों का विवाद समाप्त

## उप्र सफाई कर्मचारी संघ 9 मांगों को लेकर कर रहा था विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका परिषद शामली में पिछले कई दिनों से चल रहा कर्मचारियों का विवाद गुरुवार को समाप्त हो गया। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल और एसडीएम विनय कुमार भदौरिया की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई, जिसमें कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर सहमति बन गई।



जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ एवं स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ द्वारा 9 सूत्रीय मांगें रखी गई थीं। इन मांगों को लेकर कर्मचारी कई दिनों से विरा. ध कर रहे थे, जिससे नगर पालिका का कार्य प्रभावित हो रहा था। गुरुवार को हुई वार्ता में इन सभी मांगों पर सकारात्मक चर्चा हुई और समाधान निकाल लिया गया। यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि ने बताया कि बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय यह लिया गया कि नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी द्धईओ द्वारा हटाए गए चार कर्मचारियों को पुनः कार्य पर बहाल किया जाएगा। इसके अलावा आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करने और नगर क्षेत्र के बढ़ते विस्तार को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का आवासन भी दिया गया। समझौते के बाद कर्मचारियों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया और सभी कर्मचारी अपने-अपने कार्य पर लौट आए हैं। इसके साथ ही नगर की सफाई व्यवस्था, जो पिछले कुछ दिनों से प्रभावित हो रही थी, अब फिर से सुचारू रूप से संचालित होने लगी है। नगरवासियों ने भी इस समझौते पर संतोष जताया है। इस अवसर पर अश्वनी तेश्वर, महासंघ अध्यक्ष अमित तेश्वर, विनोद निर्वाल, देवेंद्र कुमार बिड़ला, प्रदीप टांक, राजन पाहिवाल, धर्मेंद्र कुमार, जितेंद्र टांक, दीपक बिड़ला, जितेंद्र चंद्रा, अनुज चावला, मनीष गहलोत, जोगेश पाहिवाल, सचिन तेश्वर, आशीष बिड़ला और विनोद कुमार कंडेरा सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# नौजल से एक युवक गांव की ही युवती को भगाकर ले गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव नौजल निवासी एक युवक गांव की युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने युवती के पिता के तहरीर के आधार पर पिता पुत्र सहित युवक के मामा के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।


जानकारी के अनुसार थाना भवन क्षेत्र के गांव नौजल निवासी एक व्यक्ति ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री की 19 अप्रैल को शादी होनी थी स लेकिन गांव का ही एक युवक उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर 28 मार्च को सुबह के समय अपने साथ भगाकर ले गया जिसमें उसके पिता व उसके मामा का पूर्ण सहयोग प्राप्त है स प्रार्थी का आरोप है कि जाते समय उसकी पुत्री अपने साथ ₹80000 नगद व 2 तोला सोने के ज़ेवर, 700 ग्राम चांदी के जेवर अपने साथ उठा कर ले गई स प्राथी का आरोप है कि युवक जान बूझकर उसे बेइज्जती करने के नियत से भगाकर ले गया हैस प्रार्थी को आशंका है कि उक्त लोग उसके पुत्री को जान से ना मार दे। प्रार्थी ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए आरोपियों से उसकी पुत्री और सोने चांदी के जेवर सहित रुपयों की बरामदगी की मांग की है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना भवन प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पुलिस टीम आरो. पियों की तलाश में जुटी हुई है स शीघ्र ही युवती को बरामद कर लिया जायेगा।

# एबीवीपी ने आंतरिक परीक्षा त्रुटि को लेकर सौंपा ज्ञापन, सुधार की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने विजय सिंह पथिक महाविद्यालय में बीए पांचवें सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षा में हुई गंभीर त्रुटि को लेकर महाविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए ज्ञापन सौंपा। परिषद ने इस मामले को छात्रों के भविष्य से जुड़ा बताते हुए तत्काल सुधार की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय प्रशासन द्वारा बीए पां. चवें सेमेस्टर के सभी छात्रों को आंत. रिक परीक्षा में बिना किसी स्पष्ट कारण के अनुपस्थित दर्शा दिया गया है। इस बड़ी लापरवाही के चलते अधिकांश छात्रों का परीक्षा परिणाम प्रभावित हुआ है और कई विद्यार्थियों को असफल घोषित कर दिया गया है। इससे छात्रों में भारी रोष व्याप्त है। परिषद के पदाधिकारियों ने इस कार्रवाई को पूरी तरह अनुचित और छात्रों के साथ अन्याय बताया। उनका कहना है कि छात्रों ने नियमित रूप से परीक्षा में भाग लिया था, इसके बावजूद उन्हें अनुपस्थित दिखाना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। इस तरह की त्रुटि से न केवल छात्रों का मनोबल गिरता है, बल्कि उनके शैक्षणिक भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस दौरान विभाग संयोजक आकाश भारती ने कहा कि यदि इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया और छात्रों के परीक्षा परिणाम में संशोधन नहीं किया गया, तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर सह मंत्री हर्षित सैनी, गौरव, सौरव जिंदल, कपिल और नितिन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो छात्र हित में आगे भी संघर्ष जारी रहेगा।



# बस स्टेंड पर तालों में कैद हुआ यात्री शौचालय

## बस अड्डे पर भटकने को मजबूर मुसाफिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के बस स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए शौचालय खुद बदहाली का शिकार बने हुए हैं। हालत यह है कि बस अड्डे पर बने यात्री शौचालयों के दरवाजों पर ताले लटके हुए हैं, जिसके चलते दूर-दराज से आने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरन यात्रियों को दिशा-शौच के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।




कांधला तिराहे पर स्थित रोडवेज बस अड्डे से प्रतिदिन यात्री विभिन्न क्षेत्रों के लिए सफर करते हैं। इनमें महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल होते हैं, लेकिन उनके लिए बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। शौचालय बंद होने के कारण यात्रियों को आसपास के खाली स्थानों या सार्वजनिक जगहों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे न केवल उन्हें असुविधा हो रही है बल्कि स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार और प्रशासन स्वच्छता अभियान को लेकर बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट दिखाई देती है। यात्रियों के लिए बनाए गए शौचालय ही अगर बंद पड़े रहेंगे तो फिर उनके निर्माण का उद्देश्य क्या रह जाता है। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान देने के बजाय आंखें मूंदे बैठे हैं। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक शौचालयों के ताले नहीं खोले गए हैं। इससे साफ प्रतीत होता है कि अधिकारियों को यात्रियों की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। यात्रियों और स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बस स्टेशन परिसर में बने शौचालयों को तत्काल खुलवाकर नियमित रूप से संचालित कराया जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके और स्वच्छता व्यवस्था भी बेहतर हो सके। वहीं दूसरी नगर बस स्टेशन के सामने पालिका परिषद कैराना द्वारा बनाये गए सामुदायिक शौचालयों में गंदी फैली हुई है। ऐसी स्थित में यात्री जाएं तो कहां जाएं।

# नाबालिग के साथ कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना झिंझाना क्षेत्र में 29 मार्च 2026 को नाबालिग के साथ कुकर्म की घटना को लेकर पुलिस ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त नईम पुत्र इरफान निवासी ग्राम बड़ा ख्वाजपुरा को गिरफ्तार किया। घटना के संबंध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली श्री एनपी सिंह के निर्देश पर महिला एवं बाल अपराधों की रोकथाम हेतु अभियान चलाया गया। इसी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना झिंझाना पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की गहन जांच जारी है। इस कार्रवाई से महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

# सहारा अस्पताल कांड में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सहारा अस्पताल में लापरवाहीपूर्वक प्रसव कराने से एक महिला और उसके नवजात शिशु की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वांछित अभियुकतों को गिरफ्तार किया है। यह खुलासा पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देशन में अपराध और अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान हुआ।

18 दिसंबर 2025 को एक व्यक्तित ने अपनी पत्नी को सहारा अस्पताल में भतह्र कराया था। महिला की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट के अनुसार प्रसव की अनुमानित तिथि 16 फरवरी 2026 थी। आरोप है कि अस्पताल स्टाफ ने समय पूर्व प्रसव कराया, जिससे महिला और नवजात शिशु की मृत्यु हो गई। इस मामले में 19 फरवरी 2026 को थाना कांधला में मु.अ.सं. 72/26 धारा 105 बीएनएस बनाम सहारा अस्पताल स्टाफ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस ने अभियुकतों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुकतों में शामिल हैं। दिलशाद पुत्र मजहर हसन, निवासी ग्राम गढ़ीमियां, थाना कांधला, जनपद शामली और रीना उर्फ रिया पुत्री अय्यूब, निवासी अहमदशाहपुर पड़रा, थाना कोतवाली, बागपत। दोनों पर थाना कांधला में दर्ज मुकदमे की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई से घटना में लिप्त मुख्य अभियुकतों को न्याय के सामने लाने में सफलता मिली है। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि ऐसे मामलों में अस्पतालों की अनियमितताओं पर निगरानी बढ़ाई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए थे। गिरफ्तार अभियुकतों के खिलाफ न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

यह कार्रवाई समाज में लाप. रवाहीपूर्ण चिकित्सा प्रथाओं के खिलाफ कड़ी चेतावनी के रूप में देखी जा रही है, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।









# जनपद में धूमधाम से मनाया गया बालाजी प्रकटोत्सव का पर्व

## हवन यज्ञ, महाआरती, भजन संध्या व सुंदर कांड पाठ के साथ हुआ विशाल भंडारों का आयोजन

**शाहटाइम्स टीम**

**शामली।** शहर के हनुमान टीला स्थित हनुमान धाम पर बाबा बजरंग. बली का प्रकोष्ठ उत्सव गुरुवार को बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया।

उत्सव की शुरुआत एक अप्रैल को प्रातः अखंड रामायण के संगीतमय पाठ के साथ हुई। इस पाठ में स्थानीय क्षेत्र से आए ब्राह्मणों ने भाग लिया और पूरे विधि-विधान के साथ पाठ संपन्न कराया। गुरुवार सुबह मुख्य कार्यक्रम के तहत मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसे पंडित देवानंद शास्त्री ने संपन्न कराया। कार्यक्रम में कपिल जैन और शिशिर जैन मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। बाबा बजरंगबली के जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर को फूलों और आकर्षक सजावट से भव्य रूप दिया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए, वहीं सवा मनी प्रसाद भी चढ़ाया गया। पूरे दिन मंदिर परिसर में जयकारों और भक्ति गीतों की गूंज सुनाई देती रही। अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रसिद्ध भजन गायक पंडित निशांत भागवत पाठक ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने हसिद्धपुर हनुमान टीला धाम यह निराला हैह्व, हकीजिए केसरी के लाल मेरा छोटा सा यह कामह्न और ह्बधाई हो बधाई बाबा बजरंगबली की जन्म की बधाईह्न जैसे भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और भक्ति में लीन होकर नृत्य-गान करने लगे। इसके पश्चात महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के बाद सभी को प्रसाद वित. रित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर राजकुमार मित्तल, चंचल द्विवेदी, पुनीत द्विवेदी, शरद त्रिवेदी, रमेश दीवान, भूपेंद्र मलिक, मयंक जैन, राहुल शर्मा, अरविंद दृष्टा महाराज, डॉ. रविकांत वर्मा, अनिकेत निर्वाल, राजकुमार शर्मा, अमित गर्ग, डॉ. नीरज वशिष्ठ, रमेश धीमान, शुभम पाल, बलवीर चंद जैन, अनुज गर्ग, संजीव कुमार प्रजापति, वंश नामदेव और मनोज मित्तल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**थानाभवन संवाददाता के अनुसार** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में गुरुवार को श्रद्धा आस्था और उत्साह के साथ हवन एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। जिसमे सुबह से ही मंदिर परिसर में श्र द्धालुओं का आना शुरू हो गया था जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल देखने को मिला।सुबह करीब 11 बजे विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से हवन शुरू किया गया। हवन में गांव के पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आहुति देकर भगवान से सुख-शांति समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। हवन संपन्न होने के बाद दोपहर करीब 1 बजे भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के बैठने, पानी और प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई थी जिससे लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। इस दौरान मंदिर परिसर को फूल-मालाओं से सजाया गया था जिससे कार्यक्रम की भव्यता और भी बढ़ गई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और धार्मिक भावना को मजबूत करने का कार्य करते हैं। श्रद्धालुओं ने भी ऐसे आयोजनों की सराहना करते हुए इसे परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।इस अवसर पर सन्नी सैनी, प्रवीण कुमार, सतीश सैनी, सुमित सैनी, पीयूष सैनी आदि मौजूद रहे।

**चौसाना संवाददाता के अनुसार** हनुमान जयंती के अवसर पर गुरुवार को चौसाना में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। श्रद्धा और उत्साह से सराबोर इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग में भगवान श्रीराम और हनुमान के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा, वहीं जगह-जगह सेवा और स्वागत ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। शोभायात्रा की शुरुआत पुलिस चौकी के पास स्थित हनुमान धाम से हुई, जो कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः हनुमान धाम पर आकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर कोल्ड ड्रिंक्स, फल, हलवा, कढ़ी-चावल और जलजीरा की व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी के बावजूद सेवा भाव और भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। इस दौरान पंजाब से आई आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। महादेव के रौद्र अवतार की झांकी ने लोगों को खासा प्रभावित किया, जिसमें कलाकार नंदी पर विराजमान होकर नृत्य करते नजर आए। वहीं महाकाल वेशभूषा में कलाकारों ने भस्म रमाकर अघोरी स्वरूप की प्रस्तुति दी, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम-लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान, राधा-ख्रष्ण और खाटू श्याम के सुसज्जित रथ शामिल रहे। चार बैंड और ढोल-नगाड़ों की गूंज से माहौल और अधिक उत्साहपूर्ण हो गया। आयोजकों द्वारा की गई आतिशबाजी ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया और आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। कस्बे के नागरिकों ने जगह-जगह फूल वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में शिवसेना पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस दौरान सरदार नवाब सिंह, सनोज चौधरी, कंवरपाल शर्मा, मनोज गोस्वामी, रोहित प्रधान, अनुभव गर्ग, मुकेश कुमार, अशोक कुमार, बालिस्टर छांचियान, योगिंदर, विकास, आकाश, अमित, राजकुमार, संदीप खोखर, नीरज, रविंद्र, गौरव, लोकेन्द्र, देविंदर, सोनू, मोहित, रोहित व जॉनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीओ कैराना, थानाध्यक्ष विरेन्द्र कसाना और चौकी प्रभारी संदीप कुमार पुलिस टीम के साथ पूरी तरह मुस्तैद रहे।

# बालाजी जयंती पर हनुमान रोड जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के हनुमान रोड पर गुरुवार को भीषण जाम लगने से वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बालाजी जयंती के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण स्थिति बिगड़ गई। तेज धूप में लोग घंटों जाम में फंसे रहे, जबकि ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह नाकाम नजर आई।



दरअसल, शहर के हनुमान धाम में बालाजी जयंती का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पूजा-अर्चना के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे। हालांकि, मंदिर के बाहर ही सड़क पर वाहनों की पार्किंग कर दिए जाने से यातायात बाधित हो गया और धीरे-धीरे जाम की स्थिति गंभीर हो गई। जाम इतना लंबा हो गया कि हनुमान धाम गेट से शुरू होकर अस्पताल रोड और कोतवाली रोड तक वाहनों की कतारें लग गईं। स्थिति को और खराब करने में सड़क किनारे खड़े ठेली चालकों ने भी भूमिका निभाई, जिससे रास्ता और संकरा हो गया। बाइक सवार और अन्य वाहन चालक तेज धूप में फंसकर परेशान होते रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पर्व की जानकारी प्रशासन को पहले से थी, इसके बावजूद कोई ठोस ट्रैफिक व्यवस्था नहीं की गई। मौके पर केवल होमगार्ड की तैनाती रही, जबकि ट्रैफिक पुलिस और सिविल पुलिस नदारद दिखाई दी। जाम खुलवाने के लिए कोई प्रभावी प्रयास नहीं किए गए, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता गया। वाहन चालकों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही के कारण उन्हें अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ी। कई लोगों को अपने गंतव्य तक पहुं. चने में घंटों की देरी हुई। देर शाम तक जाम की स्थिति बनी रही और यातायात सुचारू करने में काफी समय लग गया। घटना के बाद लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसे आयोजनों के दौरान बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# फायरिंग करने वाले पांच आरोपियों में से एक आरोपी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** होटल में कमरा लेने आए युवकों द्वारा आईडी मांगने पर कर्मचारियों के साथ मारपीट, होटल में तोडफोड़ व फायरिंग किए जाने के मामले में पांच दिन बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

बीती 29 मार्च की तडके सुबह करीब चार बजे दो बाइकों पर सवार छह युवक स्टेट हाईवे स्थित वीआईपी रोज होटल में कमरा लेने के लिए पहुंचे थे। जहां पर रिसेप्शनिस्ट द्वारा आईडी मांगे जाने पर उक्त युवकों ने हमकर हंगामा करते हुए मारपीट, तोडफोड़ और कई राउंड फायरिंग की थी। जिससे होटल में मौजूद अन्य लोगों व आस पास के इलाके में दशहत फेल गई थी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में रिकार्ड हो गई थी। घटना के संबंध में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात में रिपोर्ट



दर्ज की थी। आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया था। इसी मामले में गुरुवार को पुलिस ने रणखंडी क्षेत्र के ठाकुर बाहुल्य गांव निवासी निवासी विवेक नामक युवक को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा और दो कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी के खिलाफ हरियाणा के थाना गुरुग्राम और सोनीपत में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

---

**देवबन्द।** बीती 7 मार्च को पतंग उड़ाते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए कक्षा दो के छात्र 8 वर्षीय फरहान के इलाज के लिए पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर आगे आई हैं। उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलने के बाद उपजिलाधिकारी को आर्थिक मदद के लिए पत्र सौंपा है। पुंडीर ने डीएम को पत्र सौंपकर बताया कि पीड़ित छात्र का पिता फहीम मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण कर रहा है। आर्थिक तंगी की वजह से बच्चे का सही से उपचार नहीं करा पा रहा है। पुंडीर बताया कि डीएम ने देवबंद एसडीएम को पीड़ित परिवार से मिलने और बच्चे के इलाज में मदद करने के निर्देश दिए हैं।

# मेला पंडाल में हुआ विशाल माँ भगवती जागरण

**देवबन्द।** नगर पालिका परिषद देव. बंद के तत्वावधान में श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेला पंडाल में विशाल माँ भगवती जागरण हुआ। जिसमें हरियाणा के मशहूर भजन गायक हरजीत सिंह दिवाना एंड पार्टी ने सुंदर भजन सुनाए। इस दौरान सुंदर झांकिया भी प्रस्तुत की गई। मेला पंडाल माता के जयकारों से गूंजता रहा।

माँ भगवती जागरण का उद्घाटन पूर्व सभासद हरिओम सिंघल व अंकित त्यागी ने संयुक्त रूप से किया। धर्म ध्वज स्थापना अजय गांधी, वैभव अग्रवाल व विनय कुच्छल जबकि कलश स्थापना नितिन गुप्ता, गगन मित्तल व निखिल अग्रवाल ने की। मुख्य यजमान विशाखा व पूजा गर्ग रहीं और ज्योति प्रज्जवलित कल्पना ने की। माता को श्रृंगार व चुनरी अर्पण सुभासपा के राष्ट्री महासचिव सुशील चौधरी व अनुज गर्ग द्वारा किया गया। गणेशजी



को माल्यार्पण व तिलक राकेश शर्मा, राजेश ऋषि, अंशुल मंगल व अनुज अग्रवाल ने किया। पंडित शशीकांत भारद्वाज, कालिका प्रसाद व अरुण भारद्वाज ने पूजा अर्चना संपन्न कराई। इसके बाद हरजीत सिंह दिवाना ने प्यारा सजा है दरबार भवानी, आ मां आ तूझे दिल ने पुकारा और चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है आदि भजन सुनाए। जिन पर श्रोताओं



जमकर झूमे। इस दौरान मनमोहक झांकियां भी दिखाई गई। कार्यक्रम संयोजक मेला चेयरमैन विपिन त्यागी व पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग रहे। इस मौके पर सहारनपुर मेयर डॉ. अजय कुमार, डिप्टी मेयर मंयक गर्ग, रक्षा नामदेव, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, अश्वनी गर्ग, राजीव गुप्ता, वैभव अग्रवाल समेत भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया पुरुस्कृत

**देवबन्द।** पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शानदार रिजल्ट देख छात्राओं के चेहरे खिल उठे। नर्सरी से कक्षा 11 तक सभी कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

शेखुल हिंद हॉल में आयोजित समारोह में सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। इसके अलावा दुआ सिलाई सेंटर की छात्रा समरीन को प्रथम तथा जुवैरिया को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'इल्म की रोशनी' का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हिंदू इंटर कॉलेज सहारनपुर की पूर्व प्रधानाचार्या डा. कुदसिया अंजुम ने कहा कि शिक्षा वह उजाला है, जो व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे समाज के भविष्य को संवारने की क्षमता रखता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बेटियों की शिक्षा को केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व के रूप में स्वीकार करना चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक



सुहैल सिद्दीकी ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्या बुशरा रानी व संचालन जेबा नाहिद, अर्शी जहीर और जैनब ने संयुक्त रूप से किया। अंत में प्रधानाचार्या सबा हसीब सिद्दीकी का आभार व्यक्त किया। अनस सिद्दीकी, अशरफ उस्मानी, अशोक गुप्ता, राजकुमार, अजय कुमार, अदील सिद्दीकी, नजम उस्मानी आदि शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाया श्री रघुनाथ बालाजी जन्मोत्सव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** प्राचीन सिद्धपीठ श्री राधा रूकमणी वल्लभ मंदिर (नाभावाला) में 36वां श्री रघुनाथ बालाजी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गुरुवार को संकट मोचन महायज्ञ का आयोजन हुआ।

श्री रघुनाथ बालाजी जनहित सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में कार्यक्रम आरंभ हुआ। महायज्ञ के मुख्य यजमान अलका गोयल व कुलदीप गोयल रहे। अध्यक्ष शिवकुमार राणा ने बताया कि श्रद्धालुओं ने संपूर्ण जगत में शांति व भाईचारे के लिए बाबा से प्रार्थना कर यज्ञ में आहुति दी। महामंत्री उमेश सैनी ने बताया कि समारोह की इस कड़ी में शनिवार रात भजन संध्या और रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस मौके पर महिला मंडल अध्यक्ष ममता वर्मा, निधि वर्मा, आदेश सैनी, राधेश्याम माहेश्वरी, डॉ. सचिन, सुमन दीवान, रंजीता शर्मा, निशा सैनी, बबीता सैनी, डॉ. प्रीति आदि शामिल रहे।

---

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेले में आर्य समाज के शिविर में बृहस्पतिवार को वैदिक यज्ञ का आयोजन हुआ। यज्ञ के ब्रह्मा पंडित अमरेश आर्य एवं यजमान डॉ. अजब सिंह रहे। कार्यक्रम में विद्वानों ने भजनों के माध्यम से महान समाज सुधारक एवं आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन पर सुंदर विचार रखे। मास्टर जनेश्वर प्रसाद, राजवीर आर्य, डॉ. सुरेंद्र आर्य आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं ने किए माँ के दर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेले के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को चौत्र मास की पूर्णिमा पर भी मां भगवती की पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मां को चुनरी, नारियल आदि अर्पण कर मन्नत मांगी। पूजा अर्चना उपरांत मंदिर प्रांगण में आयोजित भंडारों में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। घंटे घड़ियाल से मंदिर परिसर दिनभर गुंजायमान रहा। मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि जो भक्त सच्चे मन से मन्नत मांगता है मां भगवती उसकी सभी मुराद पूरी करती है।

### धार्मिक वातावरण में हुआ शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** आरके पब्लिक स्कूल में गुरुवार को नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ बड़े उत्साह और धार्मिक वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भाग लेकर नए सत्र की मंगलकामना की। नए सत्र के पहले दिन विद्यालय में आए नन्हे-मुन्ने बच्चों का विशेष रूप से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### केएल जनता इंटर कॉलेज में मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**देवबन्द।** केएल जनता इंटर कॉलेज में भगवान श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सुंदरकांड पाठ के साथ नवीन सत्र का शुभारंभ विद्यालय के यशस्वी प्रबंधन दीपक राज सिंघल तथा प्रधानाचार्य राजकुमार के द्वारा ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। शर्मा जागरण मंच द्वारा भगवान बालाजी के भजनों की बहुत प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के प्रबंधक दीपक राज सिंघल ने इस अवसर पर भगवान बालाजी से प्रार्थना की कि विद्यालय परिवार में सुख शांति बनी रहे तथा विद्यालय चहूमुखी विकास की ओर निरंतर अग्रसर रहे।

### भव्य शोभायात्रा निकाली

**राजा का ताजपुर।** हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद द्वारा आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। मां चामुंडा देवी मंदिर से बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा कस्बे के मुख्य मार्गो से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मां चामुण्डा देवी मंदिर से प्रारंभ होकर तोमर धर्मशाला, खलिया पुल, मछली बाजार, चौक बाजार, मां काली देवी मंदिर, सैनी धर्मशाला, पुराना कुंआ, बस स्टैंड, इंटर कॉलेज मार्ग होते हुए मां चामुंडा देवी मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में हनुमान जी व श्रीराम लक्ष्मण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में युवा जय श्रीराम, वीर बजरंगी, हर-हर महादेव नारे लगाते चल रहे थे। धर्म प्रेमियों ने कई स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में जिला गौरक्षा प्रमुख हृदेश कुमार, भाजपा नेता पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत, कविश राणा, सचिन तोमर, सुमित सैनी, सुमेंद्र सैनी, प्रदीप कुमार, अक्षय कुमार आदि मौजूद रहे।

### नीलेश्वर महादेव मंदिर में भव्य आयोजन

**नजीबाबाद।** किरतपुर के श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर में बीती रात हनुमान जन्मोत्सव से पूर्व सुंदरकांड का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसमें मुख्य यजमान दिव्यांशु गोयल, उनकी धर्मपत्नी नित्या गोयल, पुत्र और माता शुभा गोयल ने भाग लिया। पंडित गणेश दत्त ध्यानी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। इसके बाद श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर युवा कमेटी द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया। इस दौरान भजन गायक दिनेश माहेश्वरी और आदेश गिरी ने हनुमान जी के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। महिलाओं ने भी भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बनाया। पूरे मंदिर परिसर में 'जय श्री राम' और 'जय बजरंग. बली' के जयकारों से माहौल गूंज उठा। सुंदरकांड पाठ के समापन के बाद सामूहिक रूप से हनुमान चाली. सा का पाठ किया गया। देर रात लगभग 12 बजे आरती हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में युवा कमेटी के सदस्यों ऋषभ सिंघल, विभोर मित्तल, विभोर गोयल, सागर माहेश्वरी, सत्यम माहेश्वरी, विवेक अग्रवाल, प्रियांशु पाल, गौरव शर्मा और शुभम अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

# गैंगस्टर के तीन आरोपी को तीन वर्ष की कैद

**सिविल लाइन थाने में दर्ज हुआ था मामला**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन थाने में दर्ज गैंगस्टरके तीन आरोपियों को तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने आरोपियों पर पांच-पांच हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन के अनुसार सिविल लाइन थाने में गैंगस्टर एक्ट का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की विवेचना की गई पुलिस ने इस मामले की गहना से जांच पड़ताल की और कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। यह मामला काफी समय से एडीजे-5 विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट के यहां विचाराधीन था। पुलिस ने इस मामले में जमकर पैरोकारी की और दर्ज मुकदमे से संबंधित कोर्ट में सबूत पेश किए। कोर्ट ने इस मामले में आरोपी भूषण पुत्र चतरू निवासी ग्राम फिराजपुर थाना भोपा, जोगेन्द्र पुत्र राजपाल निवासी ग्राम चिंदौडी थाना दौराला मेरठ और कालू पुत्र सरदार अली निवासी ग्राम जौली थाना भोपा को दोषी माना। इसके बाद न्यायाधीश ने भूषण, जोगेन्द्र और कालू को तीन-तीन वर्ष के कारावासकी सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपियों पर पांच-पांच हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

# बैंक विभाग ने सब रजिस्ट्रार ऑफिस को हराया

**नजीबाबाद।** नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा आयोजित नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन-4 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन आज बैंक विभाग और सब रजिस्ट्रार ऑफिस के बीच मुकाबला हुआ। इस मैच में बैंक विभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि डॉ. महमूद अहमद भोलू ने मैच का शुभारंभ किया और झंडारोहण किया। इस दौरान प्रकृति अग्रवाल, शगुन प्रजा. पति, मायांशी कश्यप, यशस्वी, ईशानी, परविंदर कौर और इशिका ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। डॉ. भोलू ने दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं और टूर्नामेंट की विजेता व उपविजेता टीमों को दी जाने वाली ट्रॉफी का अनावरण भी किया। अंपायर फाजिल अली और विनीत कुमार की देखरेख में यह मैच



खेला गया। बैंक विभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित ओव. रों में सात विकेट के नुकसान पर 248 रन बनाए। जवाब में सब रजिस्ट्रार टीम 14 ओवर में 153 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह बैंक विभाग ने यह मुकाबला जीत लिया। बैंक विभाग की ओर से मोंटी ने 34 गेंदों पर 91 रन बनाए, जबकि हैप्पी ने 17 गेंदों में 40 रन का योगदान दिया। बैंक विभाग के मोंटी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सब रजिस्ट्रार विभाग के मौहम्मद दानिश ने 13 गेंदों में 29 रन बनाए और उन्हें फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने मोंटी को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी और मौहम्मद दानिश को फाइटर ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की। टूर्नामेंट में संतोष सिंह और अभिनव अग्रवाल ने मैच की शानदार कमेंट्री की। चौथे दिन का दूसरे मैच का खुर्शीद मंसूरी ने फीता काट के शुभारंभ किया। मैच पीडब्लूडी टीम और बार एसोसिएशन के बीच खेला गया।

बार एसोसिएशन ने मैच जीता। अंपायर फाजिल अली व संतोष सिंह की निगरानी में दोनों टीम के बीच मैच खेला गया। बार एसोसिएशन ने टॉस जीतकर, पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया तथा 212 रन बनाकर जीत हासिल की। पीडब्लूडी टीम 14.1 ओवर में 131 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बार एसोसिएशन टीम से आकिब ने चार विकेट लिए। बार एसोसिएशन टीम से आकिब मैंन ऑफ द मैच रहे व पीडब्लूडी टीम से रोहित फाइटर ऑफ द मैच रहे। नेशनल एंटी करप्शन सोशल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने आकिब को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी व रोहित को फाइटर ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में धरना सात को

**चांदपुर।** विद्युत विभाग के अधिकारियों की हठधर्मिता, किसान समस्याओं के समाधान एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में भाकियू (हिंद) कार्यकर्ता सात अप्रैल को सुबह दस एसडीओ कार्यालय, चांदपुर पर धरना व प्रदर्शन करेंगे। भाकियू के वरिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता अकील अंसारी ने बताया कि विद्युत विभाग से हर आम जन की डोर बंधी हुई है, लेकिन विभाग के कुछ अधिकारी किसानों के प्रति अपने रवैये को नहीं बदल पा रहे हैं। किसानों का उत्पीड़न आम बात हो गई है। समस्याओं का समाधान समय पर ना करना, विद्युत विभाग के कुछ अधिकारियों की हठधर्मिता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाकियू (हिंद) के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता इसके विरोध में सात अप्रैल को विद्युत विभाग के चांदपुर कार्यालय धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि धरने को सफल बनाने के लिए धरना स्थल पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष साजिद चौधरी भी आ रहे है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से धरने को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में धरना स्थल पर पहुंचने की अपील की है।

## महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज में आज राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में 'मिशन शक्ति 5.0 चरण-2 के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय महिला सशक्तिकरण रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण विषय पर ओजपूर्ण काव्य पाठ किया। जिसके माध्यम से समाज में नारी की शक्ति और अधिकारों का संदेश दिया गया। महाविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने अपने विचार साझा करते हुए छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए महिलाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कुमारी श्रद्धा वत्स, मुबश्शरा नाज और नायला हसन ने भी विषय पर प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। श्रद्धा वत्स ने जोर देते हुए कहा कि यदि महिलाएं सशक्त होंगी तभी देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान के विभाग अध्यक्ष प्रो. दिनेश सिंह, असिस्टेंट प्रो. मौहम्मद सुलेमान, इतिहास विभाग के प्रवक्ता गौतम सिंह तथा अन्य शिक्षक गण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी और उनके स्वावलंबन के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

## स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**नजीबाबाद।** ब्लॉक क्षेत्र के मंडावली आंगनबाड़ी केंद्र के छात्र-छात्राओं ने संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूकता रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से बच्चों ने ग्रामीणों को संचारी रोगों के प्रति सतर्क रहने और स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। रैली में आंगनबाड़ी केंद्र मंडावली के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उनके हाथों में 'स्वच्छता अपनाएं, संचारी रोगों को दूर भगाएं', 'हम सबने ठाना है, संचारी रोगों को भगाना है', 'जागरूक रहें, सुरक्षित रहें', 'हाथ धोएं, बीमारी भगाएं' जैसे नारे लिखी तख्तियां थीं। बच्चों ने ग्रामीणों को चेचक, हैजा, छोटी माता, डेंगु ज्वर, सुजाक, हेपेटाइटिस ए, बी और सी जैसे संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सभी रोगों की एक दवाई, घर में रखें साफ सफाई और 'स्वस्थ जीवन, स्वस्थ भारत' जैसे नारों से स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। शिक्षक नईमुद्दीन अली ने बताया कि बारिश के मौसम में गंदगी के कारण संचारी रोग तेजी से फैलते हैं। उन्होंने इन रोगों से बचाव के लिए निरंतर जागरूकता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सीएचओ मंडावली गोविंद कुमार, आशा संगिनी शांति त्यागी, आशा कार्यकर्ता रीना, सोनम, रेनू और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ठेकेदार ने फांसी लगाकर जान दी

**घटना से क्षेत्र में शोक की लहर**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हल्दौर।** नगर के मौहल्ला कूकड़ा चुंगी में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार पानी की टंकी के ठेकेदार विनोद कुमार (करीब 40 वर्ष) मूल रूप से जनपद अमरोहा के थाना धनौरी क्षेत्र के गांव हैवतपुर चौधरिया निवासी थे और पिछले लगभग दस वर्षो से हल्दौर नगर में किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। वह आसपास क्षेत्र की पानी की टंकियों का ठेका कार्य करते थे।

परिजनों के मुताबिक विनोद कुमार काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे और उनका उपचार नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव गोहावर स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा था। बताया गया कि वह उपचार कराने से अक्सर मना करते थे। एक दिन पूर्व उनकी पत्नी उन्हें उपचार के लिए अपने मायके नहटौर क्षेत्र के गांव महमूदपुर मिलक उर्फ बच्चोंवाला ले गई थी, जहां भी उन्होंने आत्महत्या का प्रयास किया



था, लेकिन परिजनों ने उन्हें बचा लिया था। बताया जाता है कि बाद में विनोद कुमार अपनी पत्नी को चकमा देकर हल्दौर स्थित अपने घर आ गए। बृहस्पतिवार को उन्होंने घर के कमरे में छत के पंखे से दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी तब हुई जब उनका साला घर पहुंचा और उन्हें फंदे पर लटका देखा। उसने तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचना दी।

सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक के भाई मनोज कुमार द्वारा तहरीर दी गई है, जिसमें मृतक के मानसिक रूप से परेशान होने की बात कही गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## श्री ठाकुरद्वारा मंदिर में हवन पूजन

**नजीबाबाद।** किरतपुर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री ठाकुर द्वारा मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भगवान हनुमान जी का विधि-विधान से पूजन और हवन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान नवीन अग्रवाल और नीति अग्रवाल रहे।

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर।**

पत्रांक: 1269/मु0वि0प्रा0/ 2025-26 दिनांक: 02/04/2026

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या 56/2026/305/आठ-1-26-1853504 दिनांक 20 मार्च, 2026 द्वारा उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरणो में सम्पत्तियों के डिफाल्टर आवंटियों एवं मानचित्र स्वीकृति के सापेक्ष बकाये की वसूली हेतु एक अवसर प्रदान करने के लिए एक मुश्त समाधान योजना (ओ0टी0एस0), 2026 निम्नानुसार लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है:-

1- ओ0टी0एस0 योजना, समस्त प्रकार की आवासीय सम्पत्तियों पर लागू होगी, चाहे ये आवंटन पद्धति से या नीलागी पद्धति से हो या अन्य पद्धति से आवंटित हो।
2-समस्त प्रकार की सरकारी संस्थाओं को आवंटित सम्पत्तियों पर भी ओ0टी0एस0 योजना लागू होगी, जिसके अन्तर्गत केन्द्र सरकार, प्रदेश सरकार व सरकारी उपक्रमों को आवंटित सम्पत्तियों भी सम्मिलित होगी।
3-विभिन्न प्रकार के स्कूल भूखण्डों एवं चौरीटेबल संस्थाओं, आदि को आवंटित सम्पत्तियों पर भी ओ0टी0एस0 योजना लागू होगी।
4-समस्त प्रकार की व्यवसायिक सम्पत्तियों, चाहे नीलामी द्वारा अथवा अन्य पद्वति से आवंटित हो, पर ओ0टी0एस0 योजना लागू होगी।
5-सहकारी आवास समितियों को आवंटित सम्पत्तियों पर भी ओ0टी0एस0 योजना लागू होगी।
6-मानचित्र डिफाल्टर्स के प्रकरणो में भी ओ0टी0एस0 योजना लागू होगी।

**नोट- नियम शर्तों की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय विकास प्राधिकरण, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से प्राप्त की जा सकती है।**

सचिव, विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर
उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर।

## युवा पर्यावरण योद्धा शाश्वत धीमान सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नांगल सोती।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शाश्वत धीमान को यूथ सस्टेनेबिलिटी चैंपियन अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके वेस्ट मैनेजमेंट एवं खुले में फेंक मुक्त अभियान के प्रभावशाली संचालन के लिए प्रदान किया गया।

नई दिल्ली के यूनेस्को हाउस में आयोजित नेट ग्रीन फाउंडेशन हाई इम्पैक्ट सस्टेनेबिलिटी डायलॉग 2026 के दौरान यह सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर देश-विदेश के कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। शाश्वत धीमान को यह सम्मान सामूहिक रूप से सुश्री सुरभि गुप्ता निदेशक, नेट ग्रीन फाउंडेशन, डा. बेन्नो बोयर प्रमुख, प्राकृतिक विज्ञान यूनेस्को इंडिया व सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा मंत्री उद्योग खाद्य एवं आपूर्ति, पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव दिल्ली सरकार द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण प्रबंध निदेशक पतंजलि आयुर्वेद भी उपस्थित रहे। शाश्वत धीमान गुरुकुल इंटरनेशनल हरचंदपुर में कक्षा सात का छात्र है। शाश्वत धीमान पिछले तीन वर्षो से लगातार अपने अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहा हैं। वह स्कूलों, कॉलेजों, दुकानों और घर-घर जाकर लोगों को यह संकल्प दिलाता हैं कि वे कचरे को खुले में नहीं फेंकेंगे और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सहयोग करेंगे। उनके इस प्रयास से समाज में स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ी है और सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। शाश्वत धीमान ने इस सम्मान को समाज के सहयोग और अपने अभियान से जुड़े सभी लोगों को समर्पित करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य खुले में फेंक मुक्त भारत बनाना है।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री **INAYA** के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 1146/22-01-21 (जारी करने के दिनांक 07.02. 2021) उक्त में त्रुटि वश पिता के रूप में मेरा नाम **SHAHAB ALAM** हो गया है जबकि सभी अभिलेखों में नाम **MOHD SAHIBE AALAM (मौ साहिबे आलम)** अंकित है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा।
नाम शुद्धीकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**मौ साहिबे आलम पुत्र अमीर हसन,** निवासी- 1415/15, साउथ खालापार, मुजफ्फरनगर।
मो. 7078717355.

समन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )
**न्यायालय श्रीमान उपजिला मजिस्ट्रेट, तहसील सदर, मुजफ्फरनगर**
वाद नं0-टी202609550101583
सन् 2026
मनोज कुमार पुत्र करण सिंह नि0 ग्राम नसीरपुर परगना व तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर ...वादी
**बनाम**
1-अनुभव राय, 2-भानू प्रताप राय, 3-चेतन प्रताप राय, 4-हेमन्त कुमार, 5-राजदुलारी पत्नि पवन सिंह पुत्रगण रामचरण समस्त नि0गण ग्राम नसीरपुर, परगना व तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर, 6-अजीज पुत्र मजीद नि0 ग्राम बागोवाली, परगना व तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर, 7- ग्राम सभा / ग्राम पंचायत नसीरपुर, परगना व तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर द्वारा ग्राम प्रधान। 8-उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलक्टर साहब, मुजफ्फरनगर। ...प्रतिवादीगण
अ0धारा-144 उ0प्र0रा0संहिता
मौजा-नसीरपुर
वादी ने आपके नाम नालिश बाबत वाद वास्ते इस्तकरार हक हेतू दायर की, में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के जो दिनांक 10-04-2026 ई0 को 10.00 बजे दिन में असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर अहम मुत्तालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिसपर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 2 माह 4 सन् 2026 ई0 जारी किया गया।
(रीडर)
उपजिला मजिस्ट्रेट, सदर, मुजफ्फरनगर।

# SRH ने KKR के सामने रखा बड़ा लक्ष्य

### हैदराबाद ने अभिषेक, हेड़ व क्लासेन दम पर बनाएं 226 रन जवाब में केकेआर की भी तेज शुरूआत



**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल के 7वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 227 रन का टारगेट दिया। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में केकेआर ने बालिंग चुनी। एसआरएच ने पावरप्ले में 84 रन बनाने के बाद 10 ओवर तक 4 विकेट गंवा दिए। हेनरिक क्लासन ने फिफ्टी लगाकर टीम को 226 तक पहुंचा दिया। कोल. काता से ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 विकेट लिए।

कोलकाता ने 1.3 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 30 रन बना लिए हैं। टीम से अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी पिच पर हैं। फिन एलन 28 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें हर्ष दुबे ने पवेलियन भेजा। सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 226 रन बना लिए। यह इस सीजन का बेस्ट स्कोर है। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने एसआरएच के खिलाफ ही 224 रन बनाए थे। एसआरएच से हेनरिक क्लासन ने 52, नीतीश रेड्डी ने 39, अभिषेक शर्मा ने 48 और ट्रैविस हेड ने 46 रन बनाए। कोलकाता के लिए ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 और वैभव अरोड़ा ने 2 विकेट लिए। कार्तिक त्यागी और अनुक. ूल राय को 1-1 विकेट मिला। 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर ब्लेसिंग मुजरबानी ने शिवांग कुमार को कैच करा दिया। यह उनका चौथा विकेट रहा। उन्होंने हेनरिक क्लासन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन को भी पवेलियन भेजा। आखिरी ओवर में हेनरिक क्लासन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने तीसरी गेंद पर स्क्वेयर लेग की दिशा में चौका लगाया और 34 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। अगली ही गेंद पर वे कैच भी हो गए। 19वें ओवर में वैभव अरोड़ा ने 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने पहली गेंद पर नीतीश रेड्डी को वरुण चक्रवर्ती के हाथों कैच कराया। रेड्डी ने 39 रन बनाए। अगली ही गेंद पर वैभव ने सलिल अरोड़ा को बोल्ड भी कर दिया। 18 ओवर के बाद हैदराबाद ने 200 रन पूरे कर लिए। नीतीश रेड्डी ने कार्तिक त्यागी के खिलाफ ओवर की आखिरी गेंद पर सिंगल लिया और टीम की डबल सेंचुरी पूरी करा दी। नीतीश रेड्डी और हेनरिक क्लासन ने 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। टीम ने 10वें ओवर में 118 रन के स्कोर पर चौथा विकेट गंवा दिया था। रेड्डी और क्लासन ने यहां से 15 ओवर में टीम का स्कोर 168 रन तक पहुंचा दिया। 14वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने 150 रन पूरे कर लिए। टीम ने 9वें और 10वें ओवर में 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां से हेनरिक क्लासन और नीतीश रेड्डी ने पारी संभाल ली।



KKR के खिलाफ अपनी 48 रनों की धुआधार पारी के दौरान शॉर्ट खेलते हैदराबाद के अभिषेक शर्मा।

---

**खेल विशेष**

### भूटान को 5.0 से रौंद कर भारत सैफ अंडर-20 चैपिंयनशिप के फाइनल में

**माले (मालदीव), वार्ता।** भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भूटान को 5.0 से हराकर सैफ अंडर 20 चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। जहां उसका मुकाबला बंगलादेश से होगा। नेशनल स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में मौजूदा चैंपियन टीम ने रफ्तार, सटीकता और जबरदस्त फिनिशिंग से भरा एक शानदार प्रदर्शन किया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम का शुक्रवार को बंगलादेश के खिलाफ फाइनल मुकाबला तय हो गया, क्योंकि दूसरे सेमीफाइनल में बंगलादेश ने नेपाल को 1-0 से हराया था। मैच में रोहेन सिंह चापामयुम सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बनकर उभरे। उन्होंने 56वें और 57वें मिनट में दो गोल किए और भारत के आक्रामक खेल में अहम भूमिका निभाई।

### आदित्य एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में

**उलानबटार, वार्ता।** भारतीय बॉक्सर आदित्य प्रताप यादव ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में पुरुों के 65किग्रा भार वर्ग के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां खेले गए मुकाबले में आदित्य ने सऊदी अरब के मूसा अलहवसाव को 5.0 से हराया। अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लोह मदामिनोव से होगा। अब तक, विश्वनाथ सुरेश (पुरु 50किग्रा), सचिन (पुरु 60किग्रा), प्रिया (महिला 60किग्रा), प्रीति पंवार (महिला 54किग्रा) और दीपक (पुरु 70किग्रा) ने एशियन बॉलक्सग चैंपियनशिप 2026 में अपने शुरुआती दौर के मुकाबले जीत लिए हैं। जादुमणि सिंह (पुरु 55किग्रा) टूर्नामेंट में अपना मैच पहले ही हार गए थे। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले, ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा) और पूर्व विश्व चैंपियन निखत जरीन (51किग्रा) को उनके शुरुआती दौर में 'बाय' (सीधे अगले दौर में प्रवेश) दिया गया था।

---

# फीफा रैंकिंग में फ्रांस नंबर वन पर पहुंचा

**(स्विट्जरलैंड), वार्ता।** मार्च महीने के अंतर्राट्रीय मैचों में शानदार प्रदर्शन करे हुए फांस लगभग आठ साल में पहली बार फीफा विश्व रैंकिंग में शीर्ा पर वापस आ गया है। फीफा रैंकिंग की ताजा अपडेट के अनुसार ब्राजील और कोलंबिया पर दोस्ताना मैचों में जीत ने फांस को स्पेन और अर्जेंटीना से ऊपर पहुंचा दिया। 'लेस ब्लूज' (फांस की टीम) ने सितम्बर 2018 के बाद पहली बार शीर्ा स्थान हासिल किया है।

शीर्ा तीन टीमों के बीच अंकों का अंतर बहुत कम था, जिससे मुकाबला काफी कड़ा रहा। स्पेन, जो सितम्बर 2025 से शीर्ा पर था, मि्र के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गया, जबकि विश्व चैंपियन अर्जेंटीना तीसरे स्थान पर आ गया। इंग्लैंड चौथे स्थान पर बना हुआ है, जबकि पुर्तगाल अपने हालिया मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ हासिल करने के बाद ब्राजील से आगे निकलकर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। उसे ब्राजील की फांस के हाथों हार का फायदा मिला। शीर्ा 10 में बाकी टीमों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है( नीदरलैंड, मोरक्को, बेल्जियम और जर्मनी अपने-अपने स्थानों पर बने हुए हैं। मोरक्को 1,755-87 अंकों के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर बना हुआ है, और अफीका की सबसे ऊंची रैंक वाली टीम के रूप में अपना दर्जा बरकरार रखे हुए है।

---

# पंजाब किंग्स का हरफनमौला संतुलन रंग लाएगा

### सीएसके की शुरुआती सीजन की निराशा के बीच आज होगी चिदंबरम स्टेडियम में जंग

**चेन्नई, वार्ता।** पंजाब किंग्स का हरफनमौला संतुलन बनाम चेन्नई सुपर किंग (सीएसके) की शुरुआती सीजन की निराशा के बीच एम चिदंबरम स्टेडियम में जंग होगी। यह मुकाबला आईपीएल 2026 में दोनों टीमों के पिछले मैचों की लय, खिलाड़ियों की व्यक्तिगत फॉर्म और अहम प्रदर्शनों से तय होगा।

पंजाब किंग्स अपने शुरुआती मैच में एक आत्मविश्वास भरी जीत के बाद इस मुकाबले में उतर रही है, जहां कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था। कूपर कोनोली ने 44 गेंदों में 72 रनों की संयमित और नाबाद पारी खेलकर सबका ध्यान खींचा। उन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को संभाला और दबाव भरे हालात में स्थिरता बनाए रखी। प्रभसिमरन सिंह ने पारी की शुरुआत में 24 गेंदों में 37 रनों की तेज पारी खेलकर टीम को आक्रामक शुरुआत दी, जिससे पंजाब को पारी की शुरुआत में ही अच्छी लय मिल गई। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी 11 गेंदों में 18 रनों की तेज पारी खेली। उन्होंने एक मजबूत स्ट्राइक रेट बनाए रखा और लक्ष्य का पीछा करते समय टीम को सही रास्ते पर बनाए रखने में मदद की। गेंदबाजी के मोर्चे पर भी पंजाब के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया। विजयकुमार वैशाख सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने चार ओवरों में 34 रन देकर 3 विकेट लिए और सही समय पर विकेट लेकर विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। युजवेंद्र चहल ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 28 रन देकर 2 विकेट लिए, उन्होंने बीच के ओवरों में विकेट लेकर विपक्षी टीम की रन गति पर लगाम कसी। मार्को जानसेन ने भी 20 रन देकर 1 विकेट लेकर प्रभावित किया, उन्होंने कसी हुई गें. दबाजी करते हुए डॉट गेंदों के जरिए विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स अपने निराशाजनक शुरुआती मैच की हार से उबरने की कोशिश कर रही है, जहां उनकी बल्लेबाजी क्रम सामूहिक रूप से अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहा था। जेमी ओवरटन टीम के लिए कुछ सकारात्मक पहलुओं में से एक रहे। उन्होंने 36 गेंदों में 43 रन बनाए और टीम के विकेटों के लगातार गिरने के बावजूद पारी को संभाले रखा। कार्तिक शर्मा ने 15 गेंदों में 18 रन बनाए, जबकि सरफराज खान ने 12 गेंदों में 17 रन जोड़े, लेकिन कोई भी बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत को एक बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया। गेंदबाजी की बात की जाये तो अंशुल कंबोज ने कुछ हद तक विरोध किया और अपने 3 ओवरों में 27 रन देकर 2 विकेट लिए, एक मुश्किल मैच में सीएसके के लिए वह सबसे असरदार गेंदबाजों में से एक साबित हुए। हालांकि, कुल मिलाकर गेंदबाजी में वह धार नहीं दिखी, क्योंकि विरोधी टीम ने आसानी से लक्ष्य का पीछा कर लिया। इससे सीएसके की कुछ कमजोरियां सामने आ गईं, जिन पर वे इस मैच में सुधार करने की कोशिश करेंगे। दोनों टीमें अलग-अलग तरह की फॉर्म और व्यक्तिगत प्रदर्शन के साथ इस मुकाबले में उतर रही हैं, इसलिए पंजाब किंग्स अपने फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों और संतुलित गेंदबाजी आक्रमण पर निर्भर रहेगी। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स अपने सीनियर खिलाड़ियों जिनमें ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन शामिल हैं से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी, ताकि वे अपने घरेलू मैदान पर टीम की स्थिति को मजबूत कर सकें।

---

# ओडिशा ने जीते खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में महिला व पुरुष वर्ग के खिताब

**रायपुर, वार्ता।** ओडिशा ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में पुरु और महिला दोनों वर्गों में हॉकी का स्वर्ण पदक जीतकर अपने दबदबे को साबित किया। रायपुर के वल्लभभाई पटेल अंतर्राट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में पुरु टीम ने झारखंड को 4-1 से हराया,

जबकि महिला टीम ने रोमांचक मुकाबले में मिजोरम को 1-0 से मात दी। पुरु वर्ग में झारखंड को रजत और छत्तीसगढ़ को कांस्य मिला, जबकि महिला वर्ग में झारखंड ने कांस्य पदक हासिल कर पोडियम पूरा किया। आज यहां खेले गए मुकाबलों में ओडिशा की पुरु टीम ने फाइनल में झारखंड को 4-1 से हराया, जबकि महिला टीम ने कड़े मुक. ाबले में मिजोरम को 1-0 से परा. जित किया। झारखंड और छत्तीसगढ़ की टीमें भी पोडियम तक पहुंचीं, जो इन क्षेत्रों से उभरती प्रतिभा की गहराई को दर्शाता है। लेकिन पदकों से आगे बढ़कर असली कहानी उन गांवों, जंगलों और समुदायों में छिपी है, जहां हॉकी पहचान और अवसर दोनों बन चुकी है। रायपुर में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में



ओडिशा की यह दोहरी स्वर्णिम सफलता केवल एक खेल उपलब्धि नहीं, बल्कि यह इस बात का सशक्त उदाहरण है कि कैसे हॉकी ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्रों में जीवन को नई दिशा दे रही है। खेल प्रतिभा के भंडार माने जाने वाले पूर्वोत्तर राज्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जहां मिजा. ेरम की टीम ने फाइनल तक जगह बनाई। दशकों से हॉकी जनजातीय संस्कृति का हिस्सा रही है। बच्चे पेड़ की टहनियों से स्टिक बनाकर ऊबड़-खाबड़ मैदानों पर नंगे पांव खेलते हैं। प्रतिभा हमेशा मौजूद थी, लेकिन उसे आगे बढ़ाने का रास्ता नहीं था-जो अब बदल रहा है। केंद्रीय खेल मंत्रालय और राज्यों द्वारा संचालित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बेहतर बुनियादी ढांचे और संगठित जमीनी कार्यक्रमों के चलते अब एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो रहा है। 1992 बार्सिलोना ओलंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा रहे पूर्व ओलंपियन अजीत लकड़ा, जो वर्तमान में बिलासपुर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मुख्य कोच हैं, इस बदलाव को करीब से देख रहे हैं।

---

# ऊंचे स्तर पर खेलते समय दबाव हमेशा रहता है: किरण

**रायपुर, वार्ता।** जब खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के सेमीफाइनल में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट के दौरान किरण पिस्दा ने गोलकीपिंग के दस्ताने पहने, तब वह अपने अब तक के अनुभवों पर भरोसा कर रही थीं।

उन अनुभवों पर, जिन्होंने चुनौतियों और निराशाओं के बीच उन्हें और अधिक मजबूत बनाया। दबाव को संभालना किरण की पहचान बन चुका है। चाहे टीम में जगह के लिए प्रतिस्पर्धा हो या अहम मैचों में प्रदर्शन, उन्होंने खुद को संयमित रखना सीख लिया है। वह कहती हैं कि ऊंचे स्तर पर खेलते समय दबाव हमेशा रहता है। आपको उसे संभालना सीखना पड़ता है। 24 साल की उम्र में किरण अपने खेल कौशल के शिखर पर नजर आती हैं। वह यूरोप में लीग फुटबॉल खेल चुकी हैं और अब बड़े अंतर्राट्रीय टूर्नामेंटों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दहलीज पर हैं। हालांकि, उनका यह सफर बिल्कुल आसान नहीं रहा, भले ही उन्हें स्कूल और परिवार से शुरुआती समर्थन मिला। उनके भाई गिरीश पिस्दा, जो खुद राट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं, उनके लिए प्रेरणा बने।

किरण ने साई मीडिया से कहा कि मुझे स्कूल में काफी सपोर्ट मिला। वहीं से मुझे राज्य और राट्रीय स्तर पर खेलने के मौके मिले और हर चयन के साथ मेरा आत्मविश्वास बढ़ता गया। इसके बाद किरण शारीरिक शिक्षा में डिग्री हासिल करने के लिए रायपुर आईं। छत्तीसगढ़ महिला लीग के दौरान उन्होंने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा और उन्हें राट्रीय शिविर के लिए बुलावा मिला। किरण बताती हैं कि उस समय मैं शारीरिक रूप से उतनी फिट नहीं थी और मेरा मानसिक स्तर भी सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं था। मुझे एहसास हुआ कि वहां जो अनुभव मिला है, उस पर मुझे काम करना होगा। इसके बाद उनके जीवन में आत्म-सुधार का एक कठिन दौर शुरू हुआ। उन्होंने अपनी फिटनेस पर काम किया, मैचों का विश्लोण करना शुरू किया और अपनी पोजशिनल समझ को बेहतर बनाया। लेकिन सबसे बड़ा बदलाव उनकी मानसिकता में आया। उन्होंने कहा कि मैंने खुद से कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, मैं नकारात्मक नहीं सोचूंगी। अगर आप नकारात्मक हो जाते हैं, तो उसका सीधा असर आपके प्रदर्शन पर पड़ता है। जब भी मुझे लगता है कि मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हूं या मन खराब होता है, तो मैं उनसे बात करती हूं। वह हमेशा मुझे सकारात्मक रहने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

---

# रासी वैन डेर डुसेन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**केप टाउन, वार्ता।** दक्षिण अफीका के बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन ने सभी फॉर्मेट में खेलने के बाद अंतर्राट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने दो अप्रैल को अपने इस फैसले की पुटि की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक दिल को छू लेने वाला संदेश साझा करते हुए अंतर्राट्रीय क्रिकेट में अपनी यात्रा को याद किया।

वैन डेर डुसेन ने नौ अक्टूबर, 2018 को जिम्बाब्वे के खिलाफ एक टी-20 मैच में अपना डेब्यू किया था और इसके बाद उन्होंने दक्षिण अफीका के लिए तीनों फॉर्मेट में खेला।

उन्होंने अपने करियर में 57 टी-20, 71 एकदिवसीय और 18 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार अंतर्राट्रीय मैच 16 अगस्त, 2025 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 खेला था। उनके बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक आईसीसी पुरु क्रिकेट विश्व कप 2023 में देखने को मिला,



जहां उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ एक शानदार शतक (133 रन) बनाया था।

---

# देबी डायमारी ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में जीता रजत

**अंबिकापुर, वार्ता।** 'जब हालात मुश्किल होते हैं, तो मजबूत लोग आगे बढ़ते हैं- यह एक मशहूर कहावत है जो खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने की ललक को बयां करती है। असम की महिला पहलवान देबी डायमारी की कहानी बाधाओं को पार करने की इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उनकी मेहनत रंग लाई ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में रजत पदक जीता। असम के गोलाघाट जिले के सिसुपानी स्थित दिनेशपुर गांव की रहने वाली 28 वीर्य देबी ने सात साल की उम्र में ही अपने माता-पिता को खो दिया था।



इसके बाद उन्हें अपने चाचा-चाची के साथ रहना पड़ा और आर्थिक तंगी के चलते अपनी ट्रेलनग जारी रखने के लिए उन्हें छोटे-मोटे काम भी करने पड़े। और आखिरकार देबी को उन सभी प्रयासों का फल तब मिला, जब उन्होंने यहां 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में महिलाओं की 62 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। बोडो ट्राइब से आने वाली देबी कहती हैं, इस पदक के पीछे मेरी कड़ी मेहनत है। मैंने चार साल पहले ही 2022 में गोलाघाट जिले के बोकाखात में काजीरंगा के बगल में खेलो इंडिया सेंटर में कुश्ती शुरू की थी। इसमें प्रैक्टिस करने के लिए मुझे सेंटर के आसपास रूम लेकर रहना पड़ा। रूम का 1000 रुपया किराया देने के लिए मेरे पास पैसे नहीं थे, इसलिए मुझे एक साल तक पार्ट टाइम जॉब भी करना पड़ा। उन्होंने कहा कि पहले तो मुझे 2022 में 2500 रुपये मासिक वेतन पर ईजी बाजार (बोकाखात) स्टोर में काम करना पड़ा और फिर 2023 में काजीरंगा में स्थित बोन विला रिसॉर्ट में करीब 7000 रुपये के मासिक वेतन पर जॉब करना पड़ा। वहां पर मैं स्वीलमग पूल की देखभाल और सफाई करती थीं। सारा दिन काम करने के बाद शाम को सिर्फ दो घंटे के लिए मैं कुश्ती की प्रैक्टिस कर पाती थी। मैंने जितना भी किया, उसके बदले मुझे ये रजत मिला। लेकिन मैं इससे संतुट नहीं हूं और मैं अब और कड़ी मेहनत करके आगे गोल्ड जीतना चाहती हूं। कुश्ती में मैट पर उतरने से पहले देबी पॉवरलिफ्टंग और आर्म रेसलिंग करती थीं।

लेकिन साल 2022 में उनकी मुलाकात असम टीम के कोच अनुस्तूप नाराह से हुई, जिनके मार्गदर्शन में रहकर वह कुश्ती की दांव पेंच सीखी हैं। कोच अनुस्तूप कहते हैं, '' 2022 में जब बोकाखात में पंजा टूर्नामेंट हुआ था तो उस दौरान वह मुझे मिली और मैंने उन्हें देखते ही कह दिया कि तुम रेसलिंग करो। उसने सोच विचार के बाद मुझे हां- कह दिया और फिर मैंने उन्हें सबसे पहले सेंटर के पास ही रहने के लिए कहा ताकि ट्रेलनग के लिए पर्याप्त समय मिल सके। वह बोली कि सर यहां तो रूम लेकर रहना पड़ेगा और मेरे पास इतने पैसे तो नहीं है। फिर मैंने गोलाघाट जिले के कुश्ती सहायक सचिव से कहकर देबी को काम दिलवाया और एक साइकिल भी दिलवाई। देबी उसी साइकिल से जॉब करने लगी और फिर वह सेंटर के पास रहकर ही प्रैक्टिस भी करने लगी। देबी की पिछले साल ही शादी हुई है और उनका पति बेंगलोर में प्राइवेट नौकरी करता है। वह कहती हैं,'' ससुराल वाले मुझे हर तरह से बहुत सपोर्ट करते हैं।

# यूपी में बनेगी कांग्रेस की सरकार: नरवाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल ने कहा कि 2027 चुनावी के बाद प्रदेश में कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार बनना तय है।

प्रदीप नरवाल आज कांग्रेस महानगर कार्यालय पर संगठन सृजन अभियान की जनपदीय समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीड होते हैं और इन कार्यकर्ताओं का मनोबल व कर्मठता ही संगठन की ताकत को सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि सहारनपुर कांग्रेस का एक मजबूत गढ़ है, क्योंकि 2017 में जब पूरे प्रदेश में हमारे केवल 7 विधायक थे, तो उस समय 2 विधायक सहारनपुर ने ही दिए थे।

पूर्व राज्य मंत्री शायान मसूद ने विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक कांग्रेसजनों से संगठनहित अपील की कि जो भी लोग जिस भी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं, उन्हें पार्टी के प्रतिनिधि के रूप में उस क्षेत्र के मतदाताओं से सीधा संवाद और संबंध बनाना चाहिए।

बैठक में जिलाध्यक्ष संदीप राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष चौ. मेहरबान आलम, एआईसीसी सदस्य चौधरी मुजफ्फर अली, सांसद प्रतिनिधि संदीप वर्मा, पूर्व प्रदेश सचिवगण प्रवीण चौधरी, अशोक सैनी, सत्यम भूरियान सैनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता काजी शौकत हुसैन, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विनय राणा, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव अरविंद पालीवाल व प्रदेश सचिव सतपाल बर्मन, जिला उपाध्यक्षगण सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, वरुण शर्मा, नितिन शर्मा, आरिफ खान, प्रीतम सैनी व अक्षय चौधरी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्वेता सैनी, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजन बिरला, सोनू पठान, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, सेवादल महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, एससी विभाग के जिलाध्यक्ष मुनेश सहगल, महानगर उपाध्यक्षगण हरिओम मिश्रा, नीरज कपिल, अमरदीप जैन व इकराम खान, श्रीमती मधु सहगल, ब्लॉक अध्यक्षगण सेठ, नानू सिंह कश्यप, नवाब अली, बिट्टू प्रधान, राजकुमार, पवन राना, चौधरी गालिब, नावेद खान, अबरार राव, रिजवान, अंकित व चौधरी हाशिम चौधरी, प्रभजीत सिंह, गुलफाम अंसारी, नसीब खान, अजय त्यागी, रवि कुमार, पल्लवी बाली, रीता बब्बर, रेखा धीमान, नसीब खान, नेता जाहिद, अंकित आर्य, अश्वनी राठौर, मोहम्मद जावेद, मनोज शर्मा, प्रवीण गौतम, मुरसलीन, लाल सिंह, शमीम, आरिफ मंसूरी, राजपाल सिंह कर्णवाल, मोहम्मद उस्मान, धर्मेंद्र राणा, रणवीर सिंह, राजेंद्र कुमार, संयोग सैनी, सतीश कश्यप आदि मौजूद रहे।

# विनिमयन समीक्षा समिति के आगमन से पूर्व एडीएमई ने की तैयारियों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति के जनपद में 8 एवं 9 अप्रैल को प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम तथा समीक्षा बैठक की तैयारियों के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की गयी।



बैठक में आवास एवं शहरी नियोजन, आबकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, गृह, राजस्व, पंचायती राज, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, सहकारिता, नगर विकास, जल शक्ति, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, परिवहन, समाज कल्याण, लोक निर्माण विभाग, ग्राम्य विकास, वन विभाग, औद्योगिक विकास, सिंचाई, खाद्य एवं रसद, नमामि गंगे, पर्यावरण, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, अल्प संख्यक कल्याण, खनन, पशुधन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, नेडा आदि विभागों के बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की गयी।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने संबंधित सभी विभागों को निर्देश दिए कि विगत 03 वर्षों में सदन में लगाये गये प्रकरणों के संबंध में समिति विधान मण्डल के 2026 के द्वितीय सत्र में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, इसलिए सभी विभाग कल तक स्पष्ट विवरण एवं आख्या दें। उन्होने कहा कि विवरण एवं आख्या प्रमाणित होनी चाहिए। बैठक में संबंधित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अखिलेश से मिले जितेंद्र राणा, चुनाव को लेकर चर्चा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव जितेंद्र राणा बाबा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की।

लखनऊ कार्यालय में अखिलेश से मिलने के बाद जितेंद्र राणा बाबा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर लंबी चर्चा की गई। इसके साथ ही संगठन को ओर अधिक प्रभावशाली बनाये जाने पर बातचीत हुई। उन्होंने बताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है और अखिलेश यादव फिर से इस प्रदेश को दिशा देने का काम करेंगे।

# विधायक आशु के प्रयास से 12 साल पुराना विवाद खत्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के देहात विधायक आशु मलिक के प्रयासों से ग्राम चाटका और ग्राम उगराहू के दो परिवारों के बीच पिछले 12 वर्षों से चला आ रहा पुराना विवाद आज आखिरकार हमेशा-हमेशा के लिए शांत हो गया।



काफी समय से दोनों पक्षों के बीच तनाव और खींचतान का माहौल बना हुआ था, जो क्षेत्र की शांति के लिए भी चिंता का विषय था। आज विधायक निवास पर इलाके के प्रबुद्ध और जिम्मेदार लोगों की मौजूदगी में एक पंचायत का आयोजन किया गया। घंटों चली इस वार्ता में दोनों पक्षों को बैठाकर उनकी बातें सुनी गई। जिम्मेदार लोगों की सूझबूझ और विधायक आशु मलिक के कुशल मध्यस्थता प्रयासों के चलते दोनों परिवार अपनी पुरानी रंजिशें भुलाकर एक-दूसरे से गले मिलने को तैयार हो गए। दोनों पक्षों ने अपनी मर्जी और पूरी सहमति से इस विवाद को हमेशा के लिए दफन कर दिया। गणमान्य लोगों ने दोनों पक्षों को नसीहत दी कि वे पिछली बातों को भूलकर अब एक नई शुरुआत करें और अपनी-अपनी जिंदगी को बेहतर व शांतिपूर्ण तरीके से गुजारें। इस ऐतिहासिक समझौते को अमलीजामा पहनाने में क्षेत्र के कई जिम्मेदार चेहरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पंचायत में गुफरान मलिक, हाफिज मुहम्मद उवेस, नफीस मलिक जिला पंचायत सदस्य, अब्दुल्लाह तारिक प्रधान, काशान मलिक, रिजवान प्रधान, हैदर मुखिया, राव गुलफाम, मुकर्रम प्रधान, कारी कामिल, शुएब मलिक, हाजी बशीर, नूर हसन, सईद अहमद, बिट्टू राना प्रधान, हफीज, मुस. तकीम, शफीक, सूफी जववार आदि मौजूद है।

# घर में घुसकर किया हमला, तीन की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम बुड्ढाखेडा में मस्जिद में अजान पढ़ने की बात को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी हो गई। जिसके गुस्साए एक पक्ष के लोग लाठी डंडों ने लैस होकर दूसरे पक्ष के घर पर चढ़ गए। एक पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष के यह लोग उनके घर में घुस आये तथा जानलेवा हमला कर उन्हें गम्भीर रुप से घायल कर दिया। पुलिस ने थाना पर पहुँचे सभी घायलों को मेडिकल जांच के लिए भेजा है।

ग्राम बुड्ढाखेडा निवासी जहाँगीर पुत्र रिजवान ने थाना पर तहरीर देते हुए बताया कि उसके भाई फुरकान, इस्लाम व कुर्बान बुधवार की देर रात को मस्जिद में नमाज पढ़ने गये थे। जहां पर अजान पढ़ने को लेकर मस्जिद के मुतवल्ली ने उन्हें गाली गलौज देनी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगा। नमाज पढ़ने के बाद उसके भाई जैसे ही अपने घर पहुंचे तो विपक्षी इकट्ठा होकर जबरदस्ती उनके घर में घुस आये तथा लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें पीड़ित के तीनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गये।

पीड़ित ने विपक्षियों के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की। वहीं पुलिस द्वारा तीनों घायलों का मैडिकल कराते हुए उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाय गया। जहां चिकित्सकों ने घायलों की स्थिति गंभीर होने के चलते उन्हें भर्ती कर लिया।

# बच्चों को बांटी नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ब्लॉक बलियाखेड़ी के उच्च प्रा.वि. छिदबना मे खण्ड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक बलियाखेड़ी सुरेश त्यागी के कुशल मार्गदर्शन में वार्षिकोत्सव स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ किया गया।



सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन खण्ड शिक्षा अधिकारी बलियाखेड़ी सुरेश त्यागी द्वारा किया गया उन्होंने कहा कि मेहनत अगर पूरी ईमानदारी के साथ की जाए तो कभी व्यर्थ नहीं जाती है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा बच्चों के अभिभावको व विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत नवप्रवेशी बच्चों की नामांकित करते हुये निशुल्क पाठ्यपुस्तक खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा जन प्रतिनिधियों द्वारा वितरित की गई।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान रिजवान अहमद, विपेंद्र शर्मा, सीमा चौधरी, नीतू चौधरी, रश्मि तोमर, नूतन, ईशा जैन, सरिता सैनी, रीता गेड़ा, संगीता यादव, रंजन चौधरी, बिंदु, निशा, नेहा शर्मा, राजवीर, रवींद्र एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य तथा विद्यालय का स्टाफ शामिल रहे।

# नाले में डंपर फंसने से लगा लंबा जाम, लोग रहे परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** बाईपास से गुजर रहा एक डंपर के पिछले टायर नगर पंचायत द्वारा बनवाए जा रहे नाले में फँस गए।कोई हादसा होने से तो बच गया लेकिन रास्ता जाम होने से वाहनों की लंबी कतारें लग गई। डंपर चालक ने विजुअल ले रहे एक मीडिया कर्मी के साथ दुर्व्यवहार करने का प्रयास भी किया।

गुरुवार को शाम के समय एक सीमेंट लदा डंपर बाईपास से गुजर रहा था।जैसे ही डंपर चालक ने घूम पर डंपर घुमाया तभी उसके पिछले टायर नगर पंचायत द्वारा बनवाए जा रहे नाले में जा फँसे।डंपर पटलने से बच गया जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया लेकिन डंपर इतना विशाल था कि रास्ता बंद हो गया और दोनों साइडों में वाहनों की लंबी लम्बी कतारें लग गई।घटना पर पहुँचे एक पत्रकार ने जब विजुअल लेने शुरू किए तो डंपर चालक ने पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार करने का प्रयास किया।सूचना पर पहुँची पुलिस ने दोनों तरफ लगी वाहनों की कतारों को अन्य मार्गों से निकलवाया।लगभग दो घँटे बाद डंपर को नाले से निकलवाया गया तब कहीं जाकर रास्ता खुला और लोगों ने राहत की सांस ली।

# धूमधाम से मनाया तीसरा वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री बालाजी जन्मोत्सव पर श्री बालाजी लखदातार श्यामप्रेमी संगठन का तीसरा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

भूतेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में आयोजित भजन संध्या में भजन प्रवाहिका हिमांशी कौशल व भजन प्रवाहक रोहित वर्मा, राहुल कच्छल आदि ने सुंदर भजन सुनाये। अध्यक्ष वैभव जैन के नेतृत्व मैं ुख्य अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर व संगठन का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में राज राजेश्वरी उपासक सतगुरुदेव आचार्य प्रगीत कौशिक महाराज एवं यगाचार्य प.नितिन शास्त्री उपस्थित रहे। मुख्य यजमान संजीव गर्ग, सतीश सिंघल, हितेश गर्ग, विश्वनाथ गोयल, राहुल अग्रवाल, विमल गुप्ता, दिलीप शर्मा, अजय बंसल, सुरेंद्र गुलाटी मनीष लोहान व संगठन परिवार ने विधिवत बाबा का पूजन कर भजन संध्या की शुरुआत करी।इस दौरान मुख्य सलाहकार



विशाल वर्मा, दीपक चौहान, मनीष वर्मा, विशाल चौहान, विशाल शर्मा, योगेश कुमार, संदीप वर्मा, प्रकाश शर्मा, अनमोल जैन, विभोर वर्मा, अनुज वर्मा, सुरेश साहू, विनय जैन, चिंकी सैनी, नानक राजा जैन, महामंत्री विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष हर्षित गर्ग, संयोजक विशाल वर्मा, सजंय बंसल, गौरव जैन, अनुज जैन, मोहित जैन, कार्तिक चौहान, वैभव बंसल, राजकुमार, सन्नी ठक्कर, अर्जुन बाठला, अंशुल जैन, धैर्य, मनीष लोहान, राजकुमार चौहान, राजा जैन, वैभव जैन, विक्की गुप्ता, हर्षित गर्ग, गोयल, राजू, अर्जुन बाटला, रमित गोयल, ललित चौहान, आंचल जैन, मिनाक्षी गर्ग, शालिनी चौहान, साक्षी वर्मा, प्रिती वर्मा, पूजा सिंह, अंकिता सैनी, काजल अग्रवाल, रूबी त्यागी, विधि जैन, अभिलाषा बंसल, आरना जैन आराध्या गर्ग, प्रिंसि मित्तल, अवनी वर्मा, अभिनव वर्मा, अमेय गर्ग उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास व आस्था के साथ मनाया श्री हनुमान जन्मोत्सव







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। शहर के प्रमुख मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा कई दिनों पूर्व से ही सुंदरकांड, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा था।

गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, आरती और 56 प्रकार के भोग का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। शहर में विभिन्न स्थानों से भव्य शोभायात्राएं भी निकाली गईं, जिनमें भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

आज बेहट रोड स्थित सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम में श्री बालाजी जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री बालाजी धाम को बहुत सुंदर रूप से फूलों से सजाया गया तथा श्री बालाजी महाराज को छप्पन भोग अर्पित किए गए। सर्वप्रथम प्रात: काल में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने श्री बाला. जी महाराज के दर्शन किए तथा श्री बालाजी धाम के संस्थापक अतुल जोशी महाराज ने महाराज जी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रात: काल में विगत दिवस से चल रहे अखंड रामायण पाठ का विश्राम हुआ उसके उपरांत आयोजित भजन भाव में भजन गायक आंचल दुबे ने अपने भजनों से सभी भक्तों को मंत्र मुक्त कर दिया तथा वातावरण बालाजी में बना दिया। महापौर डॉक्टर अजय सिंह, कर अधीक्षक सुधीर शर्मा, पार्षद वीरसेन, मुकेश गक्खड़, विहान मोटर्स के स्वामी शिवांग कुच्छल, उद्योगपति देवेंद्र बंसल आदि अनेक भक्तो ने बालाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री हनुमान मंदिर घंटाघर में बडे ही आस्था व श्रद्धाभाव के साथ श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया गया। रामबाबू शर्मा, ललित शर्मा, पंकज शर्मा, बाबूराम शर्मा व शुभम शर्मा द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। इस दौरान समिति प्रधान सी.पी. त्यागी, सुशील शर्मा, अशोक टक्कर, ओमप्रकाश, लक्ष्य शर्मा, संजय वर्मा, अमर जैन, अविनाश शर्मा, अवनीश कुमार, सुरेंद्र कुमार शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, नीरज कुमार शर्मा, ओमप्रकाश नरूला, उमेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

सिद्ध पीठ प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर के 36वें वार्षिकोत्सव एंव श्री बालाजी जन्मोत्सवम महायज्ञ 2026 के उपलक्ष में राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को आयोजित राष्ट्र कल्याण श्री सुदर्शन महायज्ञ में पूर्णाहूति के साथ विश्राम दिया गया तथा राष्ट्र कल्याणार्थ मनोकामनापूर्ण अखंड श्री हनुमाचा चालीसा 100 पाठों का विषेश अनुश्ठान भी सम्पन्न किया और श्रीबाला जी महाराज का जन्मोत्सव हर्शोल्लास के साथ मनाया गया। मोहल्ला चौन्ताला स्थित मन्दिर में श्री बालाजी आध्यात्मिक सत्संग मंडल साधक परिवार द्वारा प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय पंडित वासुदेव शर्मा निर्मोही की प्रेरणा स्वरूप आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत आज श्री बालाजी जन्मोत्सव महायज्ञ 2026 का देव पूजन के साथ मंदिर अधिष्ठान सुरेंद्र मोहन संजू ने श्री बालाजी महाराज को चोला अर्पण किया। पंडित अजय किरण भागवताचार्य के सानिध्य में चल रहे राश्ट्र कल्याणार्थ मनोक. ामनापूर्ण अखंड श्री हनुमाचा चालीसा 100 पाठों का विषेश अनुश्ठान सम्पन्न कर राष्ट्र कल्याण को चल रहे श्री सुदर्शन महायज्ञ में पूर्णाहूति देकर यज्ञ को विश्राम दिया गय। श्री बाला. जी जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया अ ौर श्री बालाली महाराज का पूजन कर जन्मोत्सव पर बधाई गीत गाये गये और केक सेरेमनी के साथ ध्वजारोहण कर महाआरती कर राश्ट्र कल्याण की कामना की गयी। इस अवसर पर नगर विधायक राजीव गुंबर एव भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेष जैन ने कहा कि श्री बाला जी महाराज की हम सभी पर कृपा बनी रहे प्रभु से हम ऐसी प्रार्थना करते है और सभी की जीवन में सुख समृद्धि में आये हम सभी की प्रभु से ऐसी प्रार्थना है।कार्यक्रम में केके सेरेमनी योगेष गोयल बिटूट एंव भंडारे का आयोजन राजकुमार गोयल ने द्वारा किया गया था।

इस दौरान पार्शद मुकेष गखक्ड, पूर्व पार्षद मानसिंह जैन, अध्यक्ष मुक. ेश चौरसिया, कार्यक्रम संयोजक पवन गोयल, सुरेंद्र मोहन संजू, सतीश सिंघल, नितिन कंसल, राजकुमार गोयल, मुकेश मित्तल, विजय गुप्ता, मुन्नी गुप्ता, राधेश्याम शर्मा, अजय शर्मा, विजय शर्मा, शिवाशु गोयल, मोहित शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

राधा विहार स्थित महा शक्तिपीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में हनुमान जयंती अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा हनुमान जी का प्राकट्य जनकल्याण के लिए हुआ है। राधा विहार स्थित श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वधान में आयोजित श्री हनुमान जी जन्मोत्सव पर विधिवत हनुमान जी की पूजा की गई और सभी भक्तों के द्वारा 108 हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और हनुमान जी की आरती उतारी गई एवं हनुमान जी का प्रसाद वितरण किया गया। श्री हनुमान जी जन्मोत्सव पर हनुमान जी के चरित्र महिमा का वर्णन किया। इस अवसर पर पंडित ऋषभ शर्मा, रमेश शर्मा, राजेंद्र धीमान, राकेश राय, सुरेश काम्बोज, सागर गुप्ता, बबीता, राजबाला, कुसुम, सुमन, परिधि, गीता, अनीता, सुमन सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**नकुड़।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर ग्राम नारायणपुर स्थित कान्हा गौशाला में गौ-माता की सेवा कर श्रद्धालुओं ने धर्म और सेवा का संदेश दिया। इस दौरान पूजा-अर्चना के साथ जीव-दया और गौ-सेवा को विशेष महत्व दिया गया।

गुरुवार को अनिल सैनी ने अपने परिवार और बच्चों के साथ गौशाला पहुंचकर गौ-माताओं को चौकर, शक्कर, चना, केले, मीठी खिल, गुलदाना, नारियल गोला, मीठे पान एवं हरा चारा खिलाया। उन्होंने बताया कि गौ-सेवा उनके लिए मात्र एक परंपरा नहीं, बल्कि संस्कार है और बच्चों को साथ लाने का उद्देश्य उन्हें भारतीय संस्कृति और जीव-दया के महत्व से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि मान्यता है गौ-माता में तैंतीस कोटि देवी-देवताओं का वास होता है और हनुमान जयंती के दिन उनकी सेवा करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम के दौरान गौशाला में भक्ति और सेवा का माहौल बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने बजरंगबली से सभी के सुख-समृद्धि की कामना की।

# थाना प्रभारी से मिले भाजपाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली में नवनियुक्त प्रभारी जितेंद्र सिंह दिखित के कार्यभार संभालने के भाजपाइयों व गणमान्य व्यक्तियो ने उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया।



भेंट के दौरान क्षेत्र की कानून व्यवस्था और जनसमस्याओं पर चर्चा हुई। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो देवेंद्र सिंह राणा, मंडल महामंत्री साढौली कदीम व पूर्व प्रधान प्रदीप गुप्ता एवं सचिन गर्ग मीडिया प्रभारी एवं प्रतिनिधि पूर्व मंत्री संजय गर्ग आदि मौजूद रहे।

# धरने के मंच पर विधायक उमर के प्रतिनिधि फरहान से मारपीट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बेहट विधानसभा के मुर्तजापुर गांव में बरसाती नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर चल रहा धरना उस वक्त बेकाबू हो गया जब मंच पर भाषण की जगह हाथापाई शुरू हो गई। मामला इतना बढ़ा कि धरना स्थल सियासी अखाड़े में बदल गया।

बताया जा रहा है कि बेहट विधायक के प्रतिनिधि के तौर पर धरनास्थल पर पहुंचे फरहान खान जैसे ही लोगों को भरोसा दिलाने के लिए माइक संभालने लगे तभी वहां मौजूद समाज सेवी रोहित सिंह राणा का पारा चढ़ गया। आरोप है कि रोहित सिंह राणा और उसके साथियों ने न सिर्फ गाली-गलौच की बल्कि मारपीट करते हुए जेब से नकदी भी छीन ली। सबसे सनसनीखेज आरोप यह है कि झगड़े के दौरान छाती पर रिवॉल्वर सटाकर जान से मारने की धमकी दी गई। इस पूरे घटनाक्रम ने धरने की मांग को पीछे धकेल दिया और सियासत की असल तस्वीर सामने ला दी।

हैरानी की बात यह है कि जिस मंच से जनता के मुद्दों की आवाज उठनी थी वहीं आपसी खींचतान और वर्चस्व की लड़ाई खुलकर सामने आ गई। लंबे समय से चल रही पोस्ट और जुबानी जंग के रूप में चल रही अंदरूनी रंजिश आज खुलकर सड़कों पर आ गई।

पीड़ित विधायक प्रतिनिधि फरहान खान अपने साथियो के साथ कोतवाली बेहट में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# बाबा साहब का चित्र किया क्षतिग्रस्त

**अम्बेहटा।** ग्राम रनियाला दयालपुर के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर डिजिटल लाइब्रेरी की दीवार पर बने भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब के चित्र को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय सचिव डॉ. सुरेन्द्र कुमार बौद्ध ने इस घटना की सूचना तुरंत प्रधानाचार्य अनुज शर्मा और ग्राम प्रधान सुभाष चंद रावल को दी। ग्राम प्रधान ने अम्बेहटा पुलिस चौकी में लिखित तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**शाह टाइम्स**

## सम्पादकीय

शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ट्रम्प का संबोधन

अपने तय कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार की सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने राष्ट्र को संबोधित किया। उनके संबोधन पर पूरी दुनिया की नजर लगी थी, क्योंकि वह अपना संबोधन उस समय कर रहे थे, जब ईरान के साथ जारी युद्ध को करीब 34 दिन हो गए हैं। पिछले दिनों जिस तरह की खबरें आ रही थीं, लोगों को उम्मीद थी कि शायद वह अपने संबोधन में ऐसा कुछ कहेंगे, जिससे यह युद्ध समाप्त होने में मदद मिलेगी। यकीनन ऐसी उम्मीद रखने वाले लोगों को निराशा हाथ लगी है, क्योंकि ट्रम्प ने 3-4 सप्ताह तक ईरान पर गंभीर हमले की बात कही है। अमेरिकी राष्ट्रपति अपने विवादास्पद दावों को लेकर जाने जाते हैं। अपने संबोधन में भी वह अपनी इस आदत के अनुसार भ्रम की स्थिति फैलाते दिखाई दिए। ट्रम्प का कहना था कि अमेरिकी सेना ने ज्यादातर लक्ष्य हासिल कर लिए हैं और ईरान की वायु व जल सेना को पंगु बना दिया है। अब सवाल है कि अगर ईरान की सेना को पंगु बना दिया है तो उस पर हमले भयंकर हमले क्यों करने चाहिएं वह तो खुद ही घुटनों में आ जाना चाहिए। होर्मुज को लेकर जिस तरह ईरान तेवर दिखा रहा है, उससे तो कहीं भी नहीं लगता कि उसकी जल व वायु सेना में कमी आती दिखाई दे रही है। अपने संबोधन में ट्रम्प यह कहने से भी नहीं चूके कि मध्य पूर्व में हम अपने लिए नहीं बल्कि अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उन्हें मध्य पूर्व से तेल की कोई जरूरत नहीं है। अमेरिका के पास बहुत तेल है। न ही होर्मुज की उन्हें कोई जरूरत है। जिन्हें जरूरत है, उनको जाकर रास्ता खुलवाना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति यह कहते भी दिखाई दिए कि ईरान ने उनसे युद्ध विराम की मांग की है। जिस तरह तेहरान ने उनके तमाम दावों को तुरंत खारिज किया है, निश्चित रूप से यह ट्रम्प की साख के लिए बड़ा झटका होना चाहिए। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान की जनता का अमेरिका, यूरोप व पड़ोसी देशों से कोई बेर नहीं है और अमेरिकी नागरिकों से अपील की है कि वह युद्ध जारी रखने के पीछे ट्रम्प के उद्देश्यों पर सवाल उठाएं। वहीं ईरानी विदेश मंत्री अरागची का कहना है कि अमेरिका से संदेश मिला जरूर है, लेकिन बातचीत को लेकर भरोसा शून्य बना हुआ है। कुल मिलाकर देखा जाए, तो ट्रम्प ने वही बात अपने संबोधन में कही है जो वह पिछले दिनों से कहते आ रहे हैं, उन्होंने नया कुछ भी नहीं कहा। वह इस बात का भी जवाब नहीं दे सके, जो खुद उनके देश में उठ रही है कि आखिर ईरान अमेरिका के लिए खतरा कैसे है। न ही वह अमेरिकी व विश्व की जनता को किसी तरह का भरोसा दिला सके, जिससे लगे कि विकराल रूप लेती यह जंग किसी तरह खत्म हो, बल्कि और भड़काने की बात करते दिखाई दिए। उनका कुल भाषण यह बताता है कि वास्तव में ट्रम्प को अब कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है और वह युद्ध में पूरी तरह उलझ गए हैं।

## पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही मोदी सरकार



मोदी सरकार पूर्व सैनिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है, जिसके कारण उनका संकट लगातार गहराता जा रहा है, सरकार उन पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही है, जिन्होंने देश की सेवा की है। सरकार को पूर्व सैनिकों को वह सारी सुविधाएं देनी चाहिए जिसके वे हकदार हैं, जनसंसद में कुछ दिन पहले देश की रक्षा में घायल होने वाले पूर्व सैनिकों से मुलाकात हुई, उन्होंने एक्स सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस) में प्रतिपूर्ति में देरी, दवाइयों की कमी, अस्पतालों का इलाज से इनकार या बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण योजना से बाहर हो जाने जैसी गंभीर कमियों के बारे में बताया, 72 लाख से भी अधिक पूर्व सैनिक और उनके परिवार अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस योजना पर निर्भर हैं।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# सुधार या बोझ? आम आदमी की जेब पर लगातार पड़ता भार

## नए वित्तीय वर्ष पर नई मुश्किलें, खर्च बढ़े, राहत नहीं






**कृति आरके जैन**

देश में कई फैसले ऐसे होते हैं, जो कागज पर छोटे दिखते हैं, लेकिन उनका असर सीधे रसोई, सड़क और जेब तक पहुंचता है। 1 अप्रैल 2026 भी ऐसी ही तारीख बन गई। नए वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन आम आदमी पर तीन तरफ से बोझ डाला गयाकृनया इनकम टैक्स कानून, ई20 पेट्रोल का अनिवार्य उपयोग और फास्टैग का महंगा वार्षिक पास। सरकार इन बदलावों को सुधार कह रही है, लेकिन असली असर वही मध्यम वर्ग झेल रहा है, जो पहले से महंगाई, किस्तों और रोजमर्रा के खर्चों में फंसा हुआ था। यह सिर्फ नियमों में बदलाव नहीं, बल्कि आम आदमी की आय स्थिर रहकर खर्चों के बढ़ते दबाव का नया दौर है।

सबसे बड़ा बदलाव नए इनकम टैक्स एक्ट 2025 के रूप में आया है। छह दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को हटाकर नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। दावा है कि इससे टैक्स सिस्टम आसान, पारदर्शी और आधुनिक बनेगा। कागजों पर राहत भी दिखती है। बच्चों का शिक्षा भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह, हॉस्टल भत्ता 300 से 9000 रुपये और भोजन भत्ता व गिफ्ट लिमिट भी कई गुना बढ़ाई गई है। पहली नजर में यह राहत का पैकेज लगता है, लेकिन असलियत अलग है। इन बढ़ी हुई सीमाओं के साथ शर्तें और कागजी बोझ भी बढ़ गया है। नतीजा यह कि कर्मचारी को राहत कम और उलझन ज्यादा मिल रही है।

नए टैक्स नियमों ने नौकरीपेशा वर्ग के लिए कुछ राहत के साथ कागजी अनुपालन भी बढ़ाया है। अब एचआरए क्लेम के लिए मकान मालिक का पैन और किराए की रसीद जैसे दस्तावेज अनिवार्य हो गए हैं। दस लाख रुपये से अधिक के हर लेन-देन पर भी पैन अनिवार्य कर दिया गया है। फॉर्म 16 की जगह नई अनुपालन प्रक्रिया और फॉर्म लागू हो गए हैं, जिन्हें समझने में कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। सबसे बड़ी परेशानी पुरानी और नई टैक्स व्यवस्था के बीच चुनाव को लेकर है। आम कर्मचारी तय नहीं कर पा रहा कि किसमें बचत है और किसमें ज्यादा टैक्स। जिसे आसान और पारदर्शी व्यवस्था कहा गया था, वह अब सलाहकारों, चार्ट और कैलकुलेटर के बिना समझ में नहीं आती। सुधार के नाम पर उलझन और बढ़ गई है। टैक्स के बाद दूसरा बड़ा झटका ई20 पेट्रोल ने दिया है। 1 अप्रैल से देश के हर पेट्रोल पंप पर 20 प्रतिशत एथनॉल मिला पेट्रोल ही बिक रहा है। सरकार इसे तेल आयात घटाने, विदेशी मुद्रा बचाने, प्रदूषण कम करने और किसानों की आय बढ़ाने वाला कदम बता रही है। मंशा पर सवाल नहीं, लेकिन मुश्किल वहां शुरू होती है जहां यह फैसला आम आदमी की गाड़ी से टकराता है। देश में लाखों कारें और बाइक पांच-दस साल पुरानी हैं। उनके मालिक अब डर रहे हैं कि कहीं ई 20 पेट्रोल से इंजन पर असर न पड़े, माइलेज न घट जाए और मरम्मत का नया खर्च न जुड़ जाए। अगर गाड़ी ई 20 के अनुकूल नहीं हुई, तो उसकी कीमत आखिर किसकी जेब से निकलेगी? विशेषज्ञ चेतावनी दे चुके हैं कि ई 20 पेट्रोल से पुरानी गाड़ियों का माइलेज घट सकता है, इंजन पर दबाव बढ़ सकता है और तकनीकी बदलाव की जरूरत पड़ सकती है। पेट्रोल की कीमत भले न बढ़े, वास्तविक खर्च बढ़ जाएगा। माइलेज घटने से महीने के अंत तक कई सौ रूपए अतिरिक्त खर्च होंगे। रोज दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, टैक्सी चालक, डिलीवरी कर्मी और छोटे व्यापारी सबसे पहले प्रभावित होंगे। सीमित आय वाले परिवारों के लिए यह नया खर्च बड़ी समस्या बन सकता है। सरकार ने फैसला लागू कर दिया, लेकिन पुराने वाहनों वाले लाखों परिवारों की तैयारी नहीं हुई। सड़क पर निकलने वालों के लिए सबसे तात्कालिक झटका फास्टैग के नए नियमों ने दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फास्टैग के वार्षिक पास की कीमत 3000 रुपये से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दी है। सुनने में यह केवल 75 रुपये की बढ़ोतरी लगती है, लेकिन असली बोझ इससे कहीं बड़ा है। अब 'वन व्हीकल, वन फास्टैग' नियम पहले से सख्ती से लागू है और नकद भुगतान लगभग खत्म हो चुका है। खाते में बैलेंस कम हुआ, तो टोल प्लाजा पर गाड़ी रुक सकती है। अब हर सफर मोबाइल, बैंक खाते और नेटवर्क पर ज्यादा निर्भर हो गया है। यानी अब सड़क पर निकलने से पहले गाड़ी नहीं, फास्टैग का सक्रिय होना ज्यादा जरूरी हो गया है। इन तीनों बदलावों की सबसे बड़ी मार मध्यम वर्ग पर पड़ेगी। सीमित आय वाले एक सामान्य परिवार की जेब पर अब हर महीने 800 से 1200 रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। नए टैक्स नियम बचत घटाएंगे, ई 20 पेट्रोल रोज की यात्रा महंगी करेगा और फास्टैग हर सफर को ज्यादा खर्चीला बना देगा। यही वह वर्ग है, जो पहले ही बच्चों की फीस, राशन, बिजली बिल और ईएमआई के बीच जूझ रहा है। न उसे सरकारी राहत मिलती है, न बढ़ती महंगाई से बचने का रास्ता। इसलिए सरकार जिन कदमों को सुधार कह रही है, वे आम आदमी को जेब पर लगातार पड़ते वार जैसे लग रहे हैं। किसी भी सुधार का मूल्य उसके उद्देश्य से नहीं, बल्कि उसके प्रभाव से तय होता है। टैक्स व्यवस्था को आधुनिक बनाना, तेल पर निर्भरता घटाना और टोल को डिजिटल करना जरूरी हो सकता है, लेकिन बिना तैयारी और विकल्प के लागू किए गए बदलाव सुधार नहीं, बोझ बन जाते हैं। 1 अप्रैल 2026 ने यही सच्चाई सामने रखी। इस दिन देश ने कोई नई शुरुआत नहीं, बल्कि यह महसूस किया कि आने वाले समय में आम आदमी को अपनी कमाई से ज्यादा अपने बढ़ते खर्चों की चिंता करनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बलिदान से जन्मी रोशनी: गुड फ्राइडे का शाश्वत संदेश

**कहा जाता है कि पुनर्जीवित होने के बाद ईसा ने लगभग 40 दिनों तक अपने शिष्यों और अनुयायियों को दर्शन दिए, उन्हें सत्य, प्रेम और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। ईस्टर की आराधना विशेष रूप से उषाकाल में की जाती है। मान्यता है कि पुनरुत्थान का यह चमत्कार प्रातःकाल ही हुआ था और सबसे पहले मरियम मदीलिनी ने ईसा को जीवित देखा था। यह प्रसंग इस तथ्य को भी उजागर करता है कि सत्य और आस्था का प्रकाश सबसे पहले उन हृदयों में जागृत होता है, जो श्रद्धा और विश्वास से परिपूर्ण होते हैं।**



**योगेश कुमार गोयल**

ईशु ईसा मसीह के बलिदान और उनकी शिक्षाओं को याद करने का दिन है गुड फ्राइडे। दरअसल ईसा मसीह ने मानवता की भलाई के लिए बलिदान दिया। ईसाई मान्यता के अनुसार दुनिया को प्रेम, दया, करुणा, परोपकार, अहिंसा, सद्वयवहार और पवित्र आचरण का संदेश देने वाले ईशु को इसी दिन उस जमाने के धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा क्रॉस पर चढ़ाया गया था।

जिस दिन ईसा मसीह ने प्राण त्यागे थे, उस दिन शुक्रवार था और इसी याद में गुड फ्राइडे मनाया जाता है। ईस्टर के रविवार से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को मनाया जाता है और इस वर्ष गुड फ्राइडे 3 अप्रैल को मनाया जा रहा है। ईसाई समुदाय द्वारा इस त्यौहार को शोक के रूप में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को ईशु द्वारा मानवता की भलाई के लिए दिए बलिदान के रूप में देखा जाता है। गुड फ्राइडे के दिन गिरजाघरों में घंटा नहीं बजाया जाता बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं और लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर ईशु का स्मरण करते हैं। कुछ स्थानों पर लोग काले कपड़े पहनकर प्रभु ईशु के बलिदान दिवस पर शोक भी व्यक्त करते हैं और ईशु से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। ईसा मसीह के सूली पर चढ़ाए जाने की याद में इस दिन उनके अनुयाई समस्त लौकिक सुविधाओं का त्याग कर देते हैं। इस दिन चर्च और घरों से सजावटी वस्तुएं हटा दी जाती हैं या उन्हें कपड़े से ढ़क दिया जाता है। कैथोलिकों द्वारा शुरू की गई प्रथा के अनुसार गुड फ्राइडे के ठीक 40 दिन पहले आने वाले बुधवार से ईसाई समुदाय में प्रार्थना और उपवास प्रारंभ हो जाते हैं। इस बुधवार को 'राख का बुधवार' कहा जाता है। उपवास के दौरान लोग केवल शाकाहारी और सात्विक भोजन करते हैं। माना जाता है कि ईशु ने मानव सेवा प्रारंभ करने से पहले चालीस दिन तक व्रत किया था और संभवतः इसीलिए उपवास की यह परम्परा शुरू हुई।

इस दिन दुनियाभर के ईसाई सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए चर्च में चंदा या दान देते हैं। ईसाई धर्म में ईसा मसीह को परमेश्वर का पुत्र माना जाता है। उन्होंने लोगों को क्षमा, शांति, दया, करूणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का उपदेश दिया और उनके इन्हीं सद्गुणों के कारण लोग उन्हें शांति दूत, क्षमा मूर्ति और महात्मा कहकर पुकारने लगे थे। कहा जाता है कि वे यरूशलम के गैलिली प्रांत में लोगों को मानवता, सत्य, एकता, प्रेम, अहिंसा और शांति का उपदेश दिया करते थे। उनके संदेश दूर-दूर तक फैलने लगे और उनके विचारों को लोग अपने जीवन में अपनाने लगे। वहां के लोग उन्हें परमपिता परमेश्वर का दर्जा देने लगे थे। समाज में धार्मिक अंधविश्वास और झूठ फैलाने वाले धर्मगुरूओं को इसी कारण ईसा मसीह से काफी जलन होने लगी थी क्योंकि लोग अपनी समस्याओं को लेकर अब उनके पास नहीं आ रहे थे। करीब दो हजार वर्ष पूर्व उन्हें मृत्युदंड इसीलिए दिया गया क्योंकि वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और घोर विलासिता तथा अज्ञानता के अंधकार को दूर करने के लिए लोगों को शिक्षित और जागरूक कर रहे थे। ईसा मसीह केवल एक धार्मिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि परिवर्तन और करुणा के जीवंत प्रतीक थे।

उन्होंने मानव प्रेम की सीमाओं को तोड़ते हुए उसे आत्मकेन्द्रितता और स्वार्थ से परे ले जाने का संदेश दिया। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि सच्चा प्रेम त्याग, क्षमा और समर्पण में निहित होता है। जब पृथ्वी पर पाप और अन्याय बढ़ रहे थे, तब ईसा ने अपने बलिदान के माध्यम से निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा को चरितार्थ किया। क्रॉस पर उनकी पीड़ा केवल एक व्यक्ति का कष्ट नहीं थी बल्कि संपूर्ण मानवता के उद्धार का प्रतीक बन गई। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, क्रूस पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन, रविवार को ईसा मसीह पुनः जीवित हो उठे थे। यही कारण है कि गुड फ्राइडे के बाद आने वाला रविवार 'ईस्टर संडे' के रूप में मनाया जाता है। यह दिन केवल पुनरुत्थान का उत्सव नहीं, बल्कि आशा, नवजीवन और विश्वास की पुनर्स्थापना का संदेश देता है।

# नौकरियां गंवाने की चिंता और मानसिक स्वास्थ्य की पुकार





**रजनीश कपूर**

बेंगलुरु, जिसे भारत की आईटी राजधानी के नाम से भी जाना जाता है, पिछले दिनों एक ऐसी घटना से हिल गया है जो न केवल दिल दहला देने वाली है, बल्कि पूरे समाज को सो. चने पर मजबूर कर देती है। गत 31 मार्च को कोठानूर इलाके के एक हाई-राइज अपार्टमेंट में एक युवा तकनीकी जोड़ी ने आत्महत्या कर ली। पति भानुचंद्र रेड्डी (32) और पत्नी बीबी शाजिया सिराज (31)। दोनों सॉफ्टवेयर इंजीनियर, दोनों की कमाई लाखों में, अमेरिका में काम का अनुभव, 80 लाख का सालाना पैकेज और सफलता की सारी बाहरी निशानियां। लेकिन अंदर से? नौकरी खोने का भय और बढ़ता तनाव। ठीक उसी दिन जब वैश्विक स्तर पर एआई की वजह से आईटी सेक्टर में भारी छंटनी की खबरें आ रही थीं।

भानुचंद्र अमेरिका में काम कर रहे थे। एआई टूल्स के कारण उनकी टीम में छंटनी हुई और उनकी नौकरी चली गई। भारत लौटकर वे नई नौकरी की तलाश में लगे, लेकिन असफल रहे। चिंता ने उन्हें घेर लिया। स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। अपने सुसाइड नोट में उन्होंने यही लिखा, हनौकरी की अनिश्चितता और लगातार दबाव। पत्नी शाजिया आईबीएम में नाइट शिफ्ट कर रही थीं। सुबह 7:30 बजे घर लौटीं तो पति का कमरा अंदर से बंद था। सुरक्षा गार्ड ने दरवाजा तोड़ा तो भानुचंद्र फांसी पर लटक रहे थे। शाजिया ने 20 मिनट तक वह दृश्य देखा। फिर वे अचानक 18वें फ्लोर पर पहुंचीं और वाहन से नीचे कूद गईं। यह घटना एआई क्रांति की उस काली साइड का प्रतीक है जो कल तक 'भविष्य की तकनीक' मानी जा रही थी। ठीक उसी दिन, 31 मार्च 2026 को, अमेरिकी सॉफ्टवेयर दिग्गज ओरेकल ने हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। कंपनी एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए भारी निवेश कर रही है।

2026 में 500 करोड़ डॉलर से ज्यादा का कैपिटल निवेश भी किया। लेकिन इस खर्च को पूरा करने के लिए उसने लागत घटाने का फैसला किया। CNBC ब्लूमबर्ग और बिजनेस इंसाइडर की रिपोर्ट्स के मुता. बिक, करीब 20,000-30,000 तक के कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। ओरेकल अकेली नहीं। 2026 में एआई की वजह से बिग टेक की छंटनी की लहर चल रही है। अमेजन ने जनवरी में 16,000 कॉर्पोरेट जॉब्स काटे। माइक्रोसॉफ्ट ने पिछले साल 15,000 पद घटाए। मेटा, एटलासियन, ब्लॉक आदि सभी कंपनियां एआई के नाम पर कर्मचारियों को 'रिडंडेंट' बता रहे हैं। भारत में भी आईटी सेक्टर में 2017 से अब तक 227 से ज्यादा सुसाइड केस दर्ज हुए हैं। एनसीआरबी के 2023 के आंकड़ों के अनुसार कुल 1,71,418 आत्महत्याएं हुईं, जिनमें युवा प्रोफेशनल्स (25-40 साल) की संख्या सबसे ज्यादा हैं। बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे जैसे हर शहर में एआई छंटनी का डर युवाओं को घेर रहा है। समस्या सिर्फ नौकरी चले जाने की नहीं। समस्या है उस चिंता की भी है, जो एआई के नाम पर पैदा हो रही है। एआई टूल्स कोडिंग, डेटा एनालिसिस, यहां तक कि सॉफ्टवेयर डिजाइन में इंसानों से बेहतर साबित हो रहे हैं। कंपनियां सोच रही हैं कि कम लोगों से ज्यादा काम, लेकिन कर्मचारी? उनके लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन गया है। ईएमआई, लोन, परिवार की जिम्मेदारी, सब कुछ एक नौकरी पर टिका है। जब नौकरी चली जाती है, तो चिंता डिप्रेशन में बदल जाती है और समाज? हम अभी भी इसे व्यक्तिगत कमजोरी मानते हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वे कहता है कि 80 प्रतिशत लोग मानसिक बीमारी का इलाज नहीं लेते। वजह, कलंक और सुविधाओं की कमी। भारत में प्रति लाख जनसंख्या पर सिर्फ 0.75 साइकिएट्रिस्ट हैं। जिला स्तर पर मनोवैज्ञानिक क्लिनिक नाममात्र के। हमें एक मजबूत साइकोलॉजिकल इकोसिस्टम की जरूरत है। ठीक वैसे ही जैसे सामान्य अस्पतालों का नेटवर्क है। हर जिले में फुल-टाइम मेंटल हेल्थ सेंटर, फी या सस्ती ओपीडी, टेली-मेंटल हेल्थ, आयुष्मान भारत में मानसिक स्वास्थ्य बीमा अनिवार्य। कॉर्पोरेट कंपनियों को कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) अनिवार्य करने होंगेलेआउफ के समय न सिर्फ आउटप्लेसमेंट, बल्कि मानसिक सहायता भी देनी चाहिए, लेकिन इलाज सिर्फ दवाओं और काउंसलिंग तक सीमित नहीं रहना चाहिए। भारतीय संस्कृति में सदियों से ध्यान, योग और भगवद्गीता जैसे ग्रंथ चिंता पर विजय पाने का रास्ता बताते हैं। जब एआई छंटनी का दबाव बढ़े, तो आध्यात्मिक मार्गदर्शन मन को स्थिरता दे सकता है। भगवद्गीता में कर्मयोग की शिक्षा है कर्म करो, लेकिन फल की चिंता मत करो। कर्मण्एवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। यह सिखाता है कि नौकरी चली जाए तो भी आत्मसम्मान और जीवन का अर्थ खत्म नहीं होता। ध्यान और योग एंग्जायटी को कम करने में वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हैं। आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों में अब 'माइंडफुलनेस' प्रोग्राम चल रहे हैं। कई कंपनियां कर्मचारियों के लिए योग सेशन्स और आध्यात्मिक सत्र आयोजित कर रही हैं। आध्यात्मिक गुरुओं और काउंसलर्स का कहना है कि जब मन अशांत हो, तो प्रार्थना, सत्संग या गीता पाठ से आंतरिक शक्ति जागृत होती है। यह चिंता को 'स्वीकार' करने की क्षमता देता है, कि बदलाव जीवन का हिस्सा है, लेकिन हम उससे ऊपर उठ सकते हैं।ध्यान रखें, आध्यात्मिक मार्गदर्शन पेशेवर मनोचिकित्सा का विकल्प नहीं, बल्कि पूरक है। जब डॉक्टर की दवा के साथ ध्यान और गीता का ज्ञान जुड़ जाए, तो रिजल्ट बेहतर होता है। कई अध्ययनों में पाया गया है कि आध्यात्मिक प्रैक्टिस डिप्रेशन के मरीजों में रिकवरी रेट बढ़ाती है। सरकार, कॉर्पोरेट और समाज को मिलकर काम करना होगा। स्कूल-कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी शामिल करें। मीडिया आत्महत्या की खबरों को संवेदनशील तरीके से कवर करे। परिवारों में खुली बातचीत का माहौल बने।बेंगलुरु की यह त्रासदी और ओरेकल जैसी कंपनियों की छंटनी हमें चेतावनी दे रही है। एआई भविष्य है, लेकिन बिना मानवता के नहीं। जब हम मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक बीमारी की तरह देखेंगे, जब अस्पतालों की तरह साइकोलॉजिकल सेंटर्स हर जगह होंगे और जब आध्यात्मिक मार्गदर्शन हमें अंदर से मजबूत करेगा, तब ही हम इस दबाव को पार कर पाएंगे। भानुचंद्र और शाजिया सिर्फ एक जोड़ी नहीं थे। वे हजारों उन युवा आईटी प्रोफेशनल्स का प्रतिनिधित्व करते हैं जो आज भी चुपचाप एआई छंटनी की चिंता में जूझ रहे हैं। समय आ गया है कि हम बदलें। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को एक साथ देखें। तभी एक स्वस्थ, सशक्त और संतुलित भारत बनेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



श्रीनगर। सड़क केनारे एक अधिकृत डीलर से घरेलू उपयोग के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस के सिलेंडर लेने के लिए इंतजार करते लोग।

## अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों से जल्द इराक छोड़ने के कहा

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को इराक में मौजूद अपने नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने की अपील की है। दूतावास के बयान के अनुसार, ईरान समर्थक समूहों द्वारा मध्य बगदाद में स्थित विदेशी राजनयिक मिशनों पर हमले की धमकियों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। दूतावास ने अपने बयान में कहा कि ईरान से जुड़े इराकी आतंकवादी समूह अगले 24-48 घंटों के भीतर मध्य बगदाद में हमले कर सकते हैं। ईरान और उससे जुड़े आतंकवादी गुटों ने पूरे इराक में अमेरिकी नागरिकों और अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, जिनमें इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र (आईकेआर) भी शामिल है। अमेरिकी नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी कारण से इराक की यात्रा न करें।

## हाइफा में हवाई हमले के सायरन बजे

**हाइफा।** इजरायल की होम फ्रंट कमांड ने ईरान से उसकी तरफ मिसाइलें दागे जाने की प्रारंभिक चेतावनी भेजी है। समाचार एजेंसी स्पुतनिक की एक रिपोर्ट के मुताबिक उत्तरी इजरायली शहर हाइफा में हवाई हमले के सायरन बज रहे हैं। इजरायल पर बुधवार को भारी गोलाबारी के बावजूद, पिछले दिन हाइफा में हवाई हमले के कोई सायरन नहीं बजे थे। लेबनान की ओर से हालांकि हुई गोलाबारी के कारण मंगलवार शाम को तीन बार सायरन बजाए गए थे। इससे पहले, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि इजरायल ने ईरान से मिसाइल प्रक्षेपण का पता लगाया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले, आईडीएफ ने ईरान से इजरायल की तरफ दागी गई मिसाइलों का पता लगाया है। मिसाइलों को रोकने के लिए रक्षा प्रणालियां काम कर रही हैं।

# ईरान में अमेरिका के लक्ष्य पूरे होने के करीब: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा: हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान के दौरान अमेरिकी सेना के 'मुख्य रणनीतिक लक्ष्य' लगभग पूरे होने के करीब हैं।

ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि जैसा कि मैंने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' की घोषणा करते समय कहा था, हमारे लक्ष्य बहुत सरल और स्पष्ट हैं। हम व्यवस्थित रूप से उस शासन की अमेरिका को धमकाने या अपनी सीमाओं के बाहर अपनी ताकत दिखाने की क्षमता को खत्म कर रहे हैं। इसका मतलब है ईरान की नौसेना को खत्म करना-जो अब पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है, उनकी वायु सेना और मिसाइल कार्यक्रम को ऐसे स्तर पर नुकसान पहुंचाना जो पहले कभी नहीं देखा गया और उनके रक्षा औद्योगिक आधार को पूरी तरह से तबाह कर देना। हमने यह सब कर लिया है-मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ये मुख्य रणनीतिक लक्ष्य अब पूरे होने के करीब हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अगले दो से तीन हफ्तों में ईरान पर अपने हमले और तेज करेगा, और उन्होंने उस देश को 'पाषाण युग' में वापस धकेलने की धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि मैं आज रात यह कह सकता हूं कि हम अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्यों को जल्द ही-बहुत जल्द-पूरा करने की राह पर हैं, हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे हैं। अगले दो से तीन हफ्तों में, हम उन्हें वापस उसी पाषाण युग में धकेल देंगे, जहां उनकी असली जगह है। वहीं ट्रम्प ने बुधवार को ईरान पर अगले दो से तीन हफ्तों में हमले तेज करने और उसे 'पाषाण युग' में पहुंचाने की धमकी दी। ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि मैं आज रात कह सकता हूं कि हम अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्यों को जल्द ही, बहुत जल्द पूरा करने की राह पर हैं, हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे हैं। अगले दो से तीन हफ्तों में, हम उन्हें वापस पाषाण युग में पहुंचा देंगे, जहां उनकी असली जगह है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को पश्चिम एशिया से तेल की जरूरत नहीं है, लेकिन वह अपने सहयोगियों का समर्थन करने के लिए इस क्षेत्र में बना हुआ है। उन्होंने कहा ष्अब हम पश्चिम एशिया से पूरी तरह स्वतंत्र हैं, और फिर भी हम वहां मदद के लिए मौजूद हैं। हमें वहां रहने की जरूरत नहीं है। हमें उनके तेल की जरूरत नहीं है। हमें उनके पास मौजूद किसी भी चीज की जरूरत नहीं है, लेकिन हम अपने सहयोगियों की मदद के लिए वहां हैं।

**■ हम व्यवस्थित रूप से उस शासन की अमेरिका को धमकाने या अपनी सीमाओं के बाहर अपनी ताकत दिखाने की क्षमता को खत्म कर रहे हैं: ट्रम्प**



# अमेरिका ने जमीनी हमला किया तो कोई जिंदा नहीं बचेगा: ईरान

## सैन्य मुख्यालय को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश

**तेहरान/वॉशिंगटन।**

अमेरिका-इजरायल के हमलों के 34वें दिन ईरान ने संभावित जमीनी अभियान को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सेना ने जमीनी हमला करने की कोशिश की तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा।

ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सशस्त्र बलों के प्रमुख आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश दिए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी इरना द्वारा जारी वीडियो में हतामी ने कहा कि यदि दुश्मन जमीनी कार्रवाई करता है तो 'एक भी व्यक्ति को जीवित नहीं बचना चाहिए।

यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ तीन से चार सप्ताह तक चलने वाले तीव्र सैन्य अभियान की घोषणा की है और दावा किया है कि अमेरिका ईरान की सैन्य क्षमता को काफी हद तक नष्ट कर चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने युद्धविराम की मांग की है, जिसे तेहरान ने तुरंत खारिज कर दिया। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि ईरान की जनता का अमेरिका, यूरोप या पड़ोसी देशों से कोई बैर नहीं है और अमेरिकी नागरिकों से अपील की कि वे युद्ध जारी रखने के पीछे ट्रम्प के उद्देश्यों पर सवाल उठाएं। वहीं विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से संदेश मिलने के बावजूद बातचीत को लेकर भरोसा 'शून्य' बना हुआ है। इस बीच, पूर्व विदेश मंत्री कमाल खर्राजी तेहरान स्थित अपने आवास पर हुए हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह अमेरिका के साथ पाकिस्तान बैक-चैनल वार्ता की कोशिशों में शामिल थे। खाड़ी क्षेत्र में भी तनाव बढ़ गया है। संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान द्वारा दागी जा रही मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने की बात कही है, जबकि कतर के दोहा तट के पास एक टैंकर पर हमले में नुकसान हुआ, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। इजरायल में भी ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलों को रोके जाने की खबर है, जबकि तेल अवीव के पास 11 वर्षीय बच्ची सहित 14 लोग घायल हुए हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू के आकलन के अनुरूप ट्रम्प द्वारा दिए गए समय संकेतों से यह संभावना जताई जा रही है कि संघर्ष आने वाले हफ्तों में निर्णायक मोड़ पर पहुंच सकता है। वहीं, क्षेत्रीय तनाव के बीच लेबनान और इराक में भी हमलों की खबरें हैं, जिनमें हिज्बुल्लाह के एक वरिष्ठ कमांडर सहित कई लोगों के मारे जाने की सूचना है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल और युद्ध को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस संघर्ष को लेकर गंभीर चिंता जता रहा है।



**■ ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं**
**■ आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश दिए**

## ईरानी सुप्रीम लीडर के सलाहकार अमेरिकी हमले में घायल

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी के तेहरान स्थित घर पर गुरुवार को अमेरिका ने हमला किया। इसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई और खराजी को गंभीर हालात में हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। खराजी अभी ईरान की स्ट्रैटेजिक फारेन रिलेशंस काउंसिल के चेयरमैन हैं। यह संस्था सीधो देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है और विदेश नीति से जुड़े बड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाती है। खबरों में बताया गया है कि खराजी हाल के दिनों में पाकिस्तान के साथ सीजफायर वार्ता को लेकर बैकचैनल से संपर्क में थे। हालांकि, इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले खराजी ने संकेत दिया था कि ईरान इनडायरेक्ट बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। हालांकि उन्होंने एक इंटरव्यू में यह भी कहा था कि अमेरिका के साथ कूटनीति के लिए फिलहाल कोई जगह नहीं है।

**■ पत्नी की मौत, दावा: पाकिस्तान उनके जरिए ही ईरान से सीजफायर वार्ता कर रहा था**

## अमेरिका ने वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति पर लगे प्रतिबंध हटाए

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज पर लगे प्रतिबंधा हटा दिए हैं। यह जानकारी अमेरिकी वित्त विभाग की वेबसाइट पर जारी एक अपडेट के अनुसार है। अमेरिकी वित्त मंत्रलय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने बुधावार (स्थानीय समय) को कहा कि रोड्रिगेज को प्रतिबंधा सूची से हटा दिया गया है। वहीं, शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, इस निर्णय के बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी गई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक्स एक पोस्ट में, रोड्रिगेज ने इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने इसे द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि आर्थिक विकास और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वेनेजुएला पर लगे अतिरिक्त प्रतिबंधा हटाए जा सकते हैं। उन्होंने पोस्ट किया कि राष्ट्रपति ट्रंप का निर्णय हमारे देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि यह प्रगति और दृढ़ संकल्प हमारे देश पर लगे अतिरिक्त सक्रिय प्रतिबंधों को हटाने की ओर ले जाएगा।

# 1972 के बाद पहली बार चांद के करीब पहुंचेंगे इंसान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने आज 2 अप्रैल को 'आर्टेमिस-2' मिशन लॉन्च किया। सुबह 4:05 बजे 'स्पेस लॉन्च सिस्टम' (एसएलएस) ओरियन स्पेसक्राफ्ट में 4 अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर चांद की ओर रवाना हुआ। फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से ये लान्चिंग हुई। साल 1972 में 'अपोलो-17' के बाद यह पहला मौका है जब कोई इंसान पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) को पार कर चांद के करीब पहुंचेगा। चारों यात्री स्पेसक्राफ्ट से चांद के चारों ओर चक्कर लगाएंगे और फिर धरती पर लौटेंगे।

यह मिशन 10 दिन का है। जैसे ही यह ऐतिहासिक नजारा सामने आया, वहां मौजूद भीड़ खुशी से झूम उठी। लोगों के चेहरों पर जीत की मुस्कान और इस अद्भुत पल को देखने की हैरानी साफ झलक रही थी। टेक-ऑफ से ठीक एक घंटा पहले 'लॉन्च अबार्ट सिस्टम' में कुछ ऐसी दिक्कतें आईं, जिनसे लान्चिंग पर खतरा मंडराने लगा था। यह राकेट का वो 'इमरजेंसी एग्जिट' है, जो खराबी आने पर एस्ट्रोनाट्स वाले हिस्से को तुरंत राकेट से अलग कर देता है। हालांकि इंजीनियरों ने इस समस्या को तेजी से सुलझा लिया। फिर सेफ्टी चेक के लिए काउंटडाउन घड़ी को 10 मिनट पर रोक दिया गया। इसके बाद राकेट के अलग-अलग जरूरी सिस्टम्स की जिम्मेदारी संभाल रहे इंजीनियरों की 'ओके' रिपोर्ट आई। फिर क्रू को संदेश मिला-आर्टेमिस ।।, मैं लॉन्च डायरेक्टर बोल रहा हूं, आप उड़ान के लिए तैयार हैं। कमांडर रीड वाइजमैन ने जवाब दिया, हम पूरी मानवता की खातिर जा रहे हैं। इसके तुरंत बाद चार आरएस-25 इंजन और दो राकेट बूस्टर चालू हुए और एस्ट्रोनाट रवाना हो गए। काम्प्युकेशन इश्यू: उड़ान के करीब 51 मिनट बाद जब सैटेलाइट्स का हैंडओवर हो रहा था, तब ओरियन कैप्सूल का संपर्क कुछ देर के लिए टूट गया था। नासा के चीफ जेरेड इसाकमैन ने बताया कि मिशन कंट्रोल की आवाज तो क्रू को सुनाई दे रही थी, लेकिन क्रू का जवाब नीचे नहीं पहुंच पा रहा था। हालांकि, अब इस समस्या को सुलझा लिया गया है और सिस्टम सही काम कर रहा है। लॉन्च के कुछ ही देर बाद ओरियन कैप्सूल का इकलौता टायलेट खराब हो गया था। एस्ट्रोनाट क्रिस्टीना कोच ने मिशन कंट्रोल की मदद से इसे ठीक कर दिया। बिना टायलेट के यह 10 दिन का सफर काटना बहुत मुश्किल हो जाता।




**■ 10 दिन में चंद्रमा का चक्कर काटकर लौटेंगे चार अंतरिक्ष यात्री नासा का आर्टेमिस-II मिशन लॉन्च**

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
M: 9897190592
फीस 100/- रूपये मात्र
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पता: चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662



अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108



श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN
M.Sc (Phy.), B.Ed.